रांची
मंगलवार
06.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-214 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

दुनिया में सबसे कीमती चीज सिर्फ और सिर्फ समय है, क्योंकि हम इसे अगर एक बार गवां दें तो दोबारा हासिल नहीं कर सकते।

## न्यूज गैलरी

### सीएम को अनुबंधित डीआरडीए कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड राज्य जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सेवा संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि लगभग 300 पदाधिकारी और कर्मचारी पिछले दस वर्षों से ज्यादा समय से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) में अनुबंध पर लगातार कार्य कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी की सेवा के नियमितीकरण अथवा अन्य विभागों-कार्यालयों में समायोजन किया जाये। उन्होंने पिछले 10 माह से मानदेय का भुगतान लंबित रहने समेत अन्य समस्याओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से इन समस्याओं के निराकरण की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर जायज और यथोचित कार्रवाई की जायेगी। मौके पर विधायक बसंत सोरेन भी मौजूद थे।

### भारतीय मूल के ऋषि सुनक की हार, लिज ट्रस बनेंगी ब्रिटेन की प्रधानमंत्री



**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों ने भारतीय मूल के ऋषि सुनक को खासा झटका दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का स्थान लेने के लिए हुए चुनाव में ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने सुनक को हरा दिया है। अब लिज ट्रस ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनेंगी। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी का नया नेता चुनने की दौड़ में बचे पूर्व वित्त मंत्री व भारतीय मूल के ऋषि सुनक और वर्तमान विदेश मंत्री लिज ट्रस के बीच मुकाबला था। ब्रिटेन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के एक लाख साठ हजार मतदाताओं में से 57 प्रतिशत ने लिज ट्रस को समर्थन दिया। 43 प्रतिशत लोग ऋषि सुनक के साथ थे। इससे यह भी स्पष्ट है कि ऋषि सुनक ने इस चुनाव में कड़ी टक्कर दी।

### लूटपाट करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

रांची पुलिस ने सिल्ली के सुंडील गांव के पास हथियार के बल पर युवक से लूटपाट करने के मामले का खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। गिरफ्तार अपराधी का नाम सोनू अंसारी है और वह रामगढ़ के मांडू इलाके का रहने वाला है। पूरे मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते 28 मई को बेटी की मुंहजुट्टी का कार्ड बांट कर लौट रहे विमल चंद महतो से अपराधियों ने हथियार के बल पर सुंडील गांव के समीप मोबाइल, हेलमेट व बाइक लूट लिया था। इस मामले में सिल्ली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच की। तफ्दीद में पता चला कि रामगढ़ के अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

# विधानसभा में हेमंत सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

## विश्वास मत के पक्ष में 48 वोट पड़े, विपक्षी सदस्यों ने किया सदन का बहिष्कार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया। सदन में विश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के बाद मत विभाजन में

- सीएम हेमंत ने कहा - 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति निर्धारण, फैसला जल्द
- केंद्र की एनडीए सरकार पर जम कर बरसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन
- कैशकांड में गिरफ्तार कांग्रेस के तीन विधायक नहीं पहुंचे विस
- भाजपा, आजसू और दो निर्दलीय विधायकों ने किया बहिष्कार

हेमंत सोरेन सरकार के पक्ष में 48 मत मिले जबकि विपक्ष में कोई मत प्राप्त नहीं हुआ। 82 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में बहुमत के लिए 42 विधायकों की आवश्यकता होती है और हेमंत सरकार ने 48 मत हासिल कर सदन में अपनी मजबूती दिखायी। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन में हेमंत सोरेन सरकार के विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 48 मत और विपक्ष में शून्य मत मिलने की घोषणा की।

भाजपा विधायकों ने मतदान के समय सदन का बहिर्गमन किया। विश्वास मत प्रस्ताव पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार 1932 खतियान के आधार पर स्थानीयता निर्धारित करने पर जल्द फैसला लेगी। झारखंड विधानसभा में सोमवार को करीब डेढ़ घंटे तक चली बहस के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी और केंद्र की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। अंत में विश्वास मत के पक्ष में 48 वोट सदस्यों ने मतदान किया। जबकि विपक्षी विधायकों ने बहस में जरूर हिस्सा लिया, लेकिन मतदान का बहिष्कार किया। कैशकांड में गिरफ्तार कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप विधानसभा नहीं पहुंचे। जबकि भाजपा के 26, आजसू पार्टी के दो और दो निर्दलीय विधायकों ने वोटिंग का बहिष्कार किया।



### झामुमो के 30 में से 29 विधायकों ने किया वोट

**विश्वास** मत के पक्ष में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 30 में से 29 विधायकों ने मतदान किया जबकि जेएमएम के रबींद्रनाथ महतो स्पीकर हैं, इस कारण उन्होंने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इसके अलावा कांग्रेस के 18 में से 15, राजद के एक, भाकपा माले के एक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एक और एक मनोनीत विधायक ने मतदान किया। इस तरह से विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 48 और विरोध में शून्य मत पड़े। सभी विपक्षी सदस्यों ने मतदान का बहिष्कार किया, वोटिंग होने के पहले ही सदन से बाहर चले गये।

## राजनीतिक सौदागरों ने भ्रम की स्थिति उत्पन्न की, विश्वास मत का प्रस्ताव जरूरी था : स्पीकर



**रांची।** झारखंड के लिए सोमवार का दिन बेहद ही खास रहा। विधानसभा में सीएम हेमंत सोरेन द्वारा पेश विश्वास मत हासिल करने के प्रस्ताव पर सदन ने मुहर लगायी। विश्वास मत हासिल करने के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद विधानसभा से बाहर निकले के बाद स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने पत्रकारों से बातचीत की। स्पीकार ने कहा कि विश्वास मत हासिल करने की बहुत जरूरत थी, जिस तरह से राजनीतिक सौदागार और कुछ बुद्धिमान व्यक्तियों ने राज्य में भ्रम की स्थिति उत्पन्न की थी, वैसी स्थिति में विश्वास मत हासिल करने की बहुत जरुरत है। लोगों में यह संशय की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी, सरकार के पास बहुमत है या नहीं है, इसलिए सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया गया।

## सीएम ने शक्ति परीक्षण के माध्यम से यूपीए की एकजुटता का दिया संदेश, कहा – व्यापारियों के जमात ने पूरे देश को अस्त-व्यस्त कर दिया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार ने शक्ति परीक्षण के माध्यम से अपनी सरकार के स्पष्ट बहुमत रहने और यूपीए में एकजुटता का संदेश देने में सफलता हासिल की। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अबतक उन्होंने कपड़ा, सब्जी और राशन खरीदने की बात सुनी थी, लेकिन बीजेपी द्वारा विधायकों को खरीदने का काम किया जा रहा है। व्यापारियों के जमात ने पूरे देश को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सीएम हेमंत सोरेन ने विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राज्यपाल से मामले का पटाक्षेप करने का आग्रह करते हुए कहा कि यूपीए गठबंधन हर परिस्थिति में मुंहतोड़ और कानूनी जवाब देने के लिए तैयार है। हेमंत सोरेन ने



कहा है कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में यूपीए को स्पष्ट बहुमत मिला है, लेकिन इसके बावजूद अभी विश्वास मत प्रस्ताव हासिल करने की आवश्यकता इसलिए पड़ी ताकि देश और पूरे राज्य की जनता को सारी बातों की जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कोरोना वैश्विक महामारी में भी सरकार ने मुंहतोड़ जवाब दिया और झारखंड जैसे पिछड़े राज्यों को संभालने का काम किया, उस परिस्थिति में यदि विपक्षी दलों की सरकार होती, तो गरीब और आदिवासियों एवं मजदूरों का क्या होगा, यह कहना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता आज जरूर कहते हैं कि हवाई चप्पल पहननेवाले लोग हवाई जहाज पर चलेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि इन गरीबों को सड़कों पर चलने लायक नहीं छोड़ा गया है। देश आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन बीजेपी वालों ने झंडा बेचने का काम किया। देश के लोकतंत्र को बेचने का प्रयायस किया गया। ये सिर्फ व्यापारियों की मदद रहे हैं, अपने करीबी चंद व्यापारियों की मदद की जा रही है, देश को गिरवी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## विधायक सरयू राय व मंत्री बन्ना गुप्ता में नोक-झोंक

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय विश्वास मत के दौरान चर्चा में बोल रहे थे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने उन्हें टोक दिया। बन्ना गुप्ता के टोके जाने पर सरयू राय बिफर पड़े। बन्ना गुप्ता की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप भ्रष्ट मंत्री हैं, मनमानी करते हैं और मुख्यमंत्री आपको बर्दाश्त करते हैं। आप अनियमितता करते हैं। सरयू राय ने कहा कि मैं मंत्रियों के भ्रष्टाचार का प्रमाण दे रहा हूं, लेकिन सीएम कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं, उसमें भी कई नाम आये हैं। सरकार इन चीजों को स्पष्ट करे। सरयू राय ने कहा कि सरकार के पास अपार बहुमत है। लोकतांत्रिक सरकारों को गिराने का प्रयास नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के तीन विधायक कोलकाता में हैं, उनके चलते अविश्वास पैदा हुआ, ये संख्या 3 से 13 भी हो सकती है। सरयू राय ने सवाल उठाया कि सरकार के अधिकारी सदन में झूठा जवाब देते हैं। सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती। सरयू राय ने सवाल उठाया कि सरकार को अपने ही विधायकों पर विश्वास नहीं है।

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा- बयान को प्रोसिडिंग से हटायें

**विधायक** सरयू राय के वक्तव्य के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि सरयू राय के द्वारा उनके खिलाफ जो बातें कहीं गयी हैं, उसे प्रोसिडिंग से हटाया जाये। बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय उनके खिलाफ प्रमाण दें वरना उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि, स्पीकर की ओर से विधायक सरयू राय के बयान को प्रोसिडिंग से हटाने के लिए कोई निर्देश नहीं दिया गया।





## भाजपा विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर किया प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विस्तारित मॉनसून सत्र की एकदिवसीय बैठक शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सदन के गेट के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा ने सरकार पर मुस्लिम तुष्टीकरण करने का आरोप लगाया है। साथ ही भाजपा अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने, पांडू के महादलित परिवारों को उजाड़ने वालों को कड़ी सजा देने और सीएम हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि फ्लोर टेस्ट की जरूरत नहीं थी। न भाजपा ने, न गवर्नर ने, न हाईकोर्ट और न सुप्रीम कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट की मांग की थी। सरकार अपने पाप से पर्दा हटाने के लिए यह सब कर रही है। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर भाजपा को भी समय मिले। अगर सिर्फ मुख्यमंत्री बोलेंगे और हमें बोलने का मौका नहीं मिला तो सदन नहीं चलने देंगे।

## ग्राम प्रधान समेत तीन की हत्या मामले का खुलासा, आरोपी भतीजा समेत पांच गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र के मदहातु कोदेलेबे के ग्रामप्रधान समेत ट्रिपल मर्डर मामले का खूंटी पुलिस ने खुलासा कर लिया है। मामले में पुलिस ने मदहातु कोदेलेबे के ही पांच हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। खूंटी एसपी अमन कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि ट्रिपल मर्डर के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए खूंटी डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में अड़की, मुरहू और सायको थाना प्रभारी की टीम बनाकर स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया था। अड़की थाना में दो सितम्बर को मृतक ग्रामप्रधान की पत्नी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के बाद एसआईटी की टीम गहनता से मामले के उद्भेदन में जुट



गयी। खूंटी पुलिस जैसे ही गांव में शव बरामद करने पहुंची तो पूरे गांव के पुरुष सदस्य गांव छोड़ कर फरार हो गये थे। बावजूद खूंटी पुलिस ने हत्या में शामिल ग्रामप्रधान का भतीजा सिंगराय हरीबीना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस विभिन्न संदिग्ध इलाकों में अभियान चला रही है। पुलिस द्वारा पूछताछ में हत्यारोपियों ने बताया कि उसका चाचा अर्थात ग्रामप्रधान लगातार गांव में भाकपा माओवादियों को बुलाता था और नक्सली गतिविधियों में शामिल होता था। गांव में नक्सली आते थे और ग्रामीणों को धमकी देते थे तथा मारपीट भी किया करते थे। पूर्व में ग्राम प्रधान जेल भी जा चुका है। साथ ही मृतक ग्राम प्रधान का भतीजा अपने चाचा को ग्राम प्रधान बनाये जाने से नाराज था। उग्रवादी गतिविधियों में शामिल होना, ग्रामीणों को धमकी देना, मारपीट करना और ग्राम प्रधान की कुर्सी हथियाने के कारण ग्राम प्रधान के भतीजे ने गांव के ही युवकों के साथ मिलकर हत्या की योजना बनायी और लाठी-डंडे एवम धारदार पारंपरिक हथियार से वार कर हत्या की घटना को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## मेरी पीएम बनने की कोई इच्छा नहीं, यदि विपक्ष एकजुट होगा, तो अच्छा माहौल बनेगा : नीतीश

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मेरी प्रधानमंत्री बनने की कोई इच्छा या आकांक्षा नहीं है। यदि विपक्ष एकजुट होगा, तो अच्छा माहौल बनेगा। इससे पहले नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव से पटना में उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी भी मौजूद थे। इस बारे में उन्होंने कहा कि मैंने लालू यादव से बात की, मैं दिल्ली जाऊंगा, जहां मैं राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मिलूंगा और शाम को राहुल गांधी से भी मिलूंगा। फिलहाल जो कार्यक्रम है उसके अनुसार नीतीश कुमार सात सितम्बर तक दिल्ली में रहेंगे और इस दौरान विपक्ष के कई नेताओं से मुलाकात करेंगे। कहा जाता है कि नीतीश 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष को एक मंच पर लाने की कोशिश करेंगे।

## कांग्रेस विधायकों को कोलकाता हाईकोर्ट ने झारखंड आने की सशर्त अनुमति दी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हावड़ा कैशकांड में पकड़े गये झारखंड के विधायकों को कोलकाता हाईकोर्ट ने सशर्त झारखंड आने की अनुमति दे दी है। हालांकि, उन्हें 24 घंटे में कोलकाता लौटना होगा। इससे पहले सीआईडी जांच में सहयोग के लिए कोलकाता में रह रहे विधायकों ने हाईकोर्ट से विधायी कार्यों और विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल होने के लिए झारखंड जाने की अनुमति मांगी थी। गौरतलब है कि झारखंड कांग्रेस के तत्कालीन विधायक इरफान अंसारी समेत तीन विधायक हावड़ा कैशकांड में जमानत पर हैं, लेकिन हाईकोर्ट ने उन्हें तीन महीने तक कोलकाता में रहने की शर्त पर ही जमानत दी थी। इधर, पांच सितम्बर को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुला लिया गया। तीनों विधायक इसमें शामिल होना चाहते थे, इसके लिये सोमवार को उन्होंने वकील के माध्यम से कोलकाता हाईकोर्ट से अनुमति मांगी।

इस पर कोलकत्ता उच्च न्यायालय ने झारखंड के तीनों विधायकों को शर्तों के अधीन झारखंड आने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश (झारखंड के विधायकों पर उच्च न्यायालय) दिया। कोलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की खंडपीठ ने सोमवार को आदेश दिया कि विधानसभा के काम के लिए बुलाये जाने पर वे झारखंड जा सकते हैं। हालांकि, राज्य पुलिस को सूचित किया जाना चाहिए। काम हो जाने के बाद आपको 24 घंटे के अंदर कोलकाता लौटना होगा।

## चुनार व चोपन के बीच 2.7 किमी. लंबी मालगाड़ी 'पिनाका' दौड़ी

- सात इंजन 238 डिब्बों वाली है पिनाका
- झारखंड, कोलकाता तक कोयला सप्लाई में होगी सुविधा

- आरएनएम

**वाराणसी।** मिर्जापुर के चुनार और सोनभद्र के चोपन के बीच रेलवे ने सबसे लंबी मालगाड़ी दौड़ाकर यूपी के खाते में भी नया कीर्तिमान जोड़ दिया है। दोनों स्टेशनों के बीच सात इंजनों और 238 डिब्बों वाली 2.7 किलोमीटर लंबी मालगाड़ी दौड़ायी गयी। आमतौर पर मालगाड़ी के एक रेक में अधिकतम 60 तक डिब्बे होते हैं। उप्र में पहली बार 238 वैगन की ट्रेन चलायी गयी। इस ट्रेन को पिनाका नाम दिया गया। इसमें मुख्य इंजन के रूप में मल्टी यूनिट लोको को जोड़ा गया। ट्रेन में कुल सात इंजन लगाये गये। चुनार-चोपन रेल मार्ग पर पिनाका मालगाड़ी का परीक्षण सफल रहा। चार मालगाड़ियों को जोड़ कर सात इंजन और



238 डिब्बों वाली 2.7 किमी लंबी मालगाड़ी तैयार की गयी थी। पहली बार चुनार से यह मालगाड़ी शनिवार की शाम 18.20 पर चोपन के लिए रवाना की गयी। रात में 11.00 बजे चोपन पहुंच गयी।

### एक साथ चार मालगाड़ियों पर परिचालन

**चुनार** से चोपन के बीच की 130 किमी. दूरी को 4.40 घंटे में तय करने में सफल रही। इस मालगाड़ी की अधिकतम सौ किमी प्रति घंटे की रफ्तार तय की गयी है। रेलवे प्रशासन माल ढुलाई को गति देने के लिए एक साथ चार मालगाड़ियों का परिचालन करने में सफल हो गया है। इसी सिलसिले में शनिवार की शाम 6.20 बजे चुनार से चोपन के बीच उत्तर-मध्य रेलवे में पहली बार पिनाक मालगाड़ी का परिचालन किया गया।

**एक मालगाड़ी में अभी 60 तक बोगियां** : अभी तक 59 या 60 बोगी की एक मालगाड़ी से 5200 मीट्रिक टन कोयले की ढुलाई एक बार में होती थी। पिनाक मालगाड़ी का परिचालन शुरू कर दिये जाने पर बिजली घरों को एक साथ 20 हजार 800 मीट्रिक टन कोयला पहुंच जायेगा। रेलवे के सेंट्रल-मध्य जोन के बाद उत्तर मध्य रेलवे में सर्वाधिक मालगाड़ियों का परिचालन किया जाता है। कोयले की आपूर्ति राजस्थान व अन्य प्रांतों को होता है। बिजली उत्पादन केंद्र इस रूट पर है। चुनार, सक्तेशगढ़, लूसा, खैराही, राबर्टसगंज, चुर्क, अगोरी, चोपन, रेनूकूट होते हुए विंढमगंज से झारखंड में प्रवेश कर जायेगी। इससे अब कोयला पहुंचाने में मदद मिलेगी। चुनार जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि चार मालगाड़ियों को जोड़ कर सात इंजन और 238 बोगी की 2.7 ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## सड़क हादसों के लिए खराब प्रोजेक्ट रिपोर्ट है जिम्मेदार : नितिन गडकरी

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कुछ सड़क दुर्घटनाओं के लिए दोषपूर्ण परियोजना रिपोर्ट को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कंपनियों को राजमार्गों और अन्य सड़कों के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए सही ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि कंपनियों द्वारा तैयार कुछ डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बेहद खराब हैं और सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने डीपीआर



तैयार करनेवाली कंपनियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शुरूआत वहां से करो। अगर वो सुधरेंगे नहीं तो तुम्हारा पूरा सत्यानाश हो जायेगा। गडकरी ने कहा कि अकुशल चालक के हाथ में नयी मर्सिडीज कार भी समस्या खड़ी कर सकती है। गडकरी ने सड़क परियोजनाओं में देरी के कारणों की पहचान करने पर जोर दिया, क्योंकि देरी के कारण निर्माण की बढ़ती लागत भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में पूरे भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से ज्यादा लोगों की जान चली गयी- औसतन रोजाना 426 या हर एक घंटे में 18 - जो अब तक किसी भी कैलेंडर वर्ष में दर्ज की गयी सबसे ज्यादा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### विशेष सत्र पर तंज, खोदा पहाड़ निकली चुहिया : दीपक प्रकाश

रांची। विश्वास मत के लिए विधानसभा की विशेष सत्र आहूत करने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस सत्र को लेकर जिस प्रकार वातावरण बनाया गया मानो हेमंत सरकार सत्र बुलाकर कोई बड़ा निर्णय लेने जा रही है। जनता को उम्मीद थी कि सुखाड़ पर किसानों को बड़ी राहत देने, खतियान आधारित स्थानीय नीति पर, महिलाओं पर बढ़ते अपराध एवं ओबीसी, एसटी और एससी आरक्षण में बढ़ोतरी का प्रस्ताव को लेकर सदन में गंभीर चर्चा होगी और कुछ पर मुहर भी लगेगी। परंतु आज का यह विशेष सत्र खोदा पहाड़ और निकली चुहिया की कहावत चरितार्थ करता नजर आया। दीपक प्रकाश ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा में खुद के लिए खुद के द्वारा लाए गए खुद के विधायकों से विश्वासमत लिया। झारखंड सरकार ने विधायकों का विश्वास तो हासिल किया, लेकिन झारखंड की जनता का विश्वास खो दिया। विधान सभा में हेमंत सोरेन द्वारा भाजपा के द्वारा तिरंगा बेचने की टिप्पणी पर प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि झारखंड की अस्मिता का सौदा करने वाले तिरंगे झंडे का मोल क्या समझेंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में हमारे तिरंगे को लेकर जो बयान दिया है वह झारखंड ही नहीं पूरे देश को शर्मसार करने वाला है।

### वाईबीएन यूनिवर्सिटी में धूम धाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



नामकुम। शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को वाईबीएन यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ पैरामेडिकल द्वारा शिक्षक दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर वाईबीएन यूनिवर्सिटी के सीईओ, वीसी, रजिस्ट्रार, डीन एकेडमिक, प्रॉक्टर, एग्जाम कंट्रोलर डीन एवं यूनिवर्सिटी के सभी प्रिंसिपल और एचओडी मौजूद थे। मौके पर बोलते हुए वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चांसलर बैजनाथ यादव ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व संस्थान में सबसे उंचा है। वहीं विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव ने बच्चों को अगर कुछ सीखना है, अगर आगे बढ़ना है तो गुरु का कहना मानना होगा उनका अनुसरण करना होगा। क्योंकि वही तो है जो तुम्हें तराश कर एक अच्छा इंसान बनाने के लिए प्रयासरत है ताकि तुम्हारे आने वाले जीवन सुख में हो सके। इस मौके पर कॉलेज के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### नामकुम प्रखण्ड परिसर में मनाया करमा पर्व महोत्सव



नामकुम। नामकुम प्रखण्ड परिसर में करमा पूर्व संध्या महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी सहित पंचायत के विभिन्न जनप्रतिनिधियों हिस्सा लेते हुए धुम-धाम के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा पर बिरसा पाहन द्वारा पूजा किया किया एवं करमा पाहन द्वारा करमा पूजा का कहानी सुनाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खिजरी विधायक की पत्नी रिया तिर्की, बीडीओ ज्ञान शंकर जयसवाल, पूर्व विधायक की सीता लकड़ा, जिप सदस्य रामवतार केरकेट्टा, प्रदीप तिर्की, माधो कच्छप, कल्याण लिंडा, प्रदीप तिर्की, मंगरा कच्छप, रोस लकड़ा, अनिता लिंडा, चंद्रावती देवी, जीता कच्छप, नान्हे कच्छप,रोजलिन मिंज, सरिता देवी मुख्य से उपस्थित।

# सरकार का अपने विधायकों पर विश्वास नहीं : नीलकंठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में हेमंत सोरेन सरकार ने सोमवार को विश्वास प्रस्ताव पर पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। प्रस्ताव के समर्थन में झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू, कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह, झाविमो के प्रदीप यादव और माले के विनोद सिंह ने अपना पक्ष रखा। वहीं, इस प्रस्ताव के खिलाफ भाजपा के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, आजसू के सुदेश महतो और निर्दलीय विधायक सरयू ने अपनी बात रखी।

भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि झारखंड सरकार को अपने विधायकों पर ही विश्वास नहीं है, इसलिए विश्वास प्रस्ताव लाया गया है। अविश्वास प्रस्ताव न सुप्रीम कोर्ट, न कोर्ट, न राज्यपाल और न ही विपक्ष ने लाने की मांग की, बावजूद इसके सरकार अपने अंदर के डर को बाहर निकाल रही है। जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि खूंटी के लतरातु को विकसित किया जा रहा है। जिस दिन मुख्यमंत्री समेत महागठबंधन के विधायक वहां गए थे, नौका विहार कर रहे थे, वहीं रिम्स में दुमका की बेटी मृत्यु की शैय्या में लेटी थी। ऐसे में मुख्यमंत्री सीटी बजा रहे थे। राज्य ही नहीं देश के लोगों ने इसे देखा है। झारखंड की इससे बदनामी हुई है। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि झारखंड की सरकार इतनी मजबूर है कि कभी डुमरगढ़ी तो कभी रायपुर तो कभी सर्किट हाउस में ठिकाना बना रही है। बस से हवाई जहाज तक का सफर तय किया जा रहा है। झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि केंद्र सरकार अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है। परदे के पीछे बैठकर राज्य सरकार को अस्थिर कर रही है और मुख्यमंत्री को अपदस्त करना चाह रहे हैं। ये लोग बहेलिया बन कर आ रहे हैं। उन्हें आदिवासी मुख्यमंत्री उन्हें पच नहीं रहा है। जनता देख रही है। झारखंड हित में काम करने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक झारखंड में हेमंत हैं तो हिम्मत है का नारा था, लेकिन अब यह बदल गया है। अब हेमंत हैं तो विश्वास है का नारा चलेगा। उन्होंने कहा कि विश्वास प्रस्ताव पर सवाल उठाने वाले, जनादेश का अपमान करने वाले, एमपी-कर्नाटक-महाराष्ट्र में सरकार गिराने वाले लोग लोकतंत्र की बात करते हैं तो यह शर्मनाक है। भाजपा का इतिहास ही नहीं है। झारखंड अपनी जीवन शैली में बाहरी का नहीं चलेगा। अंग्रेजों के जो मुखबीर थे वे चेहरा बदलकर बैठे हैं। आजादी के पहले अंग्रेजों के और झारखंड बनने के बाद 21 वर्ष इन्हीं के कब्जे में है। सुदिव्य सोनू ने कहा कि भाजपा धर्म की आड़ में झारखंडियों का शोषण कर रही है। झारखंडियों की एक ही पहचान, 1932 का खतियान है। 1985 की स्थानीयता से झारखंड के लोगों को नौकरी नहीं मिलेगी। सरकार 1932 की स्थानीयता लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाए।

## विधायकों के चेहरे में नहीं दिख रहा आत्मविश्वास : सुदेश महतो

आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि विश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया के तहत नहीं लाया गया है। विपक्ष ने भी नहीं मांगा, लेकिन यह अपने विधायकों पर विश्वास जताने के लिए प्रस्ताव लाया गया है। सरकार के पास पर्याप्त संख्या तो है, लेकिन विधायकों के चेहरे पर आत्मविश्वास नहीं दिख रहा है। सरकार जब बनी थी तब जो आत्मविश्वास था, वह नहीं दिख रहा है। चेहरे मुरझाए हुए हैं। विश्वास की जगह अविश्वास दिख रहा है। विधायकों पर भरोसा होता तो अपने राज्य के बाहर विश्वास जताने के लिए नहीं ले जाना जाता। वह भी जब राज्य में अपनी सरकार है तब। विधानसभा के अंदर भी सत्ता पक्ष के सदस्य बैकडोर से अंदर आए हैं। वे सीएम दरवाजे से अंदर आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में हड़बड़ी दिख रही है। राज्य के कई मूल मुद्दे हैं। सदन में लॉ एंड ऑर्डर, स्थानीयता-नियोजन नीति, आरक्षण, जातिगत जनगणना पर प्रस्ताव लाते तो और बेहतर था।

# विधानसभा सत्र में सरयू राय का जातिवादी पिछड़ा विरोधी आचरण उजागर हुआ : राजेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सोमवार को झारखंड विधानसभा के एकदिवसीय विधानसभा सत्र में निर्दलीय विधायक सरयू राय का जातिवादी, पिछड़ा विरोधी आचरण उजागर हुआ और ओबीसी समुदाय को अपमानित करने का काम किया है। सरजू राय सदन में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर लगाए गए भ्रष्टाचारी आरोप को साबित करें या अपना शब्द वापस ले और माफी मांगे। नहीं तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय ने आज विधानसभा में मंत्री बन्ना गुप्ता को भ्रष्ट मंत्री कहा। जबकि मंत्री के ऊपर कोई भ्रष्टाचार का आरोप या कोई प्राथमिकी भी दर्ज नहीं हुआ है। बावजूद उन्हें भ्रष्टाचारी सदन में कहना घोर निंदनीय है। जबकि खुद विधायक सरयू राय ने भ्रष्ट आचरण किया है। ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट रूल की अवहेलना कर सरकारी फाइल को चोरी से देखने का काम किया था और जो भ्रष्ट आचरण है। उसी फाइल को देखकर मंत्री के ऊपर अनर्गल आरोप पिछले दिनों लगाया गया था, इसी को मंत्री बन्ना गुप्ता ने डोरंडा थाना में सरयू राय के विरुद्ध मई माह में कांड संख्या 105/22 की प्राथमिकी दर्ज किया है। इससे कुपित होकर भ्रष्ट विधायक सरयू राय दूसरे को भ्रष्ट कहे यह राजनैतिक मानदंडों को ध्वस्त करने वाला है। श्री राय का विधानसभा में यह कृत्य भ्रष्ट, सामंतवादी और पिछड़ा विरोधी है। वरिष्ठ विधायक सरयू राय सिर्फ सुचिता का चादर ओढ़े हुए हैं।

# आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ बनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शिक्षक दिवस, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है।डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे। वे भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था। इस अवसर पर सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कविता पाठ की प्रस्तुति दी। विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि- हमें अपने जीवन में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को अपनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानाध्यापिका और शिक्षक- शिक्षिकाओं के संबंध को उजागर करते हुए बहुत ही सुंदर ढंग से उन्होंने कहा कि - मैं दियातो, आप सभी बाती, मैं गीत तो आप सुर हो, मैं श्वास तो, आप सभी धड़कन हो, मैं आचार्यकुलम तो, आप सभी पतंजलि हो। स्वामी दिव्य देव जी ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को आशीर्वाद देते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ बनने के लिए प्रेरित किए। आचार्यकुलम विद्यालय सभी विद्यालयों से अलग है। यह संस्थान अपनी वैदिक सभ्यता और संस्कृति के प्रति विशेष बल देता है। यहां के शिक्षक-शिक्षिकाएं श्रेष्ठ हैं। इस अवसर पर शिक्षक -शिक्षिकाओं को उपहार भी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी सदस्यों ने अहम भूमिका रही।

## भाजपा रांची जिला ग्रामीण द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया : सुरेंद्र कुमार महतो

रांची। कांके चौक पर मुख्यमंत्री के दिए गए बयान के विरुद्ध में भाजपा रांची जिला ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा जिस प्रकार मुख्यमंत्री के द्वारा अपने बयान से संवैधानिक सदन के गरिमा को अपमान एवं शर्मसार किया है यह झारखंड के इतिहास में लोकतंत्र के मंदिर को कलंकित करने जैसा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा रांची जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम साहू, विधायक प्रतिनिधि सह ग्रामीण मंत्री हरीनाथ साहू, नेहा सिंह, कुणाल शाहदेव, देवमीडिया प्रभारी राम कुमार दुबे, सुधाकर चौबे, सुरेंद्र तिवारी,सानू कुमार महतो, संजय साहू, नरेश साहू, प्रशांत बैठा, अशोक राम के अलावे दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# शिक्षा से शिक्षक और आम व्यक्ति को अंतिम मंजिल तक पहुंचाता है : नीलम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** डीएभी शिक्षा डीप कमड़े विद्यालय में निदेशक शिवनंदन पाठक के अध्यक्षता में धूमधाम से शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भारत के संरक्षक सह प्रसिद्ध एक्यूपंचर स्पाईन विशेषज्ञ डॉक्टर राजेंद्र कुमार हाजरा एवं विशिष्ट अतिथि महावीर मंडल के अनिल यादव, छात्र क्लब ग्रुप के संस्थापक शिव किशोर शर्मा, संरक्षक सतीश सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम की शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित, केक काटकर एवं सरस्वती वंदना से हुई। शिक्षिका रीमा सिंह एवं संगीता मैडम के निर्देशन में बच्चों ने गुरुजन के सम्मान में रंगारंग नृत्य गान प्रस्तुत किया। साथ ही देशबंधु आईटीआई के प्राचार्य अविनाश कुमार सिंह, कलावती कॉलेज ऑफ फामेर्सी एवं नर्सिंग स्कूल के विश्व दीपक पांडे,प्रभाष गौरव एवं कुणाल कौशल, डीएभी शिक्षा दीप के प्राचार्य अनिल कुमार राय, प्रशासनिक पदाधिकारी लाल मोहन पाठक एवं सभी गुरुजनों को तिलक लगाकर एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के संस्थापिका नीलम देवी ने कहा शिक्षक एवं आम व्यक्ति को अंतिम मंजिल तक पहुंचाता है और नए भारत के निर्माण में सहायक होता है। शिवनंदन पाठक ने कहा ज्ञान विद्या एक ऐसा इन्वेस्टमेंट है जो जीवन पर्यंत लाभ देता रहता है।

# समाज के निर्माता हैं गुरुजन : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय में अभिषेक शुक्ला एवम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में अभिषेक झा के नेतृत्व में शिक्षक दिवस के सुअवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य शिक्षको को पुष्पगुच्छ देकर शिक्षक दिवस की बधाई दिया एवम चरणस्पर्श कर सभी से आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा की गुरु शिष्य के बीच का बंधन भारत की सांस्कृतिक गठजोड़ आईना है। गुरु आदिकाल से ही पूजनीय रहें है। जीवन में माता-पिता व गुरुजनों का स्थान अभी कोई नहीं ले सकता क्योंकि ये तीनों मिलकर हमें ज्ञान का बोध कराते हैं। भारत में प्राचीन समय से ही ग्रुप व शिक्षा परंपरा चली आ रही हैं लेकिन जीने का असली सलीका हमें शिक्षक ही सिखाते हैं, सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। डीएसपीएमयू के अभिषेक झा ने कहा की शिक्षक समाज के निमार्ता हैं और समाज राष्ट्र का दर्पण है। आज हम समाज की जो भी सभ्य, सु झ्र संस्कृत, सुव्यवस्थित छवि देख पा रहें हैं, उसका श्रेय शिक्षकों को ही जाता है। हमारी हर उपलब्धि, हर विशेषता का उद्गम स्त्रोत पूज्य गुरूजनों के श्रीचरणों से ही है। इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि हम समाज में अपने गुरूजनों को उचित सम्मान और स्थान देने के लिए वचनबद्ध हों। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए पूरे भारत में शिक्षक दिवस 15 सितंबर को मनाया जाता है गुरु का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व होता है।

# एनएन घोष बीएड कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हर साल 5 सितंबर का दिन पूरे देश के लिए खास होता है. स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्ण की याद में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है. क्योंकि वह खुद शिक्षक रह चुके हैं। जब वे राष्ट्रपति बने तो उनके कुछ छात्रों और मित्रों ने इच्छा व्यक्त की कि हम उनका जन्मदिन मनाएं। यह सुनकर उन्हें खुशी हुई और उन्होंने उन लोगों की भावनाओं की सराहना की और उनसे कहा कि अगर आप लोग मेरा जन्मदिन मनाना चाहते हैं तो इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाएं, जन्मदिन के रूप में नहीं, जिससे मुझे बेहद खुशी होगी। शिक्षकों के प्रति उनका यह विचार दशार्ता है कि उन्हें अध्यापन से कितना लगाव था। इसी के तहत सोमवार को एन. एन. घोष सनातन बीएड कॉलेज जमुआरी कांके में शिक्षकों के लिए एक शानदार समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसएन पाठक समेत सभी शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एसएन पाठक, शिक्षक संतोष कुमार दुबे, अर्चना कुमारी, रीमा उपासना, गीता महाराज, कुमारी प्रियंका शर्मा, संतोष प्रसाद, रंजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में कई प्रशिक्षुओं ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की शिक्षक के बिना छात्रों की कोई भी कला पूरी नहीं होती है, शिक्षक के बिना जीवन एक अंधेरी रात की तरह होती है। इसी बीच प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हर इंसान के लिए है चाहे वह अमीर हो या गरीब, पुरुष हो या महिला सभी की मुख्य आवश्यकता है। शिक्षा के बिना, देश के विकास और समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती। शिक्षा एक राष्ट्र और समाज के विकास की गारंटी है। शिक्षा का कारण है राष्ट्र का विकास। उन्होंने आगे कहा कि एक शिक्षक की सबसे बड़ी खुशी उसके छात्रों की सफलता है। आपको कड़ी मेहनत करनी चाहिए ताकि सफलता आपके कदम चूम सके। इस के बाद छात्रों ने शिक्षकों को उपहार भेंट किए। सत्र 2021-2023 के छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## अभिहित अधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा
### (खाद्य सुरक्षा शाखा)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–126/खा0सु0, दिनांक–22.08.2022 के आलोक में सिमडेगा जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रकार के ठेलो/खोमचों/होटलों में आमजनों को पिलाये जा रहे जल की गुणवत्ता विश्लेषण प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है जिससे आमजन इस विषय से अवगत हो सके की खाद्य कारोबारियों के द्वारा लोगों को पिलाये जा रहे जल की गुणवत्ता सुरक्षित है। जानकारी के अभाव के कारण लोग दुषित पानी का सेवन करते है, जिससे आमजनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ सकता है, ऐसा देखा जाता है कि गोलगप्पा, समोसा, इत्यादि अधिक लोगों के द्वारा इसका सेवन किया जाता । ऐसे में प्रदूषित पानी को पीने या इससे खाद्य पदार्थ पकाने से जल जनित रोगों और संक्रमण से गंभीर बिमारियों की संभावना बढ़ जाती है। सड़क के किनारे, चौक चौराहो में खाद्य कारोबारियों के द्वारा उपयोग में लाये गये जल की गुणवत्ता की जांच कराना आवश्यक है, तथा दुषित जल के उपयोग पर अंकुश लगाना अनिवार्य है, "जल जीवन मिशन 2022" के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा जल गुणवता प्रमाण पत्र हेतु आमजनों के लिए उचित दर निर्धारित किया गया है। जिसमें खाद्य कारोबारी/खाद्य व्यवसायवेता यथा ठेला, खोमचा, होटल इत्यादि जो कारोबार कर अपना जीवन यापन करते है तथा जिनका वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से कम है वे अपने जल की गुणवत्ता जांच करा ले पेयजल जांच कराने हेतु आप आसानी से रियायती दर पर अपनी जल गुणवत्ता की जांच स्थानीय जल जांच प्रयोगशाला, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सामटोली, सिमडेगा में करा सकते है।

| क्र0सं0 | मानक | पैकेज लागत (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | गंध (Odor) | 200/– रूपये (सम्पूर्ण मानक जांच) |
| 2. | रंग (Color) | |
| 3. | पी0एच0 (PH value) | |
| 4. | पूर्णतः धुले हुए ठोस पदार्थ (TDS- Total Dissolved Solids) | |
| 5. | गंदगी (Turbidity) | |
| 6. | पूर्ण क्षारीयता (Total alkalinity) | |
| 7. | पूर्ण खारापन (Total hardness) | |
| 8. | अवशिष्ट क्लोरीन (Residual chlorine) | |
| 9. | पूर्ण आसैनिक (Total arsenic) | |
| 10. | फ्लोराइड (Fluoride) | |

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा।

अभिहित अधिकारी –सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.277149 District(22-23):D

## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी
### (विकास शाखा)

### इच्छा की अभिव्यक्ति

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत प्रखण्ड–खूँटी के बिरहू रूर्बन कलस्टर (पंचायत बिरहू एवंतिरला ) में बटन मशरूम बीज उत्पादन केन्द्र का अधिष्ठापन, बटन मशरूम उत्पादन एवं बटन मशरूम उत्पादन हेतु लाभुकों का प्रशिक्षण दिया जाना है। बटन मशरूम बीज उत्पादन केन्द्र का अधिष्ठापन एवं बटन मशरूम उत्पादन हेतु सुयोग्य अनुभवी गैर सरकारी संस्था/फर्म/को–ऑपरेटिव संस्थान/पंजीकृत एजेंसी से इच्छा की अभिय व्यक्ति (EOI) आमंत्रित किया जाता है। बटन मशरूम बीज उत्पादन केन्द्र का अधिष्ठापन, बटन मशरूम उत्पादन एवं बटन मशरूम उत्पादन हेतु लाभुकों का प्रशिक्षण संबंधित विवरणी निम्नवत् हैः–

| Sl. No. | Item | Unit | Specifications/ विवरणी | Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Development of Button Spawn Centre Setup | 1 Unit (Area-400 Sq. feet ) | Laminar flow | 1 |
| | | | B.O.D. Incubator | 1 |
| | | | Autoclave (Big Size) | 1 |
| | | | Pressure Cooker (22 Litre) | 1 |
| | | | LPG gas Cylinder | 1 |
| | | | Weighing Machine | 1 |
| | | | Working Table | 2 |
| | | | Rack | 3 |
| | | | Almirah | 3 |
| | | | Glassware & Chemicals | |
| | | | AC | 2 |
| | | | Develop Furnishing of Room for Spawn Lab | |
| | | | Honda Generator | 1 |
| 2 | Button Mushroom Production Centre | 4 Unit Setup | Per Unit of 100 Bags | |

उपरोक्त वर्णित योजना का क्रियान्वयन अनुभवी गैर सरकारी संस्था/फर्म/को–ऑपरेटिव संस्थान/पंजीकृत एजेंसी के माध्यम सेकरा योजाना है। इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/ पंजीकृत एजेंसी अपना प्रस्ताव मुहरबन्द लिफाफा में दिनांक 12.09.2022 के पूर्वाहन्–1:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, खूँटी में जमा कर सकते है। दिनांक 12.09.2022 समय 03.:00 बजे निविदा डी०आर०डी०ए०, खूँटी सभागार में खोली जायेगी।

अधिक जानकारी के लिए जिले के अधिकारिक वेबसाइट :–Khunti.nic.in अथवा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त, खूँटी।

PR 277123 (District) 22-23 (D)

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## जिला नियोजनालय, सिमडेगा।

### भर्ती कैम्प संबंधी सूचना

जिला नियोजनालय, सिमडेगा कार्यालय परिसर में दिनांक–08.09.2022 को सुबह 10.30 बजे से 4 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

| Sl. No. | Date of Recruitment Camp | Employer's Name | Name of the post | No. of Vacancies | Qualification | Experience if any | Salary | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 08.09.2022 | Ranchi Security Pvt. Ltd. | Mobile Assembly Operator | 1000 | 8th pas and above | fresher | 12000-15000 | 18-35 | - |
| | | | Field Officer/ Mobilizer | 25 | 12th pass | 1 Year | 10000-14000 | 18-35 | Men only |
| | | | Data Entry Operator | 25 | 12th pass | 1 Year | 8000-10000 | 18-35 | Men only |
| | | | Trainer | 05 | Graduation | 1 Year Teaching Exp. | 12000-15000 | 18-35 | - |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपनी सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी) दो पासपोर्ट साइज फॉटो के साथ सक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित हैं उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देश/SOP का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अतः सामाजिक दूरी का पालन फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लबस इत्यादि का उपयोग करना सभी सुनिश्चित करेंगे।

जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 277136 Labour Employment and Traning(22-23)D

## न्यूज गैलरी

### उपराष्ट्रपति से मिले सांसद संजय सेठ

रांची। सांसद संजय सेठ में नई दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान श्री सेठ की पत्नी श्रीमती नीता सेठ भी साथ थी। सांसद ने बताया कि उपराष्ट्रपति महोदय से उनकी शिष्टाचार और पारिवारिक मुलाकात थी। मुलाकात के क्रम में उपराष्ट्रपति ने रांची लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड के विषय में चर्चा की। राँची लोकसभा क्षेत्र को अपना आशीर्वाद दिया है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर श्री जगदीप धनखड़ जी का रांची लोकसभा क्षेत्र की जनता की तरफ से अभिनंदन किया और उन्हें रांची आने का निमंत्रण भी दिया। उपराष्ट्रपति ने सांसद को बताया कि बहुत जल्द ही आएंगे और रांची के क्षेत्र के लोगों से मिलेंगे।

### इमा कराटे खिलाड़ियों ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



रांची। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तत्वाधान में शिक्षक दिवस का आयोजन बहु बाजार स्थित इमा कराटे स्टूडियो में किया गया। कराटे खिलाड़ियों ने धूमधाम से इस कार्यक्रम को मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा, अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा, सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। खिलाड़ियों ने सम्मान स्वरूप कई पुरस्कार अपने कोच को दिए। इस अवसर पर डांस संगीत एवं कई तरह के गेम का आयोजन किया गया। रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को शिक्षक दिवस मनाये जाने के उद्देश्य की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से एक गुरु और शिष्य के बीच का रिश्ता होता है या सम्मान स्वरूप है ये एक कोच का अभिभावक का साथ ही एक दोस्त का रिश्ता होता है जो कि बहुत ही महत्वपूर्ण है। अध्यक्ष संसाई अनिल किस्पोट्टा ने कहा कि गुरु का स्थान जन्म देने वाले माता पिता से भी ऊपर रखा गया है जो कि सबसे बड़ा सम्मान है। इस अवसर पर राकेश तिर्की, कुंदन उराव,अजीत रोशन टेटे, श्वेता हेम्बरोम, रवि कुमार, स्वस्तिका तरफदार, एनी कोनगाड़ी, उमा शंकर महतो, दीपा विनीता लिंडा, निशा तिर्की आदि उपस्थित थे।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने स्वामी हरिन्द्रानंद जी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

रांची। शिव शिष्य परिवार के संस्थापक स्वामी हरिन्द्रानंद जी के निधन पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गहरा शोक प्रकट किया है। मंत्री ने धुर्वा स्थित उनके आवास जाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा स्वामी हरिन्द्रानंद जी के अनुयायी सिर्फ भारत में नहीं अपितु विदेशों में भी हैं। स्वामी जी एक परम शिव भक्त थे। शिवजी उन्हें अपने चरण में स्थान देंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। स्वामी जी के देहावसान के उपरांत उनके पार्थिव शरीर के दर्शन हेतु लोगों का तांता लगना इस बात का प्रमाण है। मंत्री ने स्वामी हरिन्द्रानंद जी के परिजनों तथा उनके भक्तों को इस कठिन समय से गुजरने के लिए साहस देने हेतु ईश्वर से कामना की।

### शिक्षक दिवस पर कौशालाचार्य सम्मान का आयोजन

रांची। सोमवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान, रांची द्वारा कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ सन्दर्भ व्यक्ति की भूमिका के लिए कौशलाचार्य सम्मान का आयोजन मुख्य केन्द्र पर किया गया। जिसमें कुल 60 की संख्या में प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रभारी निदेशक निखिलेश मैती ने प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिवस है। और एक शिक्षक विद्यार्थी को किस तरह से गढ़ सकता है, आगे बढ़ा सकता है, इसकी जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि घर में सबसे पहले बच्चे के लिए मां एक शिक्षक होती है। शिक्षक का प्रभाव बच्चे के मन में अमिट छाप छोड़ता है। जो आगे जाकर देश का भविष्य संवारते हैं।

5 से 11 सितंबर 2022 तक झारखंड डिजिटल वीक का हुआ आयोजन

# जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड डिजिटल वीक के तहत सोमवार को रांची जिला में डिजिटल वीक की शुरूआत हो गई। इस मौके पर समाहरणालय परिसर से जिला स्तर पर जागरूकता वाहन रवाना किया गया। अपर समाहर्ता रांची राजेश बरवार, स्टेट हेड सीएससी-एसपीवी शंभू कुमार, डीआईओ, रांची शिवचरण बनर्जी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को सीएससी के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं के बारे में जागरुक किया जायेगा। अपर समाहर्ता रांची राजेश बरवार ने कहा कि 5-11 सितंबर 2022 तक झारखंड डिजिटल वीक का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत डिजिटल इंडिया को



कनेक्ट करते हुए सीएससी पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी लोगों को देने के साथ-साथ उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में वाहन के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जायेगा। स्टेट हेड सीएससी-एसपीवी श्री शंभू कुमार ने कहा कि पूरे झारखंड में करीब 25 हजार सीएससी हैं और डिजिटल इंडिया के 500 से ज्यादा सर्विसेस सीएससी पर उपलब्ध हैं, जिसकी जानकारी लोगों को दी जायेगी। विभिन्न प्रखंड, पंचायत में लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ योजना के लाभ के लिए उनका निबंधन भी कराया जायेगा। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी

> सीएससी के माध्यम से उपलब्ध सेवाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इसके लिए जिला प्रशासन, सीएससी संचालक एवं डीजीईएस कार्यरत हैं।

शिवचरण बनर्जी ने कहा कि सीएससी के माध्यम से उपलब्ध सेवाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इसके लिए जिला प्रशासन, सीएससी संचालक एवं डीजीईएस कार्यरत हैं। उन्होंने जिला के सभी वीएलई को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सेवा पहुंचाने का कार्य करने को कहा। इस मौके पर स्टेट ऐजुकेशन हेड सीएससी अनुपम उपाध्याय, ईडीएम पीयूष जायसवाल, सीएससी मैनेजर चंदन कुमार, विवेकानंद पांडेय एवं अन्य उपस्थित थे।

गोमिया विधायक ने विधानसभा परिसर में अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

# लागू हो खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी की आरक्षण सीमा बढ़ाए सरकार : डॉ. लंबोदर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने आज झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र से पहले कुरमी/ कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने, 1932 खतियान के आधारित स्थानीय नीति लागू करने और झारखंड में पिछड़ी जातियों को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा के आलोक में आरक्षण देने की मांग की और इसको लेकर उन्होंने धरना भी दिया। उन्होंने यह धरना झारखंड विधान सभा परिसर में दिया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि हम और हमारी पार्टी इस मांग को लेकर लंबे समय से मुखर हैं और कई मौके पर इस मांग को लेकर राज्य सरकार ध्यान आकृष्ट भी कराया है। हमें भरोसा है आज के विशेष सत्र में राज्य सरकार हमारी तीनों मांगों को अवश्य पूरा करेगी और ऐसा होने पर ही विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने की सार्थकता सिद्ध हो सकेगा।

# सरला बिरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची, में शिक्षक दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ ज्ञान में आनंद जगाना ही शिक्षक की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्म दिवस पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों ने शिक्षकों के लिए सुंदर कलाकृति से उसे सजा कर कार्ड बनाया। अपने नृत्य प्रदर्शन और मनोरंजक गतिविधियों से अध्यापकों का मन जीत लिया। छात्रों ने अपने प्रिय शिक्षकों का रूप धारण कर विभिन्न कक्षाओं में जाकर कक्षाएं लीं। शिक्षकों द्वारा किए गए मार्गदर्शन द्वारा उनके जीवन में जो विकास हुआ उसके प्रति आभार प्रकट करने हेतु उन्होंने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसका शिक्षकों ने भी भरपूर आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने स्वरचित गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। सभी शिक्षक छात्रों द्वारा दिये गए प्यार और सम्मान से अभिभूत थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात शिक्षकों ने भी गीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ है। वे बच्चों के जीवन को अपने प्यार, स्नेह, समर्पण और कड़ी मेहनत से ढालकर एक कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाते हैं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सभी शिक्षकों की ओर से छात्रों को हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों के कठिन परिश्रम, ईमानदारी और लगन की प्रशंसा की।

अग्रवाल सभा के दो वर्षीय चुनाव में 31 कार्यकारिणी सदस्य जीते

# 818 मत लाकर रमाशंकर बगड़िया एवं अनिल अग्रवाल संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची का 2 वर्षीय चुनाव महाराजा अग्रसेन भवन में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। चुनाव पदाधिकारी ललित कुमार पोद्दार एवं सह चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने संयुक्त रूप से विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस चुनाव में कुल 917 वोट पड़े जिसमें 40 वोट त्रुटियों के कारण रद्द कर दिया गया। अग्रवाल सभा कार्यकारिणी के लिए 40 सदस्य मैदान में थे। इनमें से 31



सदस्य चुनाव जीतकर निर्वाचित घोषित किए गए है। सबसे ज्यादा वोट रमाशंकर बगड़िया (818 )एवं अनिल अग्रवाल (818) मत लाकर संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। मतदान सुबह 11:00 बजे से 4:00 बजे तक चला। मतदान शांतिपूर्वक तरीके से एवं मतदान की प्रक्रिया एवं व्यवस्था की सबों ने खूब सराहना की। सदस्यों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी,तथा मतगणना देर रात तक चली। नवनिर्वाचित 31 कार्यकारिणी सदस्यों में- रमाशंकर बगड़िया, अनिल अग्रवाल, अजय खेतान, कमल खेतावत, सज्जन पाड़िया, मंजीत जाजोदिया, नंदकिशोर पाटोदिया, अजय डीडवानिया, नरेश बंका, मनोज चौधरी, निर्मल बुधिया, सुनील पोद्दार, पवन कनोई, मनीष टांटिया, कौशल राजगढ़िया, राजेश भारतिया, संजय सर्राफ एवं सुरेश पोद्दार शामिल है। देर रात को परिणाम आने के बाद अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों द्वारा सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को माला पहनाकर अभिनंदन करते हुए बधाई दी गई।

# राज्य में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर हिन्दू संगठनों की बैठक, जतायी चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में इन दिनों बढ़ती हत्या, दुष्कर्म, लव जिहाद के साथ धर्मांतरण की घटना को लेकर रिंग रोड, दलादली चौक के समीप हनुमान मंदिर परिसर में हिन्दू संगठनों की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें राज्य में बढ़ती हत्या, दुष्कर्म व अपराधिक घटनाओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। मौके पर राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह सहित हिन्दू संगठन के लोगों ने दुमका, लोहरदगा, बोकारो, बेड़ो के नरकोपी, पलामू के पांडू सहित राज्य के अन्य हिस्सों में इन दिनों बढ़ी जिहादी गतिविधियों पर चिंता जताते हुए कहा है कि झारखंड में एक सुनियोजित साजिश के तहत बंगलादेशी और रोहिंगया मुस्लिम हिन्दू लड़कियों को अपना निशाना बना रहे हैं। हिन्दू लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसा कर उनका धर्मांतरण करने की भी ट्रेनिंग दी जाती है और कई बार ये अपने मंसूबे में कामयाब भी हो जाते हैं और जहां कामयाब नहीं हो पाते हैं वहां दुमका जैसी क्रूर घटनाओं को अंजाम देने से भी पीछे नहीं हटते। वहीं, आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने में सरकार पूरी



तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने हिन्दू संगठनों की ओर से सरकार से मांग की है कि वह अपनी तुष्टीकरण की राजनीति को छोड़ राज्य के लोगों की सुरक्षा-व्यवस्था पर ध्यान दे ताकि लोगों को एक भयमुक्त वातावरण मिल सके। हिन्दू संगठनों ने मुख्यमंत्री के दुमका की घटना पर दिये बयान को ओछी मानसिकता करार देते हुए कहा कि सरकार के ऐसे बयान से ही अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। ये सरकार की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि उठो द्रौपदी शस्त्र उठाओ अब न गोविंद आयेंगे, हमें अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। बैठक में सुनील कुमार सिंह के साथ, विहिप के रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष रामेश्वर दयाल सिंह, जिला मंत्री रोबिन महतो, प्रफुल सिंह, यश परमार, प्रेमचंद ठाकुर, आरबी राय, राजू पांडेय, विवेक मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल थे।




प्रकृति-पूजा **करम परब** पर
समस्त झारखण्डवासियों को **बधाईयां** एवं **जोहार**

'करमा' प्रकृति की आराधना का पर्व है। आज जब प्रकृति पर्यावरण असंतुलन के कारण मानवता संकट में पड़ती दिख रही है, ऐसे समय में 'करमा' जैसे प्राकृतिक पर्वों की महत्ता बढ़ जाती है। हमारे पूर्वजों ने जब प्रकृति को परमेश्वर का प्रतिरूप मानकर उसकी पूजा-अर्चना प्रारम्भ की तब उसके पीछे एक सुचिन्तित दर्शन था। एक वैज्ञानिक चेतना थी। यह स्पष्ट समझ थी कि समस्त जीव-जगत एवं वनस्पति जगत के साथ सामंजस्य ही जीवमंडल में संतुलन रख पायेगा। हमारे पूर्वजों ने सात्विक भावना से वृक्षों के समूह को ईश्वर माना और नदियों को माँ कह कर पुकारा, आज उनकी उन भावनाओं की पुन: प्रतिष्ठा का संकल्प लें।
यह पर्यावरण संतुलन का मूलमंत्र है।

PR No. 277115 (IPRD) 2022-23


सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

भारत के वीर-सीखो खेल-खेल में विषय पर वेबिनार का हुआ आयोजन

# आजादी क्वेस्ट गेम से जानें भारत की स्वतंत्रता की यात्रा: अखिल कुमार मिश्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आजादी क्वेस्ट, भारत के वीर-सीखो खेल-खेल में विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार की अध्यक्षता करते हुए पीआईबी-सीबीसी रांची के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा लांच किए गए आजादी क्वेस्ट मोबाइल गेम्स के जरिए बच्चे और युवा भारत की स्वतंत्रता की यात्रा और भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता के बारे में जान सकेंगे। इसे खेलने से उनमें देशभक्ति की भावना का विकास होगा। इन गेम्स को नवीन सोच के आधार पर विकसित किया गया है। गेम में कई लेवल हैं जो इसे काफी रोमांचक



बनाते हैं, जिससे यूजर्स को खेलने में रोमांच का अनुभव होता है। अपर महानिदेशक ने सभी लोगों से गेम डाउनलोड करने एवं युवाओं-छात्रों से इसे खेलने की भी अपील की। इससे पहले वेबिनार का समन्वय कर रहे क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री गौरव पुष्कर ने पॉवर प्वाईंट प्रेजेंटशन के माध्यम से बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जिन्गा इंडिया के साथ ऑनलाइन मोबाइल गेम्स के माध्यम से एक मजेदार डिजिटल लर्निंग अनुभव विकसित किया है। इसके जरिए भारत की आजादी के महत्वपूर्ण पहलू एवं देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में मनोरंजक तरीके से जाना जा सकता है। यह गेम प्ले स्टोर पर एंड्रॉयड एवं आईओएस पर हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में उपलब्ध है। खिलाड़ी यहां खेलने के दौरान 75 सामान्य ज्ञान कार्ड सोशल मीडिया पर भी साझा कर सकते हैं। दैनिक बोनस और इन गेम पुरस्कार के साथ-साथ खेल पूरा होने पर प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकते हैं। वेबिनार को संबोधित करते हुए रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक श्री मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि आज के बच्चे तकनीक से ज्यादा जुड़ते हैं। ऐसे में आजादी क्वेस्ट गेम्स के जरिए मनोरंजन के साथ-साथ उन्हें शिक्षा भी मिलेगी। डिजिटल युग में भारत सरकार द्वारा किया गया ऐसा प्रयास काफी सराहनीय है। कार्टून कैरेक्टर के माध्यम से बच्चे ज्यादा सीखते हैं और इन गेम्स में कई सारे कार्टून कैरेक्टर भी हैं, जो बच्चों को स्वतंत्रा संग्राम की घटनाओं को जानने में मदद करेंगे।

## न्यूज गैलरी

### झारखंड बार एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

**रांची।** झारखंड बार एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने आज दिनांक 5 सितंबर 2022 को हिनू स्थित हॉटलिप्स रेस्टोरेंट में अपने सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी चेंबर चुनाव और उत्पाद विभाग की दुकानों से शराब के उठाव पर बिल नही मिलने के मुद्दे पर चर्चा की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि रांची में 50 से ज्यादा बार है और व्यवसाय से काफी लोग जुड़े हुए है पर चेंबर हमेशा से हमें अनदेखा करता आया है, हमारी समस्याओं के प्रति भी उनका ध्यान बार बार आकृष्ट कराने पर वो बात करते है और टैब जाकर उचित फोरम में उठाते है, जबकि इस व्यबसाय की ओर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दूसरी ओर उत्पाद विभाग के दुकानों द्वारा शराब के खरीद पर बार वालो को कोई भी बिल/इनवॉइस नही दिया जा रहा। कुछ जिलों में सिर्फ परमिट के पीछे हाथ से लिख दिया जाता है और 1 प्रतिशत टीसीएस भी वैसे ही काट लिया जा रहा जो कही से भी उचित नही प्रतीत होता है। वही अगर काटे गए पैसे 26अर में नही दिखे तो कैसे वो पैसे आयेंगे? एक और मुख्य विषय है कैश में शराब की क्रय, हमे चेक से या ऑनलाइन ट्रांसफर से भुगतान करने की छूट नही दी गई है, सिर्फ कैश, ये बंदिश क्यों? जब केंद्र सरकार डिजिटल भुगतान पर जोर दे रही, बढ़ावा दिया जा रहा तो हमारे राज्य में कैश ट्रांजेक्शन पर जोर क्यों? यह पूरी तरह से गलत है और इससे व्यवसायियों का काफी समय बर्बाद होता है। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष अर्पण यादव, महासचिव सुबोध जायसवाल, प्रवक्ता अनित सिंह समेत रांची एवं अन्य जिले के कई बार व्यवसायी गण मौजूद रहे।

### बेड़ो में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**बेड़ो।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को शिक्षक दिवस के अवसर शिक्षक दिवस सह माता पिता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां नियति सांची,भारती वर्मा, प्राची बड़ाईक, सलोमी खाखा, रिया सिंह, तनु सिंह, श्रेयसी खन्ना, सृष्टि राय, शालिनी राय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर किया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि बच्चों के जीवन में माता पिता का स्थान सर्वोपरि है। बच्चों के प्रथम गुरु उनके माता-पिता होते है। इसलिए सभी बच्चों को अपने माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान हमेशा करना चाहिए। इधर राजकीय कृत कन्या व बालक और एस एस प्लस टू विद्यालय में भी शिक्षक दिवस मनाया गया।

### बेड़ो में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना रांची गुमला मुख्य मार्ग पर असरो के समीप शाम लगभग छह बजे बाइक सवार को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से बाइक सवार बसिला प्रेम नगर निवासी 17 वर्षीय सोमरा टोप्पो पिता कानू टोप्पो सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दूसरी घटना बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर शाम छह बजे की है जिसमें बाइक सवार को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से बाइक सवार गड़गांव इटकी निवासी 18 वर्षीय अलफान मंसूरी पिता फिरोज मंसूरी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा काजोल सिंह ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अलफान को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### मांडर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में मना शिक्षक दिवस



मांडर। मांडर के ऑक्सब्रिज स्कूल, दयानन्द आर्या विद्या पब्लिक स्कूल एवं सोसई आश्रम स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका+2आवासीय विद्यालयसहित अन्य शिक्षण संस्थानों में छात्र छात्राओं ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती सह शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया।ऑक्स ब्रिज स्कूल में डॉ. राधाकृष्णन की तस्वीर पर निदेशक तौफीक आलम व प्राचार्या इवोन एक्का ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया वही डीएवी पब्लिक स्कूल में निदेशक राजेश प्रसाद दत्ता व उप प्राचार्या उषा सिंह ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कस्तुरबा गांधी विद्यालय में वार्डेन इन्दु केरकेट्टा, श्वेता वर्मा, लीला कुजूर सहित सभी शिक्षक ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभी स्कूल के बच्चों ने गुरुजनों के प्रति अपनी श्रद्धा एवं भक्ति के स्वरुप कई रोचक कार्यक्रम का सराहनीय प्रदर्शन किया।ऑक्सब्रिज स्कूल में जितेंद्र सिंह, मो. असद, कस्तुरबा में जयंती कुजूर, उपेन एक्का, बहुरा उरांव,डीएवी में कमला साहु, रंजन सोनी, कुमारी मोना, राजकुमार रंजन, कंचन महतो सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### बाइक सवार दो युवक घायल

मांडर। मांडर थाना क्षेत्र के एन एच- 75 में हेसमी मोड़ के समीप बजरंगी चाउमिन दुकान के पास दो बाईक सवार गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में 16वर्षीय बंझिला निवासी सूरज गोप व सोसई निवासी नीरज कुमार सिंह बताए जाते हैं।ग्रामीणों एवं मांडर पुलिस ने उन्हें ईलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल पंहुचाया जहां प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया।

### उप मुख्य सचेतक से हटाये गये कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल

**सिमडेगा।** कांग्रेस ने कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी को विधानसभा में उप मुख्य सचेतक पद से हटा दिया ।उनकी जगह सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा को उप मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने विधानसभा को पत्र लिख विधायक कोंगाड़ी को उप मुख्य सचेतक के पद से हटाने एवं भूषण बाड़ा को उप मुख्य सचेतक बनाने का पत्र भेजा था ।गौरतलब हो कि कैश कांड में इरफान अंसारी, राजेश कच्छप के साथ कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल का भी नाम शामिल है। इधर कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने तीनों विधायकों की सदस्यता रद्द करने को लेकर स्पीकर से न्यायाधिकरण में याचिका दायर की है ।इस मामले में स्पीकर ने तीनों विधायकों को नोटिस जारी कर 7 सितंबर को सुनवाई में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इधर उप मुख्य सचेतक बनाए जाने पर सिमडेगा के कांग्रेसी कार्यकताओं ने विधायक को शुभकामनाएं दी है।

---

### बोकारो पहुंचे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य, अधिकारियों से कहा

# पिछड़ी जाति से जुड़े मामलों का करें त्वरित निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री राजेंद्र प्रसाद बोकारो पहुंचे और पिछड़ी जातियों से जुड़े कई मामले को लेकर सोमवार को बोकारो परिसदन में जिले के वरीय पदाधिकारियों/प्रखंड विकास पदाधिकारियों/अंचलाधिकारियों साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर आयोग के सदस्य ने क्रमवार अपर समाहर्ता श्री सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी चास श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री अनंत कुमार से यह जानना चाहा की पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या का आंकड़ा जिले में संग्रहित है अथवा नहीं। बैठक में श्री प्रसाद ने ओबीसी एससी/एसटी/ का जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंडवार वित्तीय वर्ष 22 - 23 में अब तक प्राप्त आवेदन, निर्गत प्रमाण पत्र व रद किए गए आवेदनों और उसके कारणों के संबंध में जाना। इस दौरान लगभग सभी अंचलाधिकारियों ने आवेदन के समय जरूरी दस्तावेज संलग्न नहीं होने के कारण आवेदन रद करने की बात कहीं।



इस पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री राजेंद्र प्रसाद ने अंचलाधिकारियों को कहा कि राज्य के भगौलिक स्थिति को समझना होगा। यहां के लोग काफी सीधे व सरल स्वभाव के हैं। अधिकारी झ अधिकारी की तरह नहीं बल्कि सेवा भाव से काम करें। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों में कोई दस्तावेज अपूर्ण है,उसके आवेदक से संपर्क कर दस्तावेज की मांग करें और उसका प्रमाण पत्र निर्गत करें। समीक्षा क्रम में उन्होंने जानकारी ली कि समय पर आवासीय और जाति प्रमाण पत्र बनता है या नहीं। इस पर अंचलाधिकारियों ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र ससमय निर्गत किया जाता है। सभी अंचल अधिकारियों ने इस बाबत अपनी - अपनी रिपोर्ट भी सौंपी।

#### मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना के प्रगति की जानकारी ली

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री राजेंद्र प्रसाद ने कल्याण विभाग द्वारा एससी/एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इसका प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के जाती झ आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए संचालित अभियान की प्रगति की भी जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक से प्राप्त की। अब तक लगभग 24 हजार आवेदन प्राप्त हुआ है। प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने जिले के पीछड़े वर्गों को केसीसी, पीएम आवास, अंबेदकर आवास आदि योजनाओं में क्या स्थिति है इसकी भी समीक्षा की और जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

---

# संत माइकल स्कूल में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मुरी।** संत माइकल स्कूल (+2)छोटा मुरी में शिक्षक दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो स्कूल प्रबंधक रूपेश कुमार तथा निर्देशक राकेश कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व संत माइकल स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय कृष्ण कुमार के मूर्ति का अनावरण किया तथा माला और पुष्प अर्पित किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य का प्रदर्शन किया तथा नृत्य के माध्यम से झारखंड की कलाकृति को उजागर किया।

सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु और शिष्य का एक गहरा रिश्ता होता है । गुरु ज्ञान के भंडार को हमारे झोली में डालते हैं इसलिए हमें उन्हें नमन करना चाहिए तथा हमें अपने गुरुजनों का अवश्य ही सम्मान करना चाहिए



क्योंकि गुरु के बिना जीवन संभव नहीं है ।

उन्होंने स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय कृष्ण कुमार के बारे में भी काफी सराहना की कहा कि जब से वह शिक्षा जगत से जुड़े कभी रुके नहीं हमेशा आगे बढ़ते चले गये । शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने काफी सराहनीय कार्य किया उनकी जितनी भी तारीफ की जाए कम ही होगा ।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सीएल प्रजापति, उपेंद्र, रमेश गोराई ,किशोर कुमार, शेखर कुमार ,सपना दत्ता ,संयुक्ता सिंह देव, अजीत माईती और शंकर समेत दर्जनों स्कूल के कर्मचारी मौजूद थे।

---

# डालसा टीम के पीएलवी गांव में घर-घर जाकर समस्याओं से हुए अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के दिघिया पंचायत के तुको गांव में डालसा के पीएलवी के द्वारा विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

झालसा के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा बेड़ो प्रखण्ड के दिघिया पंचायत के तुको गांव में सोमवार को विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी सतीश कुमार, रीना लिंडा, लता कुमारी, सतीश कुमार, तारा मिंज, सधनी देवी, तारामनी देवी एवं राजा व डालसा टीम के पीएलवी गांव में घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची में आवेदन देने के लिए कहा। इस दौरान पीएलवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इस संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान में प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी विस्तृत जानकारी पीएलवी ने दिया। अंत में डालसा के पीएलवी ने बेड़ो व आसपास एवं बाजार क्षेत्र में राहगीरों के बीच जागरूकता चलाई गई।

> मोटर दुर्घटना में मुआवाजा प्राप्त करने सहित कई अन्य विषयों पर दी जानकारी

---

### नाबालिग को हत्या की धमकी देकर बनाया हवस का शिकार

# पीड़िता ने भाई को दी जानकारी, आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहागड़ा में 14 साल की नाबालिग के साथ नगड़ी थाना क्षेत्र के शादीशुदा एक युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म करने की घटना घटी है। हालांकि, मामले की जानकारी होने के बाद कर्रा थाना की पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम बरांगो की 14 साल की पीड़िता लोहागड़ा में अपनी नानी के घर रह कर पढ़ाई कर रही थी। उसी गांव में नगड़ी थाना के ग्राम बड़ा खूंटा निवासी 25 वर्षीय शादीशुदा रोशन केरकेट्टा के भी रिश्तेदार रहते हैं, इस वजह से उसका वहां आना-जाना होता रहता था। 5 अगस्त को भी रोशन अपने रिश्तेदार के घर गया था, उसी दौरान पीड़िता बच्ची को उसके घर में अकेला देख उसे डरा-धमका कर जबरजस्ती उसे हवस का शिकार बनाया और जाने से पहले उसे हल्ला करने या किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने को कहा। इस वजह से पीड़िता किसी को कुछ नहीं बतायी। घटना के बाद पीड़िता का भाई जब बहन से मिलने लोहागड़ा गया, तब उसने अपने साथ घटी घटना की जानकारी दी। उसके बाद गांव के लोग उग्र हो गये और आरोपी को पकड़ कर पिटाई कर दी। आरोपी के साथ मारपीट होने के विरोध में वह नगड़ी थाने में मामला दर्ज करा दिया और गांव में बैठक रख कर मारपीट करनेवालों को खूंटी गांव बुलाने लगा, लेकिन पीड़िता की ओर से कोई भी उसके गांव के बैठक में शामिल नहीं हुआ।

आरोपी द्वारा नगड़ी थाने में मामला दर्ज कराने की जब जानकारी मिली तब लड़की पक्ष के लोगों ने घटना की पूरी जानकारी कर्रा थाना पुलिस को दी। उसके बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार की रात में घर से आरोपी रोशन केरकेट्टा को गिरफ्तार कर लिया। कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। आरोपी ने नगड़ी के अपने कई साथियों से पीड़िता के घरवालों को केस नहीं करने की धमकी दिलायी थी। पुलिस को सूचना मिली है कि रोशन अपराधिक प्रवृति का युवक है, जिसकी तफ्तीश पुलिस द्वारा की जा रही है।

---

### दुर्गा पूजा समिति तामड़ा की हुई बैठक अशोक बने अध्यक्ष

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन देवी मंदिर प्रांगण में हूई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर बैठक हुई। जहां पर बताया गया कि समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में इस बार सभी लोगों की सहभागिता के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। वहीं दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अशोक प्रसाद केसरी, कार्यकारी अध्यक्ष -विजय केसरी, उपाध्यक्ष सुभाष साव,अमृत केसरी , सचिव जितेंद्र पूरी, उप सचिव अशोक गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय केसरी, उप कोषाध्यक्ष बिहारी केसरी, संरक्षक पुनीत साव, बृजमोहन केसरी ,सुंदर साव,सुरेश साव, को बनाया गया।

---

### पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2022 संपन्न

# पुंदाग को हराकर टागंरबसली की टीम बनी चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान और रांची जिला पुलिस के सहयोग से आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में सोमवार को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2022 का ट्रॉफी टागंरबसली ने अपने नाम कर लिया। पांच सितंबर को फाइनल मैच माचोसिटी पुदांग रांची और एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली के बीच खेला गया। इसमें रोमांचक मुकाबले में एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली ने माचोसिटी पुदांग रांची को ट्राइब्रेकर में 5-4 गोल से पराजित कर दिया। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में माचोसिटी पुदांग रांची ने दी रायल स्टॉर क्लब कानीजाड़ी को ट्राइब्रेकर 4-3 और दूसरे में एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली ने जूनियर ब्लैक ड्रेगन हेसल घुघरी को 1-0 0-0 से हराकर फाइनला में प्रवेश किया। इससे पहले फाइनल मैच का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि अनिमेष नैथानी, आरक्षी उपाधीक्षक, खलारी, सुलेमान मुंडरी, बीडीओ, मांडर, विशिष्ट अतिथि विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी, सोहंती एक्का, (मुखिया, बंझिला पंचायत), मो. साकिब, प्रत्रकार ललन पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। विजेता टीम एसएस कॉलोनी चांदनी चौक टागंरबसली को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार नगद, ट्राफी, और उपविजेता टीम माचोसिटी पुदांग रांची को डीएसपी अनिमेष नैथानी के प्रतिनिधि के रूप में विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी) ने 31 हजार नगद, ट्राफी देकर सम्मानित किया। तीसरे स्थान पर रहने वाली दी रायल स्टार क्लब कानीजाड़ी को 11 हजार नगर व ट्राफी देकर सुलेमान मुंडारी (बीडीओ, मांडर) और चौथे स्थान पर रहनेवाली जूनियर ब्लैक ड्रैगन हेसल घुघरी की टीम को 10 हजार नगद व ट्राफी देकर विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी) ने सम्मानित किया। टूर्नामेंट में रांची जिला पुलिस की ओर से फाइनल खेल रहे दोनों टीमों को जर्सी व फुटबॉल और रेफरी को ड्रेस दिया गया। मैन ऍफ दी सिरीज मनोहर को शहीद एतवा उरांव की पत्नी विमला देवी, मैन ऑफ दी मैच फिरदोश को सोहंती एक्का (मुखिया, बंझिला पंचायत ने प्रदान किया।



---

### प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित

**लोहरदगा।** मनरेगा अंतर्गत समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विषय पर सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला में भंडरा, किस्को, लोहरदगा और पेशरार प्रखण्ड के प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायक सेवक और ग्राम रोजगार सेवक शामिल हुए। सभी को वर्षा जल को संरक्षित करने हेतु भूमि के अनुसार उपयुक्त योजनाओं का चयन आदि की जानकारी जानकारी दी गई। साथ ही, टीसीबी, बोल्डर स्ट्रक्चर, मेढ़बंदी, कच्ची नाली निर्माण, डोभा, बिरसा हरित ग्राम अंतर्गत पौधरोपण आदि के बारे बताया गया। साथ ही गुड गवर्नेंस विषय का भी प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण संबंधित सभी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

---

### बेडों में बारिश से गिरा गरीबा का आशियाना

**बेड़ो।** प्रखंड में पिछले तीन दिनों से हो रही वर्षा से प्रखंड के जरिया टेंगरिया गांव में कृष्णा बैठा पिता राम प्रसाद बैठा का कच्चा मकान गिर कर ध्वस्त हो गया। कच्चा घर तेज वर्षा के बीच उस वक्त भरभराकर गिरने लगा जब उसमें परिवार के लोग मौजूद थे। बरसात में आशियाना गिरने से पीड़ित परिवार खुले आसमान तले आ गया है। कच्चा घर में रखा राशन, बर्तन,कपड़ा,चौकी बिस्तर व बक्सा समेत गृहस्थी का पूरा सामान नष्ट हो गया। वही पीड़ित कृष्णा बैठा ने बताया कि वे किसी प्रकार अपना और अपने स्वजनों को जान बचाकर घर से बाहर निकाला। लेकिन घर के गिरने से इस बरसात के मौसम में बेघर हो गए। वही घर में रखी सामान दबकर व भींग कर बर्बाद हो गए। इधर घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता जगरनाथ भगत ने पीड़िता के घर का मुआयना किया। साथ ही आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा दिलाये जाने का आश्वासन दिया।

### नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ा करने पर नगर परिषद ने लगाया जुर्माना, टेम्पू किया जब्त

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए नगर परिषद की ओर से लगातार कई प्रयास किए जा रहे हैं ताकि शहर में जाम की परेशानी से निजात मिल सके। इधर शहर के कई चौक चौराहों पर नो पार्किंग की बोर्ड लगाई गई है ताकि उन जगहों पर अनावश्यक रूप से गाड़ियों का ठहराव ना हो और सड़कें पूरी तरह से खुली रहे। इधर सिमडेगा के झूलन सिंह चौक में भी बोर्ड लगाया गया लेकिन इसके बावजूद कई छोटे-बड़े मालवाहक टेंपो सहित अन्य गाड़ी के ड्राइवर गाड़ी खड़ी करते हैं। जिससे परेशानी होती ।इन सभी समस्याओं को देख सोमवार को नगर परिषद के सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह एवं प्रफूल बोदरा के संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चार वाहनों से जुमार्ना वसूला गया जबकि एक टेंपो को जप्त करते हुए नगर परिषद ले गए। सिटी मैनेजर ने कहा कि शहर में अनावश्यक रूप से नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करने वाले लोगों के ऊपर अब कार्रवाई की जाएगी।

### नामकुम पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किया गया कपड़े का वितरण



**नामकुम।** नामकुम पुलिस ने करमा पर्व के अवसर पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी के नेतृत्व में सोमवार को नामकुम के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंदों व गरीब ग्रामीणों के बीच धोती, साढ़ी व खाद्य समाग्री का वितरण किया। इस दौरान लाली पंचायत के गरूड़पीढ़ी, हेसो, कूंदागड़ा, फतेहपुर सहित अन्य जगहों के चौक-चौराहों में पहुंचकर लोगों कपड़े का वितरण किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने मौजूद गामीणों से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण व पुलिस के बेहतर तालमेल हो तो अपराध पर काबू पाया जा सकता है, लेकिन इसके दोनों पक्षों एक-दूसरे को सहयोग करने की जरूरत है। श्री तिवारी ने कहा कि ग्रामीणों के बीच अगर पुलिस पहुंचे तो लोगों को पुलिस भरोसा बढ़ेगा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से किसी भी तरह समस्या होने पर सीधे संपर्क करने की बात कही। पुलिस के 200 लोगों के बीच धोती, साड़ी सहित अन्य कपड़े का वितरण किया गया। सब इंस्पेक्टर रवि केशरी, अनिमेश शांतकारी, आकाश कुमार, एसआई नवल किशोर तिवारी सहित अन्य लोग पुलिस टीम मौजूद थी।

---

### सनातन धर्म एवं संस्कृति विचार गोष्ठी का आयोजन, बोले सांसद

# जब तक हिंदुत्व सुरक्षित है तब तक हमारा देश सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का धर्म जागरण समन्वय समिति रांची जिला ग्रामीण का सनातन धर्म एवं संस्कृति विचार गोष्ठी का आयोजन सोमवार को दुर्गा महादेव मंदिर के सभागार में हुआ। विचार गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि सांसद आदित्य प्रसाद साहु और मुख्य वक्ता धर्म जागरण समन्वय उत्तर पुर्व क्षेत्र प्रमुख सुबेदार सिह उपस्थित हुए। विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि सांसद आदित्य प्रसाद साहु ने उपस्थित सनातन धर्म साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत हिंदुत्व का देश है और जब तक हिंदुत्व सुरक्षित है तब तक हमारा देश सुरक्षित है। लेकिन एक विशेष जाति के लोगों के द्वारा हिंदुओं के ऊपर आक्रमण किया जा रहा है जो चिंता का विषय है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का धर्म जागरण समन्वय समिति धर्म जागरण के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों को हिंदुत्व की भावना जगा रहा है। विशेष जाति के लोगों ने आतंकवाद का सहारा लेकर हिंदुत्व को खत्म करने के उद्देश्य से बार-बार हिंदू के ऊपर आक्रमण कर रहा है जिसमें दुमका में हमारी बहन जो सो रही थी अंकिता उसके ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दिया, यही नहीं आदिवासी लड़की के ऊपर कुकृत्य किया जा रहा है। कुकृत्य और आक्रमण एक विशेष जाति परिवार के लोग आए दिन हिंदू समाज के ऊपर कर रहा है जो चिंता का विषय है। इसलिए हिंदू समाज को अब एकजुट होकर रणनीति के साथ वैसे आक्रमणकारी विशेष समाज के लोगों को ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा और यह काम हिंदू समाज एकजुट होकर ही कर सकता है।

आगे मुख्य अतिथि सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि जब हिंदू रहेगा तब हिंदुस्तान रहेगा इसलिए हिंदू को एकजुट होना ही होगा और एकजुट होकर हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार और आक्रमण का जवाब देना होगा। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता सूबेदार सिंह ने हिंदू जागरण मंच के बैनर में उपस्थित हिंदुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को आजादी चरखे से नहीं मिली है बल्कि 20 लाख हिंदू के बलिदान से आजादी मिला है। भारत में जब बच्चा पैदा होता है तो उसे भूखे को खाना खिलाना और तुलसी के पत्ते को नष्ट नहीं करने की शिक्षा दिया जाता है। एक भी सनातन धर्म को मानने वाला व्यक्ति पीपल का पेड़ को नहीं तोड़ सकता है। आगे विचार गोष्ठी में अपना विचार रखते हुए धर्म जागरण समन्वय उत्तर पूर्व क्षेत्र प्रमुख सूबेदार सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि सांसद आदित्य प्रसाद साहू, हिंदू जागरण समन्वय सत्र प्रमुख सूबेदार सिंह, प्रांत सहसंयोजक इंद्रजीत यादव, शैलेंद्र मिश्र, मानकी राजेंद्र साही, अमरनाथ चौधरी, अंजीत कुमार, सत्यनारायण तिवारी, पंचायत समिति सदस्य शशि मिश्रा, ललिता देवी, मुखिया दीपक बडाईक, पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, नीरज नायक, कुलदीप तिवारी, सहित सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### कृषि, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग की मासिक समीक्षा

**हजारीबाग।** कृषि, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग की मासिक समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस दौरान उपायुक्त ने पशुधन योजना के अब तक के हुए कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को सही लाभुकों के बीच योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने केसीसी की समीक्षा के अन्तर्गत बैंक अधिकारियों के साथ जिला स्तर पर किसी अधिकारिक को नोडल बनाकर, समन्वय के साथ जरूरतमंद सभी किसानों को केसीसी का लाभ मिले। बैंक में प्राप्त आवेदन का अग्रणी बैंक प्रबन्धक संबंधित बैंकों के साथ मिलकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी को केज कल्चर विकसित करने के लिए निदेश दिया। उन्होंने केरेडारी एवं डाडी प्रखंड में 20 केज कल्चर अधिष्ठापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने किसानों को फसल बीमा योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा योग्य किसानों का निबंधन सुनिश्चित करने का का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया।

### शहीद जगदेव प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई

**बड़कागांव।** शहीद जगदेव प्रसाद की 48वीं पुण्यतिथि जगदेव विचार मंच के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ बालेश्वर महतो के नेतृत्व में सूर्य मंदिर स्थित आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि स्व जगदेव प्रसाद दबे कुचले गरीब लागों के मसीहा थे। हमें उनके बताए हुए मार्गदर्शन पर चलने की जरूरत है। अध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो ने कहा कि जगदेव प्रसाद के विचारों को अग्रसर पालन करने से ही पिछड़े एवं शोषित लोगों का विकास होगा। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉ बालेश्वर महतो, पूर्व प्रमुख टुकेशवर प्रसाद, प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो, मुखिया रंजीत मेहता, बासुदेव प्रसाद, धर्मनाथ महतो, जयनाथ महतो, सत्यदेव कुमार, सरोज कुमार, पिंटू कुमार, श्यामदेव कुमार, प्रवील कुमार, अख्तर हुसैन, मो अजहरुद्दीन, कृष्णा साव, बिंदेश्वरी प्रसाद, बिंदेश्वरी सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### एलआईसी अभिकर्ताओं ने सरकार की नीतियों का किया विरोध

**हजारीबाग।** लियाफी एवं ऑल इंडिया ज्वाइंट एक्शन कमेटी के तत्वाधान में हजारीबाग शाखा कार्यालय से जुड़े एलआईसी अभिकताओं ने सोमवार को नो बीओसी दिवस मनाया। जिसकी अध्यक्षता अशोक कुमार यादव ने की और संचालन सीके प्रसाद ने किया। प्रतिरोध दिवस के अवसर पर शाखा से जुड़े दो सौ की संख्या में अभिकतार्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार के अभिकर्ता विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए पॉलिसी धारकों का बोनस रेट बढ़ाने, लोन एवं विलंब शुल्क के ब्याज दर घटाने, जीएसटी हटाने के लिए श्रेणीवद्ध योजना के तहत कार्य करने, अभीकताओं की ग्रेच्युटी, टर्म इंश्योरेंस में वृद्धि करने समेत अन्य कई मांगे शामिल है। लियाफी के सचिव सीके प्रसाद ने कहा कि सरकार अभिकृताओं की मांग पर सार्थक विचार नहीं करती है तो अभिकर्ता संगठन सरकार के गलत नीतियों को विरोध करते हुए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। विरोध प्रदर्शन करने वालो में संगठन के कोषाध्यक्ष शत्रुघन कुमार सिंह, बिल्टू सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, जेपी सिंह, अमित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो, गणेश कुमार, श्याम कुमार सिंह, रघुनंदन प्रसाद, लोकनाथ प्रसाद मेहता, उमेश प्रसाद मेहता, मथुरा प्रसाद मेहता के अलावा सैकड़ों की संख्या में अभिकर्ता साथी शामिल हुए।

### प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कमेटी के सदस्यों में मतभेद बढ़ा

**चौपारण।** झारखंड सरकार की ओर से 20 सूत्री कमेटी का गठन कर प्रखंड बार सूची प्रकाशित हुई। चौपारण प्रखंड के 20 सूत्री कमेटी के सूची को लेकर कई सदस्यों में काफी असंतोष देखा जा रहा है। इधर प्रखंड कमेटी के सदस्य मनोज कुमार सिंह ग्राम बिगहा ने 20 सूत्री कमेटी के सदस्य पद से मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिलाध्यक्ष जवाहरलाल सिन्हा सहित संबधित पदाधिकारियों को भेज दिया। मनोज ने त्यागपत्र में लिखा कि कमेटी में वरिष्ठ कार्यकताओं की अनदेखी करने से मुझे व्यक्तिगत दु:ख हुआ है। इधर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र राणा ने भी 20 सूत्री के सदस्य पद से त्यागपत्र देने को बात कही। कहा कि 20 सूत्री कमेटी की अनुशंसा कर अनुमोदन करने वाले पदाधिकारी का मनमानी दिख रही है।

### शिक्षक ही समाज में विकास के मार्गदर्शक होते हैं: महतो

बड़कागांव। कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के मल्टीपरपस हॉल में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भूतपूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनायी। प्राचार्य कृतिनाथ महतो एवं सचिव टूकेश्वर प्रसाद ने केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो सुरेश महतो कार्यक्रम का संचालन कर रहे थे। टुकेश्वर प्रसाद एवं प्रो कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि हमें डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है ताकि हमेशा गुरु और शिष्य का संबंध बना रहे। मौके पर निरंजन प्रसाद नीरज, नरेश कुमार दांगी, ऋतुराज दास, पवन कुमार, रंजीत प्रसाद, ललिता कुमारी, अनु कुमारी, किशोर प्रसाद दांगी, नागेश्वर महतो, राजेंद्र कुमार, धानेश्वर महतो सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम : डीसी

**हजारीबाग।** डीसी नैंसी सहाय ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित किया. डीसी ने समाहरणालय में सोमवार को जिलास्तर पर तीन शिक्षकों को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया. जिला स्तरीय पुरस्कार से रविंद्र कुमार, स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक केएन प्लस टू उच्च विद्यालय इचाक को सम्मानित किया गया. अनुमंडल स्तरीय शिक्षक के रूप में सदर के विजय कुमार मसीह स्नातक प्रशिक्षित प्लस टू उच्च विद्यालय कटकमसांडी और बरही अनुमंडल क्षेत्र से बमबम कुमार परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकर्मा को सम्मानित किया गया। शिक्षकों को उनके नवाचारी गतिविधियों, प्रयोगों, विद्यालय में बच्चों के रिजल्ट, शिक्षा से संबंधित उनके प्रकाशित लेख और आउटस्टैंडिंग कार्यों के आधार पर चयनित किया गया. इस अवसर पर डीसी ने कहा कि शिक्षक मनुष्य को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाता है। शिक्षक जीवन में सही और गलत को परखने का तरीका बताता है. राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। वे हमारे मार्गदर्शक होते हैं।

---

भूमि एवं बंदोबस्त चकबंदी कर्मचारी संघ का एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न

# अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर चट्टानी एकता बनाएं रखे

**नवीन मेल संवादाता**

**हजारीबाग ।** भूमि एवं बंदोबस्त चकबंदी कर्मचारी संघ जिला शाखा का एक दिवसीय सम्मेलन बंदोबस्त कार्यालय के हॉल में किया गया। सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदलाल प्रसाद ने की, जबकि संचालन पप्पू गोप ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित एवं झंडोत्तोलन कर दिया गया। जिला महासंघ के मुख्य संरक्षक महेंद्र किशोर प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, सलाहकार समिति के सदस्य सुखदेव प्रसाद सिंह, सम्मानित अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर झारखंड राज्य के सम्मानित अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने कहा कि वर्तमान परिवेश में सरकार कर्मचारी विरोधी नीति रोजगार सृजन, उदासीनता त्रुटिपूर्ण पुरानी पेंशन योजना लागू करना आदि समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए सभी कर्मचारी साथियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर चट्टानी एकता बनाए रखने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि रामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि कर्मचारी एकता बनाकर ही सरकार से अपने अधिकार को हासिल किया जा सकता है।

महेंद्र प्रसाद ने कहा कि महासंघ की ताकत एवं पूर्व के अनुभवों का उल्लेख करते हुए कर्मचारियों एकता पर बल दिया। सुखदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि कर्मचारी संघ द्वारा आज की परिस्थिति में कर्मचारी विरोधी नीति लागू करने का मुख्य कारण कर्मचारियों में एकता का अभाव बताया। इस मौके पर सभी साथियों को एकजुट रहकर अपनी मांगों को हासिल करने का आह्वान किया। सम्मेलन में नंदलाल प्रसाद, मनीष कुमार, संघ के राज्य सचिव प्यार चंद, गंगा प्रसाद रजक, शंकर प्रसाद शर्मा, मोहन रजक, जिला महासंघ हजारीबाग के अध्यक्ष राजेश रंजन दुबे, नरेश कुमार, विजय कुमार यादव, प्रकाश नाथ राय, पप्पू गोप, शिवनंदन शाह, श्रीकांत प्रसाद, राघवेंद्र कुमार निराला, सत्यनारायण सिंह, संजय प्रसाद प्रजापति सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। संघ के जिला अध्यक्ष प्रेमचंद राम ने कर्मचारी संगठन एवं उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए चुनाव कराने पर बल दिया और संघ की मजबूती के साथ एकता बनाए रखने पर भी जोर दिया। जिसके बाद चुनाव पदाधिकारी ने पुरानी कमेटी को भंग करते नए पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। जारी सूची में सुयदेव प्रसाद सिंह को सम्मानित अध्यक्ष चुना गया।

### लर्निंग को बढ़ाने के लिए बुनियादी शिक्षा अभियान स्कूल की गतिविधियों का होगा सशक्तिकरण: डीसी



**हजारीबाग।** स्टूडेंट लर्निंग को बढ़ाने के लिए स्कूलों में बुनियादी शिक्षा अभियान चलेगा। यह अभियान एक सौ दिनों का होगा। अभियान का शुभारंभ डीसी नैंसी सहाय ने समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को किया। मौके पर कहा कि इस अभियान के जरिये स्कूलों में चल रहे गतिविधियों का सशक्तिकरण किया जाएगा। साथ ही बाल पुस्तकालय, चेतना सत्र, समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि बच्चों की लर्निंग को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। विद्यालयों से लोकल एनजीओ, पंचायती राज सदस्य एवं युवाओं की सहायता से शिक्षा को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करने का काम भी किया जाएगा। मौके पर डीइओ उपेंद्र नारायण ने बताया कि इस अभियान की शुरूआत 222 स्कूलों में किया जा रहा है जो कि आने वाले समय में जिले के सभी विद्यालयों में चलाया जाएगा। पीरामल फाउंडेशन के विंध्यवासिनी राय ने अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी, एडीपीओ, एडीपीआरओ आदि मौजूद थे।

### प्रतिभागियों को भारतीयता की दिलायी गयी शपथ

झुमरीतिलैया। ऑक्सब्रिज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीयता का पाठ पढ़ाते हुए इस की शपथ दिलाई गई। झुमरीतिलैया में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीयता की मुहिम चला रहे विशाल भदानी भारतीय ने अतिथियों और प्रतिभागियों के बीच गर्व से कहो हम भारतीय हैं का फ्रेम भी भेंट किया। इस दौरान श्री भदानी ने कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियों को धर्म, समुदाय और भाषा से परे हटकर देश और भारतीयता के लिए सदैव कार्य करने का शपथ दिलाया। उन्होंने बताया कि शाहनवाज चौधरी भारतीय जी द्वारा शुरू की गयी ₹भारतीयता की मुहिम₹ को वे पूरे झारखण्ड में फैला रहे हैं। इस पहल की लोगों ने खूब सराहना की और इसे अनुकरणीय बताया। मौके पर ऑक्सब्रिज के डायरेक्टर कुमार सौरभ, विशाल भदानी, मुन्ना कुमार के अलावा कस्तूरी भारद्वाज, राज वर्मा आदि मौजूद थे।


---

दशलक्षण महापर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की विधि पूर्वक की गई पूजा

# प्राणी-रक्षण और इन्द्रिय दमन करना ही संयम है : आचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में 5 सितंबर को दशलक्षण महापर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की विधि पूर्वक पूजा अर्चना संपन्न हुई। इस मौके पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य सुशील गंगवाल, सुमित गंगवाल, योगेश सेठी,अरुणा जैन एवं डॉ शरद जैन को प्राप्त हुआ। वहीं, रांची रोड श्री पार्श्वनाथ जिनालय में अमराओ देवी पाटनी, मानिक पाटनी, उत्तम पाटनी, प्रदीप पाटनी को जलाभिषेक का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री दिगंबर जैन मंदिर में शांतिधारा का सौभाग्य सुशील गंगवाल, सुमित गंगवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल, अशोक



चूड़ीवाल को प्राप्त हुआ। जबकि रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में शांतिधारा का सौभाग्य अंकित पाटनी, राहुल पाटनी, रोहित पाटनी को मिला।

#### प्राणी-रक्षण और इन्द्रिय दमन करना ही संयम है

मौके पर आचार्य ने उत्तम संयम धर्म के संबंध में श्रद्धालुओं को बताया कि स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र, कर्ण और मन पर नियंत्रण (दमन, नियंत्रण) करना इन्द्रिय-संयम है। पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय जीवों की रक्षा करना प्राणी संयम है । इन दोनों संयमों में इन्द्रिय संयम मुख्य है। क्योंकि इन्द्रिय संयम प्राणी संयम का कारण है। इन्द्रिय संयम होने पर भी प्राणी संयम होता हैं, बिना इन्द्रिय संयम के प्राणी संयम नहीं हो सकता। इन्द्रियां बाह्य पदार्थों का ज्ञान कराने में कारण है, इस कारण वे आत्मा के लिये लाभदायक हैं क्योंकि संसारी आत्मा इन्द्रियों के बिना पदार्थों को जान नहीं सकता। पंचेन्द्रिय जीव की यदि नेत्र-इन्द्रिय बिगड़ जाए तो देखने की शक्ति रखने वाला भी आत्मा किसी वस्तु को देख नहीं सकता। इन्द्रियां अपने-अपने विषयों की ओर आत्मा तो आकृष्ट (खींच) करके पथभ्रष्ट कर देती हैं। आत्मविमुख करके आत्मा को अन्य सांसारिक भोगों में तन्मय कर देती हैं। मोहित करके विवेक शून्य कर डालती हैं, जिससे कि सांसारिक आत्मा बाह्य-दृष्टि बन कर अपने फंसने के लिये स्वयं कर्मजाल बनाया करता है। इन्द्रियों का यह कार्य आत्मा के लिये दुख दायक है।

### शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित




**बरकट्ठा।** डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आई.पी.भारती ने पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर फूलमाला चढ़ा कर किया। उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक आत्मविश्वास, स्वयं के आकलन की शक्ति और आलोचनाओं को स्वीकार करना सिखाता है। विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि अगर आप अंगुठे और हस्ताक्षर के बीच का फर्क समझ पा रहे हैं, तो आज अपने गुरुजनों को इस काबिल बनाने के लिए धन्यवाद दीजिए। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिये। सम्मानित किए गए शिक्षकों में बासुदेव चन्द्र यादव, श्री हरिहर चौधरी, मधुसूदन, मुरलीधर महतो,भीखो प्रसाद पोखराज प्रसाद, प्रीती प्रभा, काशीनाथ महतो, संजय कुमार, अनिल कुमार, राणा सर, भोला राणा, मनोहर कुमार सिंह, रूबी खातून समेत विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वर्ग12की छात्रा रुही परवीन तथा शाहिना परविन ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक तथा छात्र उपस्थित थे।

### बड़कागांव मुखिया संघ की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**बड़कागांव।** बड़कागांव मुखिया संघ की बैठक सांढ़ पंचायत भवन में सोमवार को अध्यक्ष रंजीत कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंचल में अंचलाधिकारी नहीं रहने के कारण किसानों का एवं विकास योजनाओं में कार्य प्रभावित हो रही है। इसलिए अतिशीघ्र अंचल में अंचलाधिकारी की मांग की गई। इसके अलावा प्रखंड के एनटीपीसी प्रभावित पंचायतों में जो विकास योजनाओं एवं आवास निर्माण में प्रतिबंध लगाई गई है वह भी अतिशीघ्र शुरू करने की मांग की गई। मांगे नहीं मानी गई तो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष मुखिया संघ धरना प्रदर्शन करेगा। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, सचिव वासुदेव यादव, मुखिया अनिकेत नायक, इलियास अंसारी, मोहम्मद तककरीमुल्ला, बेबी कुमारी, एतवरिया देवी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, दीपक दास, बिगल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साहू, सनित महतो सहित अन्य मुखिया शामिल थे। उक्त आशय की जानकारी मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार एवं सचिव वासुदेव यादव ने दी।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कैंप संपन्न

**हजारीबाग।** चार और पांच सितंबर को स्थानीय शिवपुरी स्थित संत जोसेफ स्कूल में हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के द्वारा दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस कैंप में अंतरराष्ट्रीय तकनीक हजारीबाग जिला के खिलाड़ियों को सिखाया गया जो भारतीय सेना के जवान एवं अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी प्रिंस सिंह एवं आशुतोष राय ने अपने तकनीक और खेल के नए नियम से खिलाड़ियों को परिचय दिया। साथ ही झारखंड ताइक्वांडो संघ के ऑब्जर्वर के रूप में अमर बावरी हजारीबाग ताइक्वांडो संघ से सचिव हेमंत कुमार, राष्ट्रीय प्रशिक्षक चंदन राणा, रोशन चौहान, रोशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, दिलीप कुमार, अंकित कुमार, संत जोसेफ विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह एवं प्राचार्य आभा सिंह मौजूद रहे।

### जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में जहर खाकर आत्महत्या का मामला बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला मरकच्चो थाना के अंतर्गत पसियाडीह का है, जहां बीती रात एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की, स्थिति गंभीर होने पर देखते हुए डॉक्टर द्वारा बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। उसकी पहचान संतोष सिंह (उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय गोपी सिंह, ग्राम पासियाडीह मरकच्चो) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर रविवार की देर रात जहर खा लेने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज करके मरीजों को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक 7 को

**बरकट्ठा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सात सितंबर को बैठक आहूत की गई है ।जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अर्जुन सोरेन ने कहा कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान कार्यक्रम 16 से 30 सितंबर तक विशेष कार्यक्रम के रूप में चलाया जाएगा। अभियान की सफलता के लिए बैठक में प्रमुख, उपप्रमुख, बीडीओ, सीओ, थानाप्रभारी, सीडीपीओ, बीईईओ, बीपीएम समेत कई अधिकारी व कर्मियों को बैठक में आमंत्रित किया है।

---

## वार्षिकोत्सव में भारत की बहुरंगी संस्कृति की प्रस्तुति को मिली सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** स्थानीय नगर भवन में धूमधाम से शिक्षक दिवस के अवसर पर जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज का स्थापना दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण में भारत की बहुरंगी संस्कृति की प्रस्तुति को सराहना मिली। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए किया गया। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि सहित जीएम ग्रुप के निदेशक शंभू कुमार एवं विनय कुमार व अन्य संस्थापक सदस्यों संयुक्त रूप से किया। संस्थान के निदेशक विनय कुमार ने कहा कि अपने पिता घनश्याम प्रसाद की प्रेरणा से जीएम ग्रुप सफलता अर्जित कर रहा है। निदेशक शंभू कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा के हर विधा में हजारीबाग प्रमंडल के छात्र-छात्राओं को निपुण बनाना है। इस स्थापना दिवस के कार्यक्रम में जीएम ग्रुप के इतिहास तथा प्रगति रिपोर्ट को उपप्राचार्य आलोक कुमार पांडे ने प्रस्तुत किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने भी विचार रखा। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। गणेश वंदना, शिव तांडव नृत्य ने मन मोहा। इसके बाद केके ग्रुप का डांस, महिला सशक्तिकरण के ग्रुप का डांस, समूह नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य, नागपुरी नृत्य, पंजाबी नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। ड्रामा, वन एक्ट प्ले, हरियाणवी डांस एवं गीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य, मिमिक्री से छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखायी। शास्त्रीय नृत्य को प्रस्तुत करने वाले में फामेर्सी के राज वर्मा, रितेश कुमार, सिद्दीकी रजा, रोहित ठाकुर, दीपक कुमार, सुनील राणा और अभिषेक, करण पंडित, आलोक कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, शिवम कुमार, आदित्य कुमार, प्रीति प्रिया, करीना, मनीषा, चांदनी, प्रियंका, चंपा, माही सहित अन्य शामिल है।

## कैप्सूल कोर्स सह नि:शुल्क शिक्षा दान केन्द्र में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** स्थानीय कैप्सूल कोर्स सह निःशुल्क शिक्षा दान केन्द्र नईसराय रामगढ़ में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक सह डाक सहायक रविशंकर राय ने किया। मौके पर श्री राय ने कहा कि शिक्षक सिर्फ विद्यालयों में नहीं होते बल्कि हर वह इंसान शिक्षक हैं। जिनसे हमें कुछ सीखने को मिलता है। कहा कि हमारे देश में कई दिवस मनाये जाते हैं उनमें शिक्षक दिवस की महत्ता सबसे अधिक है। शिक्षक हमें जीवन पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं। बच्चे में शिक्षा के साथ साथ संस्कार का होना भी जरूरी है। सभी शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का



निर्वहन करना चाहिए। वहीं, शिक्षिका दीप्ति किरण ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी छात्र के पहले शिक्षक उसके माता पिता होते हैं। इसलिए हमें अपने माता-पिता का आदर सम्मान करना चाहिए। इस क्रम में अतिथि जमुना सिंह द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिमरन कुमारी, मनिषा, रेशमी कुमारी,अनु कुमारी,आयुष कुमार,शानू समेत कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

---

शिक्षक दिवस पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में कवि सम्मेलन का आयोजन

# पर्यावरण व जल संरक्षण करने पर दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डॉ मजहर खान, सेक्रेड हार्ट स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद कुमार, डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, आशुतोष गौतम, सुभय कुमार ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद बारी-बारी से शिक्षकों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद शुरू हुआ बाल कविताओं का दौर जो देर तक चलता रहा। बच्चों ने स्वरचित



कविताओं में द्वारा जहां गुरु की महिमा का बखान किया। वहीं समाज, पर्यावरण, जल संरक्षण समेत अन्य विषयों पर कविता सुनाकर कई संदेश भी दिए। मुख्य अतिथि डॉ मजहर खान ने भारत मां और मेरी मां कविता सुना कर समा बांधी। इनकी कविता से पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम का संचालन कौशांबी मालवा, जानवी ओझा, सानिया होदा, घटिका जैन, सोनाली सुमन और शालू शाह ने संयुक्त रूप से किया। संचालकों को शिक्षिका पायल सिंह कोऑर्डिनेट कर रही थी। सेक्रेड हार्ट स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम की सराहना की और विद्यालय को सफलता के ऊंचे शिखर तक पहुंचाने के लिए भावी योजनाओं पर चर्चा की। कविता सुनाने वाले बच्चों में सौम्या कुमारी, सृष्टि मिश्रा, शैलवी सिंह, ऋषिका रानी, आनंदिता कुमारी, शिल्पी कुमारी, दिव्यानी सिंह, आयुषी कुमारी, आभास जेठवा, जिया कुमारी, अंशिका कुमारी और प्रिया श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं। बच्चों ने शिक्षकों के लिए ग्रीटिंग कार्ड, गणेश की छोटी मूर्ति और शिक्षकों की तस्वीर भी बनाए थे जिन्हें मंच पर बारी-बारी से बुलाकर निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने दिया। शिक्षकों के द्वारा भी कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। धन्यवाद ज्ञापन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, आशुतोष कुमार, सुभय कुमार, दीपक सर्राफ, सीमा जैन के अलावा सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों का योगदान रहा।

## न्यूज गैलरी

### अनियंत्रित बाइक ने डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, दूसरा घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु में अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क किनारे बने डिभाइडर को मारा टक्कर, जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया है। मृतक की पहचान सेन्हा के ईटा गांव निवासी कार्तिक लोहरा के 16 वर्षीय पुत्र देवदास लोहरा के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के ईटा गांव निवासी कार्तिक लोहरा के 16 वर्षीय पुत्र देवदास लोहरा व बुद्धनाथ तांती का 20 वर्षीय पुत्र जयचन्द तांती लोहरदगा से लोहरदगा से ईटा अपने बाइक जेएच-0 8 सी 0228 से घर जा रहे थे। उसी क्रम में सेरेंगहातु ढोंढा के समीप बाइक अनियंत्रित हो सड़क किनारे लोहा का डिभाइडर से टकरा गया जिसे 16 वर्षीय देवदास लोहरा का मौका पर ही मौत हो गया वही जयचन्द तांती का दोनों पैर टूट गया। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। वही घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकान्त दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कानूनी करवाई में जुट गये।

### जलडेगा पुलिस ने फड़चुनिया शराब विक्रेता को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के गांगुटोली से अंग्रेजी शराब बेचने वाले एक फडचुनिया शराब विक्रेता को जलडेगा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार व्यक्ति सत्येन्द्र कासिर जलडेगा ग्राम गांगुटोली का है, जो अंग्रेजी शराब दुकान से थोक मात्रा में शराब लेकर गांव में बेचता है। जलडेगा थाना के छोटा बाबू रवींद्र कुमार पांडे द्वारा संध्या गश्त के दौरान अंग्रेजी शराब के साथ उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा में मेडिकल जांच कर जेल भेज दिया।

### कलाकारों ने नुक्कड़-नाटक कर लोगों को किया जागरूक

**सिमडेगा।** जिले में यूनिसेफ एवं लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जिले के पांच प्रखंड ठेठईटांगर, जलडेगा, बांसजोर, सिमडेगा एवं पाकर टाड़ प्रखंड में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत कई जगहों पर नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का काम किया गया सोमवार को भी सिमडेगा शहर क्षेत्र के कचहरी के समीप गीत-संगीत से लोगों को जागरूक किया। संस्थान के प्रखंड समन्वयक धर्मेंद्र पंडा ने कहा कि नुक्कड नाटक की टीम हर पंचायत में जाकर लोगो को वैक्सीनेशन, बूस्टर डोज, बाल विवाह के कुप्रभाव, स्तनपान,दुलार पर जागरूक करेगी उन्होंने लोगो से अपील की है कि सभी लोग वैक्सीनेशन का दोनों डोज जरूर पूरा करे तथा जिसका दूसरा डोज का 6 महीना हो चुका है वे लोग बूस्टर डोज अवश्य ले साथ ही जिले वासियों से अपील की है कि किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह ना हो यह समाज के लिए अति घातक है। इधर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों को गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया साथ ही सभी लोगों को जल्द से जल्द सरकार द्वारा संचालित इन योजनाओं का लाभ लेने की बात कही।

### ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**कैरो/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के उतका गांव की 19 वर्षीय समरीन खातून ने अपने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न को लेकर कोर्ट परिवाद संख्या 37/2022 के तहत मामला दर्ज कराया है। समरीन खातून ने ग्राम पंडरी, थाना चान्हो, जिला रांची निवासी अपने पति अफसर आलम इसके भाई हैदर अली पिता आजाद अंसारी ,सास गुलशन खातून,ससुर आजाद अंसारी पर दहेज मांगने व पति पर जबरन गर्वपात करवाने का मामला दर्ज कराया है। कैरो थाना कांड संख्या 37/22 धारा 341, 323, 377, 498ए 313 आईपीसी एवं 3/4 के तहत पुलिस मामला दर्ज कर आगे के करवाई में जुटी हैं।

### तालाब में डूबने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के महतो टोली गांव में तालाब में डूबने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के ही राफेल लकड़ा के रूप में हुई घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि कयास लगाया जा रहा है कि वृद्ध नहाने के लिए तलाब गया था इसी दौरान गहरे पानी में चला गया और डूब कर उसकी मौत हो गयी इधर पुलिस यूडी केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### ऑटो पलटने से तीन महिला हुई घायल सदर अस्पताल में कराया गया भर्ती

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप सोमवार की दोपहर में ऑटो पलटने से ऑटो में सवार तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिलाओं को स्थानीय लोगों द्वारा निजी कार के माध्यम से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचाया। जहां पर उनकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिथरा से सिमडेगा चलने वाली ऑटो यात्री बैठाकर शहर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप तीव्र गति में मोड़ने के दौरान नियंत्रण खो बैठा। और पलट गई पलटने के बाद उसमें सवार सविता देवी, फुलमनी देवी दोनो खिजरी नवाटोली एवं तामड़ा निवासी आरती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया गया सविता देवी को गंभीर चोट आई है।

# मानव तस्करी रोकथाम को लेकर पुलिस की ओर से स्कूली बच्चों की मदद से निकाली जागरूकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड में मानव तस्करी एक बड़ी समस्या है आज देश में यह राज्य मानव तस्करी के लिए एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है झारखंड में अधिकांश तस्करी आदिवासियों की घरेलू श्रम के लिए महानगरों में होती है जहाँ इनसे अनेक तरह के काम करवाये जाते हैं। एसपी सौरभ कुमार ने बताया कि दिल्ली, मुम्बई जैसे महानगरों में कई अवैध प्लेसमेंट एजेंसियां हैं। ये एजेंसियां रोजगार मुहैया के नाम पर ज्यादातर मासूम लड़कियों का आर्थिक, मानसीक, एवं शारीरिक शोषण करती है, अक्सर गांव में मानव तस्कर भोले भाले लोगों को नौकरी दिलाने का लालच देकर बड़े शहरों में ले जा कर बेच देते हैं उन्होने कहा कि अशिक्षा ही मानव तस्करी का मुख्य कारण है गरीबी के कारण ग्रामीण क्षेत्रो के लोग रोजगार के लिए पलायन कर दलालो के चंगुल में फंस कर मानव तस्कर का शिकार हो जाते है। मानव तस्करी के मामले में सिमडेगा भी हमेशा से अग्रणी रहा है। जिसे रोकथाम के लिए सिमडेगा पुलिस सराहनीय कदम उठाई है 3 सप्ताह तक लगातार मानव तस्करी सहित अलग-अलग बिंदुओं पर जिले में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

जिसको लेकर शुरूआती दौर पर सोमवार को सिमडेगा शहर में स्कूली बच्चों की मदद से गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से इसकी शुरूआत करते हुए सिमडेगा के मुख्य सड़क पर होते हुए झूलन सिंह चौक बस स्टैंड महावीर चौक नीचे बाजार होते हुए परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में इसकी समापन की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हुए सिमडेगा में मानव तस्करी को पूरी तरह से जड़ से समाप्त करने के लिए सभी लोगों का सहयोग हेतु अपील की गई साथ ही सभी बच्चों को शपथ भी दिलाई गई कि समाज के सभी लोगों को जागरुक करते हुए मानव तस्करी के प्रति पूरी तरह जागरूक कर सिमडेगा का यह कलंक को पूरी तरह से मिटाना है। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार,एचटीयू थाना प्रभारी सहित थाना के सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस जवान उपस्थित रहे इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित होकर उक्त जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बोलबा और ठेठईटांगर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

**इधर** बोलबा एवं ठेठईटांगर में मानव तस्करी रोकने के लिए बोलबा पुलिस द्वारा अभियान चलाया। बोलबा पुलिस के नेतृत्व में पाकरबहार मोड़ से प्रखंड मुख्यालय होते हुए एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पकरबहार स्कूल मैदान तक मानव तस्करी रोकने, बाल श्रमिक से काम नहीं कराने, बच्चों को स्कूल भेजने के लिए लोगो प्रेरित करते हुए नारा लगाया गया मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नवल किशोर सिंह, मुखिया शशिकला तिर्की, वार्डन कमला कुमारी, पार्वती कुमारी सहित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, सन्त जोन्स स्कूल बोलबा के शिक्षक एवं स्कूली बच्चे शामिल थे वही ठेठईटांगर पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की मदद से प्रखंड मुख्यालय में निकाला मानव तस्करी के प्रति जागरूकता रैली। इस मौके पर चौक चौराहे पर स्कूली बच्चों ने मानव तस्करी रोकथाम के प्रति स्लोगन के साथ नारे लगाए एवं सभी लोगों को मानव तस्करी के प्रति जागरूक होकर सभ्य समाज के निर्माण करने की अपील की। मौके पर थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश सहित थाना के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा केरसई, कुरडेग, जलडेगा, बानो, कोलेबिरा, पाकरटांड, रेंगारीह, बांसजोर, ओड़गा, गिरदा, सहित सभी थाना क्षेत्रों में स्कूली बच्चों की मदद से पुलिस द्वारा मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान हेतु रैली का आयोजन किया। जहां पर स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मौके पर थाना प्रभारी सहित थाना की पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एसपी व डीसी ने संयुक्त रूप से किया जागरूकता रथ रवाना

**इधर** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने मानव तस्करी को जड़ से मिटाने की दिशा में समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित आईये, सिमडेगा पुलिस के साथ कदम बढ़ाए-मानव तस्कर को जड़ से मिटाएं जैसे स्लोगनो के साथ जागरूकता रथ रवाना किया गया।मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए डोडराय, डीएसपी पतरस बरवा सहित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगमित सामाजिक दायित्व की हुई बैठक, कहा

# सीएसआर के तहत जिला के सभी सीएचसी में बड़ी डिजिटल ईसीजी मशीन लगाये जाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय निगमित सामाजिक दायित्व (डीसीएसआर) की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को अमृत सरोवर योजना के तहत पांच नये तालाबों के निर्माण हेतु पूर्व की बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा जानकारी दी गई कि बोर्ड के समक्ष पांच तालाबों के निर्माण हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसकी जल्द ही स्वीकृति मिल जायेगी। 15 अक्टूबर 2022 के बाद तालाब निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। जेएसएलपीएस के पलाश मार्ट और दीदी कैफे को ऑन व्हील प्रारंभ किये जाने के लिए हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को डीपीएम जेएसएलपीएस से समन्वय स्थापित कर कार्य किये जाने का निदेश दिया गया। सीएसआर के तहत जिला के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बड़ी डिजिटल ईसीजी मशीन लगाये




जाने का निदेश हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और सभी स्वास्थ्य उप केन्द्रों (एचएससी) में पोर्टेबल ईसीजी मशीन लगाये जाने का निदेश बैंकों को दिया गया। सिविल सर्जन को निदेश दिया गया कि मशीनों के अधिष्ठापन से पूर्व चिकित्सकों, स्टाफ नर्स, एएनएम आदि को ईसीजी मशीन के इस्तेमाल का तरीका, रख-रखाव, संचालन, ईसीजी रिपोर्ट को पढ़ने आदि का आवश्यक प्रशिक्षण दे दिया जाय। विज्ञान भवन, लोहरदगा में छात्र-छात्राओं के लिए कुर्सी व टेबल लगाये जाने के निदेश पर 12 कुर्सियां उपलब्ध करा दी गई हैं। उपायुक्त द्वारा मेडीकेयर इन्वॉयरमेंटल मैनेजमेंट प्रा0 लि0 को कल्याण अस्पताल बसारडीह में डिजिटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही, प्रसव गृह (लेबर रूम) के लिए आवश्यक डिलिवरी टेबल, डॉप्लर मशीन, नियोनेटल किट, बेबी वॉर्मर, आईसीयू मॉनिटर की व्यवस्था किये जाने का निदेश दिया गया। समाज कल्याण विभाग को निदेश दिया गया कि डीसीएसआर के सभी सदस्यों को आंगनवाड़ी केंद्रों की सूची सौंपी जाय। इसमें से अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों का चयन कर उसे मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र बनाया जाना है। सभी इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। जिला के पांच कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में रंग-रोगन के लिए पूर्व में दिए गए निदेश पर विभिन्न बैंकों के द्वारा रंग-रोगन हेतु अपने उच्च स्तरीय प्राधिकार के पास स्वीकृति हेतु प्रस्ताव समर्पित किये जाने की जानकारी दी गयी। वहीं, जिले के 10 आवासीय विद्यालयों में सोलर इन्वर्टर लगाए जाने के मामले में एसबीआई की ओर से स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ होगा। बैठक में पूर्व में हुए डीसीएसआर की बैठक में दिये गये निदेशों की भी समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध, जिला उद्योग महाप्रबंधक नीलिमा केरकेट्टा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज सीएसआर हेड नीरज कुमार, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक व जिला समन्वयक, उद्योग संचालक समेत अन्य उपस्थित थे।

## असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है कैरो का डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय



- स्कूल परिसर में बाहरी लोगों के शराब सेवन करते शिक्षकों ने पकड़ा, पुलिस को सौपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय इन दिनों असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। आए दिन शरारती तत्व स्कूल में उत्पात मचाते हैं। शाम ढलते ही शरारती तत्व स्कूल कैंपस के अंदर घुस जाते हैं और वहां शराब का सेवन करते हैं।हद तो तब हो गई जब शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन था। कार्यक्रम के दौरान कुछ बाहरी तत्व द्वारा नशीला पदार्थ के सेवन करते हुए शिक्षकों ने उन्हें पकड़कर कैरो थाना के हवाले कर दिया। जिसके बाद कैरो थाना व गण्यमान लोगों की बैठक भी विद्यालय में हुई। बैठक में प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री ने कहा कि दिन प्रतिदिन असमाजिक तत्वो की हुड़दंगी बढ़ते जा रही है। विद्यालय में शराब की खाली बोतल, सिगरेट की खाली पैकेट, प्लास्टिक ग्लास सहित कई आपत्तिजनक सामान मिलते हैं, जो यह बताने के लिए काफी है कि स्कूल में रात में क्या - क्या खेल होता है। इन सारी गतिविधियों के चलते कई प्रकार की परेशानी सामने आ रही है। उन्होंने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को भी दी। मौके पर कैरो थाना एसआई हरिऔध करमाली ने कहा की असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने शिक्षिकाओं से कहा कि छात्राओं को महिला संबंधी अपराध के बारे में जानकारी दे और किसी प्रकार की समस्या होती है तो तुरंत अपने नजदीकी थाना से संपर्क करे।

## डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** डिवाईन स्पार्क पब्लिक स्कूल एम. जी. रोड, लोहरदगा के प्रांगण में सर्वपल्लि राधाकृष्णन का जन्म दिवस के रूप में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने बच्चों से राधाकृष्णन जैसे शिक्षाविद, चरित्रवान, भारत को उच्च पद तक पहुँचने की कामना की। सर्वपल्लि राधा कृष्णन एक प्रसिद्ध शिक्षक, प्रोफेसर, फिलोसफर, इसके बाद भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति एवं भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानिक व्यक्ति थे। इधर कार्यक्रम में बच्चों ने अपने विभिन्न नृत्य से अभिभावकों, अतिथियों एवं छात्रों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति रही। मौके पर अजय महतो, अजित भगत, बलवीर कुमार देव, पत्रकार दीपक कुमार मुखर्जी, वी० के० बाजान्जिनप्पा तथा शामी बालान्जिनापा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रशेखर प्रसाद, शोभा विश्वकर्मा, निकेत कुमार, शारदा कुमारी, मनीषा, खुशनुदा, महवीश, मुशकान, रोशनी, प्रिया कुमारी, प्रियंका, आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## बुनियादी विद्यालय कुडू में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुडू-लोहरदगा।** राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू में धूम धाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। बौद्धिक रूप से उज्वल समाज के निर्माण में शिक्षकों के परोपकारी योगदान और गुरु-शिष्य के बीच स्नेह और न टूटने वाले रिश्ते की परंपरा को बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, संतोष मांझी, प्रधानाध्यापिका अर्सलानी होरो, शिक्षक धर्मदेव प्रसाद, उषा कुमारी, सिमा कच्छप, बिरसा उरांव, उर्मिला कुमारी आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और देश के द्वितीय राष्ट्रपति, दार्शनिक और एक महान शिक्षक-डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के सम्मान के लिए रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर छोटा बच्चा समझ के, नागपुर के कोरा, मखना, में चली में चली, शाकालका बूम बूम, धैन धैन हमार छोटानागपुर, डॉक्टर का नाटक सहित अनेक रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक धर्मदेव प्रसाद कर रहे थे। सकारात्मकता और जोश से भरे माहौल में छात्र - छात्राओं ने नृत्य, ड्रामा की प्रस्तुति देकर अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के बच्चों ने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का उपहार देकर सम्मनित किया। विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों को सधन्यवाद व उनके उज्वल भविष्य के लिए कामना की।

**आकर्षण का केंद्र बना डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के वेश धारण किया स्कूली छात्र :** कार्यक्रम के दौरान डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का वेश धारण किये विद्यालय के छात्र मोहम्मद रजा खान सभी को अपनी ओर आकर्षित करता रहा। साथ ही पंडित बने रौशन और मुस्लिम बने आदिप ने समाज में शिक्षा और एकता के प्रति जागरूक करते हुए सभी को सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्श पर चलने का संदेश भी दिया। इनके अलावा साक्षी, निधि, पलक, पूजा, अनूपा, सना, आरफा, सोनमणि, वर्षा, सोनम, तनीषा, खुशी, पायल, चांदनी, स्मृति, प्रीति, शाएमा, रिमझिम, गायत्री सहित कई बच्चों प्रस्तुतियां दीं।

## मदर टेरेसा एएनएम ट्रेनिंग स्कूल बानो की छात्रा गलेडी समद ने राज्य में लाया तीसरा स्थान



**बानो।** झारखंड नर्सिंग कौंसिल, रिम्स रांची द्वारा आयोजित ए.एन.एम. नर्सिंग की परीक्षा में मदर टेरेसा ए एन एम ट्रेनिंग स्कूल की छात्रा गलेडी समद ने झारखंड राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। निदेशक प्रहलाद मिश्रा ने कहा कि ए.एन.एम.की द्वितीय वर्ष की नर्सिंग परीक्षा में कुल तीस छात्राएं भाग ली थी जिसमें सभी छात्रा सर्वोत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण हुई है। निदेशक प्रहलाद मिश्रा एवं प्राचार्या संगीता कुमारी ने गलेडी समद के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

# श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही समस्त पापों का होता है नाश : जया

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** विश्व विख्यात आध्यात्मिक प्रवचन कर्ता पूज्या जया किशोरी ने लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कहा कि श्रीमद्भागवत का बहुत बड़ा महात्म्य है। हर व्यक्ति को इसका श्रवण करना चाहिए एवं भागवत कथा में वर्णित तथ्यों के आधार पर अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। इससे जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि मिलती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से समस्त पापों का नाश हो जाता है। सच्चिदानंद रूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे! तापत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयं नमः!! अर्थात सत चित और आनंद ये





भगवान के तीन स्वरूप है। जिसने इन तीनों तत्वों को समझा भगवान को समझ लिया। सत्य जो कभी ना बदले अडिग रहें अर्थात ईश्वर। चित मन की आवाज भगवान की आवाज आत्मा में भगवान का वास होता है। आनंद ऐसी खुशी जो एक बार आ जाए और और वापस ना जाए अर्थात भगवान की भक्ति। वैराग्य लेना सांसारिक सुख को छोड़ना नहीं यह एक मानसिकता है। जया किशोरी ने कहा तुम ईश्वर के अतिरिक्त कुछ भी जानते हो, सब भूल जाओ इधर-उधर मत भटको, केवल ईश्वर में ही लीन रहो- रम जाओ। सभी अच्छा कर्म करें, फल की चिन्ता न करे देने वाला तो ईश्वर है। राधे राधे। जया किशोरी ने सभी श्रोताओं से कहा कि आप सभी सात दिन तक कथा श्रवण करें। कथा में बताई गई बातों को चिंतन करें और अगले दिन इसकी पुनरावृति होने के बाद हीं कथा आगे बढ़ेगी। इससे पूर्व ललित नारायण स्टेडियम पूज्या जया किशोरी के आगमन पर राधे राधे से गूंज उठा। सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं उदय शंकर प्रसाद ने जया किशोरी को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। राधे राधे के गुंज के बीच उन्हें मंच पर का ससम्मान पहुंचाया गया। सर्वप्रथम बांके बिहारी जी का पूजा अर्चन उदय शंकर प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू, दुर्गेश साहू, रितेश साहू, हर्षित साहू, किरण माला साहू, अरुणा साहू, मन्नू साहू, रुचि साहू, हंसा साहू, शेरी मुनी के द्वारा किया गया। सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा जया किशोरी को पगड़ी पहनाकर भारतीय परंपरा के अनुसार सम्मानित किया गया। साहू परिवार एवं लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर राजकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, अशोक यादव, सूखैर भगत, निशिथ जायसवाल, लाल मोहन प्रसाद केशरी, राजेंद्र प्रसाद खत्री, बृज बिहारी प्रसाद, संजय बर्मन, मोहन दुबे, कंवलजीत सिंह, अरुण राम, राहुल कुमार, बलवीर देव, सुधीर अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, विजय जयसवाल, अविनाश कौर, लखन मांझी, सजल कुमार, प्रो स्नेह कुमार, डॉ शशि गुप्ता, ओमप्रकाश कसेरा, डॉ गणेश प्रसाद, राजेश महतो, भास्कर दास गुप्ता, संजीव शर्मा, रमेश शर्मा, राजेश महतो, दीपक सर्राफ, सागर वर्मा, संदीप भगत, कमल केसरी, मुरारी गोस्वामी, प्रवीण प्रसाद, देशराज गोयल, नवीन जयसवाल सहित शहर के भक्त जन लगे हुए हैं।

## अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध पुलिसिया कार्रवाई, एक युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अरु में संचालित नेतरहाट हाइवे लाइन होटल में थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी कर अवैध शराब के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरु मेन रोड स्थित संचालित लाइन होटल नेतरहाट हाइवे में अवैध शराब बिक्री होने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार को प्राप्त हुआ था। सूचना प्राप्त के उपरांत जिला टीम एवं स्थानीय पुलिस सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत के नेतृत्व में छापेमारी कर 7 लीटर अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजा गया। जानकारी देते हुए



ऋषिकांत ने बताया कि सेन्हा थाना कांड संख्या 87/22 धारा 273,293 भादवी एवं उत्पाद अधिनियम 47 ए के तहत बरवाटोली निवासी स्वर्गीय नागेश्वर साहू के 30 वर्षीय पुत्र अजय कुमार साहू को गिरफ्तार कर कारवाई करते हुए जेल भेजा गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला टीम के साथ संयुक्त छापेमारी क्षेत्र में किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### पलामू में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**मेदिनीनगर।** जिले भर में शिक्षक दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया । जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों व कोचिंग संस्थानों में शिक्षक दिवस की धूम रही। छात्र-छात्राओं नें डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाया और गुरु-शिष्य के संबंध एवं उसके संस्कारों को बरकरार रखने का शपथ लिया। स्थानीय ब्राइट लैंड स्कूल में भी बच्चो में शिक्षक दिवस के अवसर पर शानदार तैयारियां किया। वही जिला मुख्यालय समेत कई प्रखंडों के स्कूलों में सर्वपल्ली डॉ. राधा कृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्कूलों, कालेजों व शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों ने राधा कृष्णन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। बच्चों ने शिक्षकों से केट कटवाए। मौके पर बच्चों ने राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को नेक इंसान बनने व राधाकृष्णन के बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया। बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को छात्र-छात्राओं के जीवन को गढ़ने वाला व पथ प्रदर्शक बताया। छात्र रूपी बीज को शिक्षक फल बनाता है। बच्चों के रास्ते में फिसलन आती हैं। उससे बचते हुए एक बेहतर नागरिक बनना है। ताकि आपका इतिहास लिखा जाये। जमुने स्थित नीलाम्बर स्कूल में भी शिक्षक दिवस की धूम रही। वही सूदना स्थित मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को चेक प्रदान कर किया पुरस्कृत

**नावा बाजार।** मेदिनीनगर वर्ष 2022 -23 के जिला स्तरीय शिक्षक समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को बीसीसी मिशन स्कूल के प्रांगण में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के उपरांत नावा बाजार प्रखंड के टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार टूटी व छतरपुर प्रखंड के खोढी.मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद यासीन अंसारी को शिक्षा विभाग द्वारा अंग वस्त्र व माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया।

### ट्रांसफार्मर छतिग्रस्त से टोला अंधेरे में डूबा

**पाण्डु।** प्रखंड के ग्राम डाला कला के हरिजन टोला में लगा हुआ विद्युत ट्रांसफामर्र वज्रपात के चपेट में आने से छतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण चार दिनों से सैकड़ो उपभोगकता परेशान हैं । सभी के घर अंधेरे में डूबा हुआ है। वही कुटमु सबस्टेशन के मिस्त्री सन्तु कुमार ने ट्रांसफार्मर को खोल कर देखा और बोला कि यह पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया हैं । यह रिपेयर के योग नही हैं। विभाग के उदासीनता के कारण इसे कोई सुधि लेने वाला नही हैं। पंचायत के मुखिया रामबाबु यादव ने विभाग से कहा हैं कि जितना जल्द बने इसे बदलने का काम करे।वही मौके पर श्यामराज यादव तुलसी यादव अनोज मेहता पच्चू पासवान अरविंद चंदवंशी सुरेंद्र पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### धार्मिक कार्यक्रम होने से क्षेत्र मे सुख शांति आती है: भोला पांडेय

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 33 के विवेकानन्द चौक के निकट समाज सेवी धीरज जयसवाल के द्वारा सिद्धि विनायक समिति ने गणेश पूजा के शुभ अवसर पर विशाल भडारा का आयोजन किया गया। जिस का शुभारंभ कौशल किशोर जैस्वाल एवम सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय तथा वार्ड नंबर 31की पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी वार्ड 33 पार्षद चंचला देवी मां मगला गौरी मदिर के पुजारी अजय मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि पिछले 2016 से सिद्धि विनायक पूजा समिती के अध्यक्ष धीरज जयसवाल के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इस प्रकार के कार्यक्रम से क्षेत्र मे सुख शांति एवम उन्नति प्राप्त होती है। मै अपनी ओर से सभी सम्मानित समिति के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते है। मौके पर उपस्थित विजय चन्द्रवशी ,मंटू जयसवाल ,विकास जयसवाल ,गुड्डू गुप्ता, दिनेश पासवान ,राणा चन्द्रवंशी, गीता अग्रवाल ,रीना जयसवाल, माया देवी ,संगीता देवी, लाला पासवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्र के निर्माता होते है शिक्षक : शफीक

**मेदिनीनगर।** सदर थाना के पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन कि जयंती धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । इसके उपरांत विद्यालय के बच्चों ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को तिरंगे का मुकुट, फूल के माला और शॉल देकर एवं कई अन्य उपहारों से सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किए। बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा कि डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भाषण कला के आचार्य थे। अपनी सौम्यता और संस्कारिता के कारण अजातशत्रु हो गए थे। हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी बेस्ट शिक्षक का चयन किया गया । जिसमें इस वर्ष घुंघरू सिंह का चयन हुआ। जिसे 5000 पुरस्कार राशि देकर स्कूल संस्थापक मों शफीक अंसारी ने प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया । शिक्षक अफजल शफीक ने कहा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक के पद की गरिमा को बढ़ाए है।

# आज पलामू में मनेगा करमा परब



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में करमा परब मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। पांच दिनों से प्रखंड के हर गांव में करमा की गीत गूंज रही है। भाई की सलामती के लिए मनाये जाने वाले इस पर्व में काफी विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। यह पर्व सिर्फ झारखंड में ही नहीं मनाया जाता बल्कि बंगाल, असम, ओड़िशा, तथा छत्तीसगढ़ में भी पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य बहनों द्वारा भाईयों के सुख-समृद्धि और दीघार्यु की कामना की जाती है। झारखंड के लोगों की परंपरा रही है कि धान की रोपाई हो जाने के बाद यह पर्व मनाया जाता रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पर्व को कुंवारी लड़की या फिर नव विवाहिता कन्याओं के द्वारा किया जाता है। पर्व के पहले दिन लड़कियां नदी या तालाब में स्नान करने के बाद बांस की नई डाली में बालू भरकर उसमें उड़द, मुंग, घंघरा, मकई, धान, मटर, जौ, कुरथी इत्यादि का बीज डालती है। इसे गांव के बीच सार्वजनिक जगह पर रखकर करमा की गीत गाती है। प्रतिदिन सुबह शाम करमा की गीत गाकर इस डाली को जगाया जाता है। यह पर्व पूरी तरह से सार्वजनिक रूप से किया जाता है। सुरेंद्र पाहन ने बताया कि करमा पर्व के दिन लड़कियां दिन भर उपवास रखती है। रात में लड़की के भाई के द्वारा करम का डाल लाया जाता है। इसे सार्वजनिक जगह पर रखा जाता है। करम डाल लाने के बदले करमा पर्व करने वाली बहन अपने भाई को भरपूर मिष्ठान भोजन कराती है। करमा पर्व की रात्रि में सभी लड़कियां अपने-अपने घर से सूप-डाली में मिष्ठान भोजन को सजाकर कुरूम डाल के चारों ओर रखती है।

**क्या है महत्व :** इस पर्व में पूजा समाप्ति के बाद करम कथा कही जाती है। करमा और धरमा की कथा सुनायी जाती है। कथा का मुख्य उद्देश्य यह रहता है कि अच्छे कर्म करना। इस संदर्भ में गौंझू कहते हैं कि क, ख, ग, घ, ङ तबे रहबे चंगा।अर्थात क से कर्म करो, ख से खाओ, ग से गाओ फिर घूमो तब तुम चंगा रहोगे।काम कर अंग लागाय कन आर डहर चले संग लागाय कन. कहने का तात्पर्य है कि कोई भी काम करो तो पूरे मन से करो और रास्ता पर चलो तो मित्र के साथ चलो।

## नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थियों ने दिया धरना




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जहां सभी स्कूलों में शिक्षको का सम्मान किया जा रहा है। वही पलामू सहित राज्य के सभी जिले से शामिल हाई स्कूल में नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थियों का धरना कर्मचारी चयन आयोग के समक्ष शुरू किया गया। अभ्यर्थियों की मांग जल्द से रिजल्ट प्रकाशन करना और अभ्यर्थियों की नियुक्ति करना है। गौरतलब है कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया विगत पांच सालों से चल रहा है। नियोजन नीति को हाई कोर्ट के द्वारा रद्द कर दिए जाने के कारण मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँच गया था। पिछले माह अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने नियोजन नीति पर अंतिम फैसला दिया और सरकार को नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का आदेश दिया। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी नियुक्ति को लेकर कोई भी सकारात्मक पहल नही किया गया है। अभ्यथियो के द्वारा बताया गया कि पहले सरकार सुप्रीम कोर्ट का हवाला देकर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नही कर रही थी। लेकिन अब जब कोर्ट से आदेश आ गया तो फिर विलंब का कारण समझ नही आ रहा है। अभ्यार्थियों का मानसिक परेशानी विगत पांच सालों से लगातार बढ़ता जा रहा है। ज्ञात हो कि हाई स्कूल में 17572 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई थी । लेकिन सात हजार पदों पर ही नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो पाई है और सुप्रीम कोर्ट ने पुनः सभी पदों को स्टेट मेरिट बनाकर रिजल्ट प्रकाशन करने का आदेश दिया है।

## कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर-**पलामू जिला स्कूल के मैदान में जन कल्याण ट्रस्ट के द्वारा आयोजित नोक आउट कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हुए वरीय पुलिस उपाधीक्षक राहुल देव आम आदमी पार्टी के नेता प्रो जगन्नाथ प्रसाद सिंह ,गढ़वा जिला प्रभारी कौशल किशोर बच्चन, पलामू जिला उपाध्यक्ष अरुण वर्मा बड़ाइक ,मुखिया संघ अध्यक्ष पपलु दुबे ,जिला परिषद रामलव चौरसिया, ट्रस्ट के अध्यक्ष अजित कुमार दुबे ,आयोजन संचालनकर्ता मनु तिवारी, संरक्षक स्वीटी सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। खेल के मैदान में मुख्य अतिथि प्रो जगन्नाथ प्रसाद ने बल्लेबाजी कर तथा राहुल देव बड़ाइक ने बालिंग कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे प्रो जगन्नाथ प्रसाद ने खेल के प्रति रुचि रखने वाले लोगों का खूब सराहना किया, तो वही सरकार को खेल के प्रति रुचि बढ़ाने की बात कही । उन्होंने कहा कि पलामू के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। पर इन्हे कोई सही प्लेटफार्म मिल पाता है और न ही खेल के लिए कोई सुविधाएं इन खिलाड़ियों को मिलती है। लेकिन इनमें इतनी हौसला है की वो हवाई चपल में भी अच्छी प्रदर्शन कर रहे थे । युवाओं को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से उन्होंने नाराजगी जतायी। राहुल देव बड़ाइक ने खिलाड़ियों एवं ट्रस्ट के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए हौसला बढ़ाया । उन्होंने कहा कि खेल मानव के लिए बहुत ही जरूरी है। खेल से मानव का शरीर के साथ-साथ मानसिक तनाव भी दूर होता है। खेल मानव जीवन के लिए बहुत ही जरूरी है । खेल को हमेशा मनोरंजन की भावना से खेलना चाहिए द्वेष की भावना से नहीं।

### वरदान ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को किया भोजन वितरण

**मेदिनीनगर।** भूख के खिलाफ जंग के लिए काफी संसाधन की जरूरत होती है । लेकिन वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट बिना किसी बड़े संसाधन के सिर्फ हौसलों के दम पर यह जंग लड़ने की कोशिश कर रहा है। सेक्रेड हर्ट स्कूल के शिक्षक स्वर्गीय राजीव की पत्नी संगीता सिंह ने रविवार को अपनी माताजी और परिवार के साथ बहुत सारा भोजन लेकर आईं और अपने हांथों से जरूरतमंदों को दिया। स्टेशन रोड के पास रहने वाले जरूरतमंदों के बीच संस्था ने भोजन का वितरण किया। इस कार्य मे हरप्रीत कौर भी भोजन वितरण अभियान का हिस्सा बनी। पाली दी और गुरदीप कौर इस हफ्ते भी हमारी सहयोगी रहीं। इसके अलावा मन्नत सिंह बेबी और काजल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। संस्था को स्थानीय जनता का अपार स्नेह और सहयोग भी हमें प्राप्त हो रहा है।

## रोहिंग्या को मिल सकता है सरकारी लाभ लेकिन महादलितो को नहीं : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

**पांडू।** प्रखंड में सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को दोपहर के लगभग एक बजे पांडू के पुराना थाना भवन पहुंच महादलित परिवार से मिले । और उनका हालचाल जाना एवं अब तक किसने क्या कुछ मदद किया। इसके बारे में भी जानकारी ली। श्री राम ने महादलित परिवार के बीच कंबल, दरी के साथ-साथ खाद्य पदार्थ का भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बाहर से आये रोहिंग्या मुसलमान और बांग्लादेशी मुसलमान का सब कुछ बन जाता हैं । उनको वाटर कार्ड मिल जायेगा, राशन कार्ड मिल जायेगा, उनका आधार कार्ड बन जायेगा । परंतु यह जो महादलित परिवार के लोग हैं जो यहीं जन्मे हैं और यहीं मरेंगे उनका कोई अधिकार नहीं,। उनका राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, नहीं बन सकता। यह सभी विचारणीय प्रश्न है। इस प्रकार के जितने भी लोग हैं । सर्वे कर एक -एक समस्याओं का समाधान होना चाहिए । हम निदान ढूंढेंगे तो घटना की जड़ में नहीं जा पायेंगे। घटना की जड़ तक हम नहीं जायेंगे तो फिर दिक्कत आ जायेगी। आगे श्री राम ने कहा कि यदि इस मामले में बारह नामजद लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है तो फिर अब तक मात्र पांच लोगों को ही क्यों गिरफ्तार किया गया। अगर लोग गांव छोड़कर भाग गए हो तो इस तरह की घटनाओं में तत्काल कठोरतम ढंग से कुर्की जब्ती की कार्रवाई करनी चाहिए।

### बीस सूत्री अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सदस्यों को विधायक ने दी बधाई

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज बीस सूत्री अध्यक्ष क्रमशः योगेंद्र कुमार सिंह, विमलेश सिंह व जयाउद्दीन खान, उपाध्यक्ष जिशान हसन, संजय सिंह व अजीत सिंह समेत अन्य सदस्यों के मनोनयन पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उन्हे बधाई दी है। विधायक ने मनोनित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को दूरभाष पर बधाई देते हुए कहा है कि बीस सूत्री कमेटियों के गठन से प्रखंडों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

### विधायक ने विधानसभा में किया धरना प्रदर्शन

**पाटन।** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने पांडु के महादलित परिवार के साथ हुए अन्याय जिसमें 10 परिवारों का घर उजाड़ दिया गया है। इसी को लेकर सोमवार को सरकार के द्वारा बुलाये गये एकदिवसीय विधानसभा सत्र में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने महादलितो के साथ हुये अत्याचार को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने सरकार से मांग किया की महादलित परिवार का घर उजाड़ने वाले को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये और महादलित परिवारों को समुचित न्याय मिले।

## शिक्षक सबसे बड़े जौहरी होते हैं : अभिनाश देव



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय होटल शिवाय ब्लू में संत मरियम स्कूल का शिक्षक दिवस समारोह बड़े धूम धाम से मनाया गया । राम श्याम बंधु के संगीत ने समारोह मे समां बांधा। समारोह को सम्बोधित करते हुए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षक शब्द से विशिष्ट कोई शब्द ही नही। बचपन से अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक हम सभी अनेक व्यक्तियों से जीवन के सार को सीखते है । डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाने वाला यह त्योहार एक विशिष्ट त्योहार है। अपने शुभचिंतकों के विशेष आग्रह पर जन्मदिवस के विशेष दिन को शिक्षकों के सम्मान हेतू समर्पित कर दिया। तथ्य यह है कि उन्हे अध्यापन में खासी रुचि थी । प्रथम उराष्ट्रपति बाद में राष्ट्रपति बने। परंतु इसके पहले वे एक बेहतर शिक्षक थे। उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय मैसूर विश्वविद्यालय और ऑक्सफोर्ड जैसे अनेकों संस्थानों में 40 वर्षों तक अध्यापन का कार्य किया था । उनकी अध्यापन को विद्यार्थी भी बेहद पसंद करते थे। जीवन के प्रत्येक चरण में हमें सदैव शिक्षकों के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार एक सादे कोरे कागज को हम उस पर कुछ बेहतर तथ्य लिखकर उसकी महत्ता को बढ़ाते हैं । उसी प्रकार मनुष्य के प्रारंभिक जीवन से लेकर अंतिम समय तक जीवन की सभी प्रकार की शिक्षाओं से परिपूर्ण करके शिक्षक मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारते हैं। जिससे समाज में उस व्यक्ति की प्रतिष्ठा में समृद्धि होती है। मौके पर प्रिंसिपल कुमार आदर्श ने कहा कि शिक्षक अपनी प्रतिष्ठा के लिए किसी खास दिन के मोहताज नहीं होते है । यह पद सदैव प्रतिष्ठित होता है । शिक्षक सदैव अपने शिष्यों को अनुशासन प्रिय, बेहतरीन कार्य करने के तरीके ,ईमानदारी और नैतिक गुणों से परिपूर्ण करते है । आगे उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार सभी शिक्षकों के सुख दुःख में सदैव शामिल रहा है और आगे भी रहेगा। मौके पर वाइस प्रिंसिपल साहा, अमरेंद्र ,

### सुरक्षा व्यवस्था के साथ करमा पूजा मनाने की अपील

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत प्राकृतिक पर्व माने जाने वाला कर्मा का पूजा को लेकर प्रखंड में हर्षोल्लास का माहौल देखा जा रहा है। कर्मा पूजा को लेकर बाजार मैं भी रौनक दिख रही है। वहीं कुछ समाजसेवी व राजनीतिक पार्टी के लोगों ने प्राकृतिक पर्व करमा का अग्रिम बधाई देते हुए करमा पर्व को सुरक्षा व्यवस्था के साथ सावधानी पूर्वक मनाने की आग्रह की है। बीते वर्ष बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत मनंडिह ग्राम में विसर्जन के दौरान घटित घटना को याद कर समाजसेवियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभावक के बीच ,करमा विसर्जन कर्मा पूजा मनाने का आग्रह किया है । आग्रह करने वालों में से अशोक कुमार, प्रीतलाल यादव, सुरेश राम, स्यामसुन्दर यादव, राजेंद्र गंझु, भीखराम भगत, प्रभु दयाल उरांव, ऐश्वर्य उराँव, लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार,मो जुबेर, अजित कुमार सहित कई गणमान्य लोगों का नाम शामिल है।

### स्थानांतरित शिक्षकों को सम्मानपूर्वक दी गयी विदाई

## डॉ राधाकृष्णन के आदर्शो को अपनाएं: यादव




नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** सोमवार को 10+2 स्तरोन्नत उच्च विद्यालय राजी में शिक्षक तथा छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया। विद्यालय के सभी शिक्षको ने छात्रों के बीच डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डाले। साथ ही सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर यादव ने कहा आज डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के कार्यशैली व आदर्शो को अपनाकर एक उत्तम छात्र या शिक्षक बन सकते है। उन्होंने अपने जीवन काल में अपने ही शिक्षक नहीं बल्कि पूरे देश के शिक्षको का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षको तथा चारों ने स्थानांतरित पूर्व प्रधानाध्यापक जितेंद्र पाल, शिक्षक अजय तिरकी, अशोक विश्वकर्मा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया। जहां विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने स्थानांतरित पूर्व प्रधानाध्यापक जितेन्द्र पाल, शिक्षक अजय तिर्की, अशोक विश्वकर्मा को बुके व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने कहा स्थानांतरित प्रधानाध्यापक जितेंद्र पाल तथा दोनो शिक्षको ने कम संसाधन में छात्रों को बेहतर शिक्षा देने का काम किया है। पूर्व प्रधानाध्यापक जितेंद्र पाल के निर्देशन में सीमित संसाधन में बेहतर शिक्षा देने का अनुभव प्राप्त हुआ है। वही पूर्व प्रधानाध्यापक जितेंद्र पाल ने कहा फरवरी माह में 10वी तथा 12वी बोर्ड की परीक्षा का तैयारी चल रही थी इसी बीच हमलोगो का स्थानांतरित हो गया। विद्यालय के छात्रों से नहीं मिलने का कसक मन में था। आज विद्यालय परिवार ने हमलोगो को छात्रों से मिलाकर उस कसक को भी पूरा कर दिया है। कार्यक्रम का संचालन देवाशीष कुमार चौबे ने किया। मौके पर शिक्षक नीरज दुबे, मोतीचंद जायसवाल, डॉ संजय कुमार मौर्य, आलोक चौबे, सत्य प्रकाश यादव, जमाल उद्दीन, मनोज कुमार सिंह, सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## मुरू को हराकर छेचा की टीम ने जीता टूर्नामेंट का खिताब

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के मंगरा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अमडीहा बाजार टांड में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूथ कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया विपिनबिहारी सिंह मौजूद रहे। एक पखवारे से चल रहे लोकल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार दोपहर बाद खेला गया। जिसमें अपने अपने प्रतिनिधि टीमों को हराकर फाइनल मैच मुरु एवं छेंचा के बीच में खेला गया। टूनामेंट में शानदार मैच का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में मुरू बनाम छेचा के बीच खेला गया। जहां दोनों टीमों ने निर्धारित समय पर अपनी-अपनी मैच बराबरी पर रखा इसके बाद पेनल कार्नर के सहयोग से छेंचा की टीम 5-4 से जीत दर्ज की। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा जीत दर्ज किए गए,टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.वहीं उप विजेता टीम को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया . टूनार्मेंट में अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले अन्य प्रतिभागी खिलाड़ियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. मौके पर

यूथ कांग्रेस नेता विजय बहादुर सिंह ने कहा खेल ऐसी कीड़ा है जो शारीरिक तौर पर भी इंसान को मजबूती प्रदान करता है,साथ ही साथ खेल को खेल की भावना से खेला जाए तो राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम पाना कोई बड़ी बात नहीं है.उन्होंने कहा सरकार भी खेल के प्रति काफी सजग और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि ग्रामीण स्तर में इस तरह के टूनार्मेंट आयोजन होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का मौका प्राप्त होता है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दिया। मौके पर काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

## नप अध्यक्ष ने 78 लाख 56 हजार की लागत से पांच योजनाओं का किया शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में 78 लाख 56 हजार की लागत से बनने वाले पांच योजनाओं का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी,उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्तरूप से विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर 4 स्थित इजराइल अंसारी के घर से नंदलाल प्रसाद के घर तक आरसीसी नाली पटिया का निर्माण,वार्ड नम्बर 7 में राजेंद्र राम के घर से मिशन मोड़ तक पीसीसी पथ निर्माण, उमेश पासवान के घर से खखनु पासवान के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, वार्ड नम्बर 5 में अनुमण्डल कार्यालय से सिविल कोर्ट कॉर्नर तक पीसीसी पथ का निर्माण तथा वार्ड नम्बर 14 में इंदिरा महतो के घर से बांकी नदी तक आरसीसी नाली पटिया के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को पूरी तरह से सजाने सवारने के वादे को हमने जमीन पर उतारा है तथा और कई कई बड़ी बड़ी योजनाएं बहुत ही जल्द निविदा प्रक्रिया पूरा कर धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर वार्ड पार्षद राजकुमार प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, मदन प्रसाद, सुधीर सिंह, पुनीत शुक्ल, वार्ड पार्षद शम्भू राम,लखन पासवान, अशोक पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## पलामू पुलिस ने चार ट्रक देशी शराब किया बरामद




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में एक गोदाम से पुलिस ने भारी चार ट्रक में लदे भारी मात्रा में अवैध देशी शराब को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा को सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप किसी गोदाम में तस्करी के लिए रखी गयी है और यह शराब बिहार के इलाके में तस्करी की जाने वाली है। इसी सूचना के आलोक में एडीपीओ सुरजीत कुमार, इंस्पेक्टर राजबल्लभ पासवान और सदर थाना प्रभारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में एक गोदाम में छापेमारी की। इस छापेमारी में पुलिस ने मौके से चार ट्रक में लोड अवैध देशी शराब को जब्त किया है। एसपी चन्दन सिन्हा ने बताया कि सभी ट्रक गोदाम के अंदर छिपाये गए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी गाड़ियों में गवर्मेन्ट ड्यूटी लिख कर शराब की तस्करी करते थे। ताकि पुलिस की नजरों से बचा जा सके। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद किया है। गाड़ियों का नंबर प्लेट बदलकर शराब की तस्करी होती थी। जिस गोदाम से पुलिस ने शराब जब्त की है। उस गोदाम में नारियल और चोकर रखा जाता था। गोदाम से गिरफ्तार मजदूर विवेक कुमार, श्रवण साव, हरेराम सिंह, बिहार के खगड़िया के ग्राम अलोली के रहने वाले हैं। जबकि अंगद कुमार बिहार के बेगूसराय के हरदिया का रहने वाला है। इसके अलावा गिरफ्तार दो अन्य आरोपी पलामू के मेदिनीनगर के रहने वाले हैं। गिरफ्तार मजदूरों ने पुलिस को बताया कि वे पिछले महीने यहां आये हैं। उन्हें मजदूरी का पैसा नहीं मिला है। शराब की यह खेप बिहार के इलाके में खपाई जानी थी। वही शराब मामले में पकड़े गये सभी मजदूरों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है।

### नौ दिनों तक रहेंगे लालबाग के राजा

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जैन मंदिर के पास लालबाग के राजा गणेश पूजन की अवधि पूजा समिति के द्वारा दो दिन बढ़ा दी गई है। पहले पूजा समिति के द्वारा सात दिनों का पूजन किया जाता था। समिति के अध्यक्ष विकास माने ने बताया कि इस वर्ष 11 वां वर्ष होने के अवसर पर दो दिनों की पूजन अवधि बढ़ाया गया है। ज्ञात हो कि महाराष्ट्र के रहने वाले सभी सदस्य शहर में गलाई का काम करते है और स्थानीय लोगों की मदद से गणेश पूजन का कार्य सम्पन्न करते है। विगत दस सालों से ये निरंतर पंडाल बनाकर गणेश की प्रतिमा रखकर पूजन करते आ रहे है। पंडाल में प्रतिदिन महाप्रसाद का वितरण भी किया जाता है। पंडाल को बाहरी कारीगरों के द्वारा सजाया गया है और विद्युत साजसज्जा भी किया गया है।

सम्पादक की कलम से...

## सीएम ने दिखाई अपनी ताकत

**छत्तीसगढ़ गये यूपीए विधायक रविवार रात रांची लौट आये। सोमवार को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपनी ताकत दिखलायी। बहुमत के आंकड़े से ज्यादा विधायकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विश्वास व्यक्त किया। वहीं प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने जमकर बवाल काटा। विशेष सत्र में जिस प्रकार सत्ता पक्ष ने विश्वास प्रस्ताव को जीता वह दिखलाने के लिए काफी है कि अभी हेमंत सोरेन की सरकार ऐसे ही चलती रहेगी। दूसरी तरफ जिस अंदाज में रायपुर से विशेष विमान से विधायक रांची वापस लौटे उसकी भी चर्चा आम है। सभी विधायक एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस पहुंचे, जहां सीएम हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कुछ मंत्रिमंडलीय सहयोगियों और रांची में मौजूद विधायकों के साथ पहले ही सर्किट हाउस पहुंच चुके थे। वहीं पर मॉनसून सत्र की एक दिवसीय बैठक की रूपरेखा तय कर ली गयी। इस बैठक में मुख्यमंत्री की ओर से सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करने और इसके अलावा स्थानीय नीति, जातिगत जनगणना और ओबीसी आरक्षण समेत अन्य अहम मुद्दों पर भी चर्चा हो गयी थी। विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान यूपीए विधायक सत्ता को अस्थिर करने की हो रही कोशिश के बारे में अपनी बात रखे और षड्यंत्र को उजागर करने की कोशिश करने की बात बनी। रायपुर से वापस रांची वापस लौटे यूपीए विधायक और रांची में पहले से मौजूद जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी के विधायक-मंत्री सुबह दस बजे एक साथ विधानसभा के लिए रवाना हो गये थे। सभी विधायक लग्जरी बस से एक साथ विधानसभा गये। और उनके साथ सीएम हेमंत सोरेन और सभी मंत्री भी मौजूद रहे। वापस लौटनेवाले विधायक और मंत्रियों को अपने घर जाने की अनुमति नहीं थी, बल्कि रांची के इसी सर्किट हाउस में उन सभी को एक साथ ठहराने की व्यवस्था की गयी थी। सोमवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करेंगे। झारखंड में यह पहला मौका होगा जब इस तरह से सरकार द्वारा विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया गया। इससे पूर्व सभी बातों पर कानून के जानकारों से सलाह ले ली गई थी, लेकिन इस बीच यूपीए नेताओं को यह भनक लगी कि रायपुर से रांची उड़ान भरने में किसी तरह की तकनीकी दिक्कत हो सकती है और सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश होना है। ऐसी स्थिति में यूपीए नेताओं ने मंत्रणा कर रविवार को ही सभी विधायकों को रायपुर से रांची वापस लाने का निर्णय लिया। यूपीए विधायकों ने सर्किट हाउस में बड़े स्क्रीन पर भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का आनंद उठाया। इस दौरान यूपीए के रणनीतिकार विधानसभा सत्र की रणनीति तैयार करने में भी जुटे। वहीं, सर्किट हाउस में विधायकों के लिए लजीज व्यंजन की व्यवस्था भी की गयी थी। रांची स्थित सर्किट हाउस में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। बड़ी संख्या में पुलिसवालों की तैनाती की गयी। सर्किट हाउस के कर्मचारियों के लिए जिला प्रशासन की ओर से पास की व्यवस्था भी की गयी थी बिना पहचान पत्र देखे किसी को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही ह थी। वरीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों मौके पर पहुंचकर सुरक्षा तैयारियों का जायजा भी लिया था। इस प्रकार सोमवार का दिन हेमंत सरकार के कामों और दिनचर्या की चर्चा आने वाले वर्षों में भी होती रहेगी।**

### आज का इतिहास

**1875** : कप्तान मैथ्यू वेबब 21 घंटे और 45 मिनट में डोवर, इंग्लैंड, कैलाइस, फ्रांस से यात्रा करते हुए अंग्रेजी चैनल में तैरने वाले पहले व्यक्ति बन गए थे।

**1933** : द डाइक्सी भूकंप ने माओ काउंटी, सिचुआन, चीन पर हमला किया जिसमे 9,000 लोग मारे गए थे।

**1950** : राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने अमेरिकी सेना की हड़ताल को रोकने के लिए देश के रेल मार्गों पर नियंत्रण करने का आदेश दिया था।

**1961** : ब्राजील के राष्ट्रपति जैनियो क्वाड्रोस ने सत्ता में केवल सात महीने बाद इस्तीफा दे दिया जिससे एक राजनीतिक संकट शुरू हुआ जो 1964 में सैन्य विद्रोह में समाप्त हुआ था।

**1862** : अमेरिकी गृहयुद्धः बुल रन की दूसरी लड़ाई जिसे द्वितीय मानसस की लड़ाई भी कहा जाता है वो लड़ाई 30 अगस्त को समाप्त हुई थी।

**1879** : जूलस के अंतिम राजा केत्शेवे को अंग्रेजों ने कब्जे में कर लिया था।

**1898** : कालेब ब्रैडम के पेय ब्रैड ड्रिंक का नाम बदलकर पेप्सी-कोला रखा गया था।

**1901** : देश का पहला अमेरिकी निजी स्कूल सिलीमान विश्वविद्यालय फिलीपींस में स्थापित किया गया था।

**1904** : कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन किया गया था।

**1909** : मध्य-स्तर के ग्रीक सेना के अधिकारियों के एक समूह ने व्यापक सुधारों की मांग करते हुए गौडी कूप शुरू किया था।

**1914** : प्रथम विश्व युद्धः रॉयल नेवी ने जर्मन बेड़े को हेलीगोलांड बाइट की लड़ाई में हरा दिया था।

# कतई खतरे में नही पड़ेगी हमारी आजादी

> जनवरी, 1991 में चंद्रशेखर सरकार ने 3,334 करोड़ रुपये का दूसरा ऋण लिया। हमारे वामपंथी मित्र राष्ट्रीय मोर्चा सरकार का समर्थन कर रहे थे।...हमने भी उनका समर्थन किया और यह एक गलती थी। हमें इस पर पछतावा है। ... आज थाईलैंड, इंडोनेशिया, बैंकाक और दक्षिण कोरिया जैसे देशों का वार्षिक निवेश हमारे 20 वर्षों के कुल निवेश से अधिक है। दुनिया के सभी देश अधिक से अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि हमने इसे बंद कर दिया है। इसे 40 से 51 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए मैं वित्त मंत्री को बधाई देता हूं। मेरे विचार से यह 51 प्रतिशत से भी अधिक होना चाहिए।

डॉक्टर मनमोहन सिंह द्वारा प्रस्तुत बजट का मैं स्वागत करता हूं। भारत सरकार द्वारा आर्थिक संकट को हमारी जनता की बेहतरी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर में बदलने का पहली बार गंभीर प्रयास किया गया है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के बजट पर चर्चा और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान इस माननीय सभा के प्रत्येक सदस्य ने न केवल बजट और अभिभाषण के बारे में बोला, बल्कि हमारे देश पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के होने वाले प्रभावों पर भी बोला है। मैं इस बात को समझ नहीं पाता हूं कि मेरे वामपंथी मित्रों और कभी-कभी भारतीय जनता पार्टी के मित्रों में यह हीन भावना क्यों आ जाती है कि विश्व बैंक अथवा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ऋण हमारे देश को पूर्णतया अस्थिर कर देंगे? कल इंद्रजीत गुप्त ने कहा कि ये ऋण हमारी आर्थिक संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता को खतरे में डाल देंगे। परसों भारतीय जनता पार्टी के एक मित्र ने कहा कि सरकार ने हमारी संप्रभुता और यहां तक कि हमारी आत्मा विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को बेच दी है। मैं इस भ्रम को मिटाना चाहता हूं। इस समय हमारे पास 77 अरब डॉलर का विदेशी ऋण है, जिसमें से लगभग 42 अरब डॉलर हमने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक से लिए हैं। पिछले 40 वर्षों से विश्व बैंक से ऋण लेने वालों में हम सबसे आगे रहे, केवल एक वर्ष को छोड़कर, जब चीन ने हमसे ज्यादा ऋण लिया, जब वह विश्व बैंक का सदस्य बना था। ... अतः पिछले 40 सालों से भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक से आसान और कड़ी शर्तों पर सबसे अधिक ऋण लिया है। उन्होंने हमें अस्थिर कैसे किया? उन्होंने हमारे लिए कौन सी समस्याएं पैदा कीं? ...आखिर हम किसका अनुसरण करें? हमें अन्य राष्ट्रों की गलतियों से भी सीखना चाहिए। ...हमारे वामपंथी मित्र दूसरों की गलतियों से सीखना नहीं चाहते हैं। वे वही गलतियां बार-बार करना चाहते हैं। ... अब विश्व में साम्यवाद नहीं रह गया है। रूसियों व चीनियों ने उसे छोड़ दिया है, लेकिन हमारे वामपंथी मित्र अभी भी इसे भारत में चलाना चाहते हैं। लेकिन मैं उन्हें इसके लिए बधाई देता हूं कि उन्होंने पश्चिम बंगाल में इसे पूर्णतया छोड़ दिया है। मैं आपको बताता हूं कि बंबई के बड़े उद्योगपति और बहुराष्ट्रीय ग्रुप कलकत्ता में ज्योति बसु से मिलकर तसल्ली महसूस करते हैं। मैं उन्हें बधाई देता हूं, क्योंकि पश्चिम बंगाल में आर्थिक नीतियों को पूर्णतः उदार कर दिया गया है। लेकिन इसमें क्या गलत बात है, यदि ऐसा पूरे भारत में हो? आप उन नीतियों को केवल पश्चिम बंगाल में ही क्यों लागू करना चाहते हैं? आप नहीं समझते हैं कि भारत आपका देश है? आप इन स्वतंत्रताओं को केवल पश्चिम बंगाल तक ही सीमित क्यों करना चाहते हैं? ...अनेक बातें कही गई हैं। यह तक कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक से ऋण लेना अपने आपको बेचना है। ...मैं डॉ. मनमोहन सिंह को बधाई देता हूं कि उन्होंने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को पीछे छोड़ दिया है। इकोनॉमिक सर्वे में यह कहा गया है कि 1990 और 1991 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से दो ऋण लिए गये। वी पी सिंह की सरकार ने सितंबर, 1990 में 1,173 करोड़ रुपये का ऋण लिया। जनवरी, 1991 में चंद्रशेखर सरकार ने 3,334 करोड़ रुपये का दूसरा ऋण लिया। हमारे वामपंथी मित्र राष्ट्रीय मोर्चा सरकार का समर्थन कर रहे थे।...हमने भी उनका समर्थन किया और यह एक गलती थी। हमें इस पर पछतावा है। ... आज थाईलैंड, इंडोनेशिया, बैंकाक और दक्षिण कोरिया जैसे देशों का वार्षिक निवेश हमारे 20 वर्षों के कुल निवेश से अधिक है। दुनिया के सभी देश अधिक से अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि हमने इसे बंद कर दिया है। इसे 40 से 51 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए मैं वित्त मंत्री को बधाई देता हूं। मेरे विचार से यह 51 प्रतिशत से भी अधिक होना चाहिए। वे हमारे लिए क्या कर सकते हैं? आपने कोई ऐसी कंपनी देखी है, जिसकी 90 प्रतिशत अंशधारिता है? मैं सीमेन्स और कॉलगेट कंपनी को जानता हूं। मुंबई में कई उद्योग हैं, उन्होंने 95 से 100 प्रतिशत अंशधारिता दी है। उन्होंने हमारे लिए क्या कर दिया?...इसलिए इस सरकार को अधिक विदेशी निवेश को अनुमति देनी चाहिए। केवल 51 प्रतिशत नहीं, बल्कि 51 प्रतिशत से भी अधिक। **(लोकसभा में दिए गए भाषण का अंश)**

**■ मुरली देवड़ा**

## बढ़ते हाथ, घटते काम

बाजार जब रोजगार पैदा करना बंद कर दे तो समझिये अर्थव्यवस्था नीतिगत बीमारी की शिकार हो गई है, जिसका इलाज मुश्किल होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ कुछ ऐसा ही जान पड़ता है। चिंता की बात यह है कि कुशल हाथ बेकार हैं, फिर भी श्रम बाजार सिकुड़ रहा है। भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बेशक दुनिया के देश कमोबेश कठिनाई का सामना कर रहे हैं, लेकिन भारत की कठिनाई अलग तरह की है। विशाल उपभोक्ता बाजार और उत्पादन की क्षमता होने के बावजूद यहां मांग और आपूर्ति का संकट है। बेरोजगारी की लंबी खिंचती परिस्थिति के बीच मांग में अतिरिक्त गिरावट की आशंका है। मांग खर्च पर निर्भर होती है और खर्च कमाई पर। कमाई की क्या स्थिति है, आंकड़े नहीं, जेब टटोल कर देख लीजिये। मांग की एक नई खिडकी निर्यात में वृद्धि के साथ खुली थी, और उसके साथ ही रोजगार बाजार के पटरी पर लौटने की उम्मीद जगी थी। मगर भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण दुनिया में मंदी की आहट के साथ यह खिड़की भी बंद होती दिख रही है। निर्यात घटेगा तो जाहिर है विनिर्माण का इंजन सुस्त पड़ जायेगा। रोजगार की पैदावार रुक जायेगी। भारतीय निर्यात में उछाल से उत्साहित कारपोरेट जगत ने 2021-22 में 791 परियोजनाओं के लिए 1,94,548 करोड़ रुपए निवेश की घोषणा की थी, जो 2020-21 की 576 परियोजनाओं के लिए 1,16,603 करोड़ रुपए निवेश की घोषणा से काफी अधिक है। अगर यह सारा निवेश बाजार में उतरता तो निश्चित रूप से रोजगार के अवसर बनते। मगर जब मांग की ही संभावना धूमिल हो चली है, तो ऐसी स्थिति में भला कौन निवेशक अपनी पूंजी गड्ढे में फेंकना चाहेगा? महामारी की रफ्तार थमने के बाद दुनिया के बाजार खुले तो मांग में भी तेजी आई। भारत ने 2022 में अब तक के रिकार्ड 421.89 अरब डालर का निर्यात किया। लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध ने परिस्थिति को पलट दिया है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आहट के कारण मांग घटने लगी है। इसका असर भारत के निर्यात पर पड़ा है। जुलाई 2022 में भारत का निर्यात गिर कर 35.24 अरब डालर हो गया, जो जून में 35.51 डालर था। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च ने अपने एक अध्ययन रपट में कहा है कि निर्यात में वृद्धि के कारण भारत के विनिर्माण क्षेत्र में 2022 में जो तेजी आई थी, निर्यात में गिरावट के कारण वह 2023 में नहीं रहने वाली है। एजेंसी के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की चिंता और चीन में कोविड नियंत्रण के कड़े उपायों के कारण भारत के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हुआ है रपट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2016 से वित्त वर्ष 2020 के दौरान भारत का वार्षिक औसत निर्यात 297.02 अरब डालर रहा था, जो वित्त वर्ष 2019 में बढ़ कर 330.08 अरब डालर हो गया। और 2021-22 में यह रिकार्ड 421.89 अरब डालर पर पहुंच गया निर्यात में यह वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात के कारण हुई।

**■ सरोज कुमार**

## क्यों खास थी गोबार्चेव की 1986 की भारत यात्रा

सोवियत संघ के आखिरी राष्ट्रपति रहे मिखाइल गोर्बाचेव भारत में भी हमेशा याद रखे जायेंगे कि उन्होंने शीत युद्ध को खत्म करने की ठोस कोशिशें की। उनका विगत बुधवार को निधन हो गया। मिखाइल गोर्बाचेव ने रूसियों को स्वतंत्रता का रास्ता दिखाया। यूरोप में शांति के लिए उनकी प्रतिबद्धता ने हमारे इतिहास को बदल दिया। उनके निधन से उनकी सन 1986 में की गई भारत यात्रा की यादें भी ताजा हो गईं। वे भारत यात्रा के एक साल पहले ही सोवियत संघ के राष्ट्रपति बने थे। वे नवंबर 1986 में भारत के चार दिनों के दौरे पर आये थे। उनकी यात्रा को देखते हुए पालम एयरपार्ट से लेकर उन सब जगहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे, जहां पर उन्हें जाना था। दरअसल उस दौर में राजधानी में बड़ी संख्या में अफगानी शरणार्थी रहते थे। वे सोवियत संघ की अफगान नीति से खफा थी। आशंका थी कि अफगानी मिखाइल गोर्बाचेव की यात्रा के दौरान उन्हें काले झंडे दिखायेंगे। पर दिल्ली पुलिस के कड़े बंदोबस्त रहने के कारण अफगानी शरणार्थी अपने इरादों में सफल नहीं हुए थे। मिखाइल गोर्बाचेव का पालम एयरपोर्ट पर भारत के तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी, उनकी पत्नी श्रीमती सोनिया गांधी और केन्द्रीय कैबिनेट के सदस्यों ने स्वागत किया था। तब इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बनने में कई साल शेष थे। मिखाइल गोर्बाचेव की उस भारत यात्रा की सारे संसार में चर्चा इसलिए हो रही थी क्योंकि वे किसी भी एशियाई देश में पहली दफा आए थे। मिखाइल गोर्बाचेव ने अपने उस व्यस्त दौरा के दौरान संसद के दोनों सदनों को संबोधित भी किया था। अपने 30 मिनट के संबोधन में उन्होंने भारत-सोवियत संघ मैत्री के इतिहास और वर्तमान पर चर्चा की थी। हालांकि उम्मीद थी कि वे एक घंटा तो भाषण देंगे ही, पर उनका भाषण आधे घंटे में ही समाप्त हो गया था। वे रूसी में बोले थे। उनके भाषण का हिन्दी- अंग्रेजी में अनुवाद सांसदों को उपलब्ध करवा दिया गया था। मिखाइल गोबार्चेव को उस दौरे के दौरान भारत की तरफ से बताया जा रहा था कि उसे चीन-पाकिस्तान की तरफ से की जा रही हथियारों की होड़ के कारण खतरा है। यह स्थिति अब भी बनी हुई है। यानी इतना वक्त बीतने के बाद भी कुछ चीजें नहीं बदली हैं। वे 1985 से 1991 तक सोवियत संघ की सत्ता में थे। उन्होंने अपने दौर में दो सुधार किये थे जिन्होंने सोवियत संघ का भविष्य बदल डाला। ये थे ग्लासनोस्त या - अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता - और पेरेस्त्रोइका यानी पुनर्गठन। ग्लासनोस्त या खुलेपन की नीति के बाद सोवियत संघ में लोगों को सरकार की आलोचना करने का अधिकार मिला। ये ऐसी बात थी जिसके बारे में पहले रूस वासियों द्वारा कभी कल्पना भी नहीं की गई थी। सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव अपनी पत्नी रायसा के साथ आये थे। वे एक लंबे -चौड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली आए थे। उनके साथ, उप प्रधानमंत्री व्लादिमिर केमेनटसेव, विदेश मंत्री एडवर्ड शेवरनादजे तथा सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के विदेश मामलों के अध्यक्ष एंतोलिव डोबरनिन भी आए थे। वे राष्ट्रपति भवन में ठहरे थे। उस दौर में पालम एयरपोर्ट से लेकर राष्ट्रपति भवन, राजघाट वगैरह के आसपास की सड़कों पर भारत-सोवियत संघ के झंडे और राजीव गांधी तथा मिखाइल गोर्बाचेव के चित्रों वाले बड़े -बड़े बैनर लगे हुए थे। वे महात्मा गांधी की समाधि राजघाट में भी बापू को श्रद्रांजलि देने पहुंचे थे। वे करीब 25 मिनटों तक राजघाट में रहे थे। उन्हें बापू क जीवन से जुड़ी कई किताबें भेट की गईं थीं। उनकी उस दिल्ली की यात्रा के बाद सोवियत संघ ने भारत को मिग-26 विमानों की सप्लाई तुरंत शुरू कर दी थी। यह अलग बात है कि मिग-26 विमानों की गुणवत्ता को लेकर तमाम सवाल बार-बार खड़े ही किये जाते रहे। पर उन दिनों मिग के अतिरिक्त हमारे पास विकल्प ही क्या था ? इस बीच. रूस के मौजूदा राष्ट्रपति पुतिन से उनके संबंध अच्छे नहीं रहे । पुतिन सोवियत संघ के टूटने को दुखद मानते हैं। इसके लिए गोबार्चेव को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है। पुतिन के साथ कई रूसी नेता मानते हैं कि सोवियत संघ के टूट जाने के बाद रूस कमजोर हुआ और उसकी अर्थव्यवस्था गिर गई। गोबार्चेव ने सोवियत संघ के बिखरने के बाद रूसी मीडिया और कला जगत को आजादी दी थी। उन्होंने सरकार पर कम्युनिस्ट पार्टी की पकड़ ढ़ीली करने के लिए कई क्रांतिकारी सुधार किये। उसी दौरान हजारों राजनीतिक बंदियों और कम्युनिस्ट शासन के आलोचकों को भी जेल से रिहा किया गया था। यह भी याद रखा जाय कि गोबार्चेव 54 साल की उम्र में सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बने थे और इसी नाते वो देश के सर्वोच्च नेता भी बने। उस समय, वे पोलित ब्यूरो के नाम से जानी जाने वाली सत्तारूढ़ परिषद के सबसे कम उम्र के सदस्य थे। गोर्बाचेव को पश्चिमी देशों में सुधारों का जनक माना जाता है, जिन्होंने अमेरिका-ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों और सोवियत संघ के बीच तनाव की स्थिति में भी ऐसी परिस्थितियां बनाई, जिससे 1991 में शीत युद्ध का लगभग अंत हो गया। पूर्व-पश्चिम के बीच संबंधों में बड़े बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाने की वजह से उन्हें वर्ष 1990 में नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया। पर उनकी स्थिति 1991 के बाद कमजोर होने लगी। वे राजनीति की दुनिया में हाशिये पर आ गये।

**■ आर.के. सिन्हा**

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे वरानने! वैसे तो मैं तुम्हें बलपूर्वक पकड़कर अपने घर निश्चितरूपसे ले जा सकता हूं, किन्तु बलप्रयोगसे मुझे सच्चा सुख नहीं मिलेगा, उसमें भोगसुख कैसे प्राप्त हो सकता है ? अतएव हे सुकेशि! मैं बहुत विनीतभावसे तुमसे कह रहा हूं कि जैसे पुरूषको अपनी प्रियाके मुखकमलके बिना सुख नहीं मिलता, उसी प्रकार स्त्रियोंको भी पुरूषके बिना सुख नहीं मिलता।।52-54।।

संयोगमें सुख उत्पन्न होता है और वियोगमें दुःख। तुम सुन्दर, रूपवती और सभी आभूषणोंसे अलंकृत हो। [यह सब होते हुये भी] तुझमें चतुरता क्यों नहीं है, जिससे तुम मुझे स्वीकार नहीं कर रही हो? इस तरह भोगोंको छोड़ देनेका परामर्श तुम्हें किसने दिया है? हे मधुरभाषिणि! [ऐसा करके] किसी शत्रुने तुम्हें धोखा दिया है।।55-56।।

हे कान्ते! अब तुम यह आग्रह छोड़ दो और अत्यन्त सुन्दर कार्य करनेमें तत्पर हो जाओ। विवाह सम्पन्न हो जानेपर तुम्हें और मुझे दोनोंकोसुख प्राप्त होगा। विष्णु लक्ष्मीके साथ, ब्रह्मा सावित्रीके साथ, शंकर पार्वतीके साथ तथा इन्द्र शचीके साथ रहकर ही सुशोभित होते हैं। पतिके बिना कौन स्त्री चिरस्थायी सुख प्राप्त कर सकती है? हे सुन्दरि! [कौन-सा ऐसा कारण है] जिससे तुम मुझ-जैसे उत्तम पुरूषको अपना पति नहीं बना रही हो?।।57-59।।

हे कान्ते! न जाने मन्दबुद्धि कामदेव इस समय कहां चला गया जो अपने अत्यन्त कोमल तथा मादक पंचबाणोंसे तुम्हें आहत नहीं कर रहा है। हे सुन्दरि! मुझे तो लगता है कि कामदेव भी तुम्हारे ऊपर दयालु हो गया है और तुम्हें अबला समझते हुए वह अपने बाण नहीं छोड़ रहा है। हे तिरछी चितवनवाली सुन्दरि! सम्भव है उस कामदेवको भी मेरे साथ कुछ शत्रुता हो, इसलिये वह तुम्हारे ऊपर बाण न चलाता हो। अथवा यह भी हो सकता है कि मेरे सुखका नाश करनेवाले मेरे शत्रु देवताओंने उस कामदेवको मना कर दिया हो, इसीलिये वह तुम्हारे ऊपर [अपने बाणोंसे] प्रहार नहीं कर रहा है।।60-63।।

हे मृगशावकके समान नेत्रोंवाली! मुझे त्यागकर तुम मन्दोदरीकी भांति पश्चाताप करोगी, हे तन्वंगि! पतिरूपमें प्राप्त सुन्दर तथा अनुकूल राजाका त्याग करके बादमें वह मन्दोदरी जब कामार्त तथा मोहसे व्याकुल अन्तः करणवाली हो गयी, तब उसने एक धूर्तको अपना पति बना लिया था।।64-65।।

हे मृगशावकके समान नेत्रोंवाली! मुझे त्यागकर तुम मन्दोदरीकी भांति पश्चात्ताप करोगी, हे तन्वंगि! पतिरूपमें प्राप्त सुन्दर तथा अनुकूल राजाका त्याग करके बादमें वह मन्दोदरी जब कामार्त तथा मोहसे व्याकुल अन्तः करणवाली हो गयी, तब उसने एक धूर्तको अपना पति बना लिया था।।64-65।।

उन्हीं सुभद्राके गर्भसे महान् वीर अभिमन्युका जन्म हुआ। वह संग्राम-भूमिमें मारा गया था। उसी युद्धमें द्रौपदीके पाँचों पुत्र भी मारे गये थे।।66।।

**- क्रमशः**

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## नालियों की सफाई कर बीमारी से बचें

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है,जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते - गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

**■ पवन कुमार मेदिनीनगर।**

# रूपहले परदे से गायब नहीं होंगे फिल्मों के सितारे

बीते कुछ हफ्तों में कई हिंदी फिल्में फ्लॉप साबित हुई हैं। कई पर्यवेक्षक और हॉल मालिक इसके लिए बॉलीवुड के सुपरस्टारों को दोषी मानते हैं, क्योंकि उनके मुताबिक, अधिकतर सुपरस्टार के पास कोई प्रतिभा नहीं है। सितारे भी यह नहीं कह सकते कि फिल्म इसलिए पिटी, क्योंकि उनको बेहतर रूप से पेश नहीं किया गया। हिट देने के लिए यदि उन्हें बेहतरीन फिल्म की ही जरूरत है, तो फिर उनके स्टार होने का भला क्या मतलब है? उन्हें करोड़ों रुपये इसलिए दिये जाते हैं, क्योंकि वे लोगों की समझ पर पानी फेरने का दावा करते हैं। अब यही ताकत उनके पास नहीं दिख रही। नतीजतन, अब यह माना जाने लगा है कि बॉलीवुड सुपरस्टार के दिन लद गये हैं। मगर यह सच नहीं है। फिल्मी सितारे टिके रहेंगे, और कामयाब भी होंगे। सितारों के बिना कोई व्यावसायिक फिल्म नहीं बन सकती। पूंजीवाद की ताकत बेशक मौजूदा सितारों के पांव थाम सकती है, पर उनकी जगह उनके जैसे लोग ही लेंगे, संभवतः उनके प्रतिभाशाली बच्चे। रुतबा एक अजीब चीज होती है। यह आम लोग कुछ वैसे लोगों को देते हैं, जिनके पास हर तरह की शक्तियां होती हैं। ठीक हमारे लोकतंत्र की तरह, जिसमें आम लोग कुछ खास लोगों को विशेष ताकत देते हैं। इसका विकल्प पैदा करना काफी मुश्किल है। इस पूंजीवादी व्यवस्था में सुपरस्टार के होने के तीन बड़े कारण हैं। पहली वजह, स्टार होना इस बात का पुरस्कार है कि उनसे बेहतर कोई नहीं जानता कि कोई चीज कैसे बेची जाए। लोग जो बेचने की कोशिश करते हैं, उसका बहुत छोटा हिस्सा ही खरीदा जाता है। बेचना असल में काफी मुश्किल काम है, क्योंकि हमें वास्तव में ज्यादातर चीजों की जरूरत नहीं होती। और, बिना हीरो की कहानी बेचना तो और भी कठिन है। चूंकि कहानियों के साथ लोगों का जटिल रिश्ता होता है, इसलिए लोगों को एक स्टार बेचना आसान है। दूसरा कारण, व्यावसायिक कहानी बहुत अच्छी नहीं होनी चाहिए। मसलन, कहानी कोई अद्वितीय, यथार्थपरक या अलहदा नहीं हो, बल्कि वह सामान्य, सरल और पुरानी कहानियों से कुछ अलग हो। इसी वजह से एक अच्छी व्यावसायिक कहानी कमोबेश खराब कहानी की तरह दिखने लगती है। उनमें फर्क क्या है, यह आप तभी जान पाते हैं, जब फिल्म रिलीज होती है। लिहाजा, हमें स्टार की जरूरत होती है। और तीसरा कारण, आम लोगों को कुछ व्यक्तियों के बारे में राय बनाना पसंद है। इस तरह वे कुछ लोगों के बारे में अपनी राय बनाते हैं और उसके प्यार में पड़ जाते हैं। इससे एक स्टार पैदा होता है। जो लोग हिंदी सुपरस्टार के दिन लदने की बात कहते हैं और यह बताते हैं कि दक्षिण भारत के पास बेहतर कलाकार हैं, इसलिए वहां अच्छी फिल्में बन रही हैं, तो वे दरअसल दक्षिण को कुछ ज्यादा ही महत्व दे रहे हैं। दक्षिण भारत में कई बेकार फिल्में भी बनती हैं और जैसा कि हर फिल्म उद्योग में होता है, वे फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर पानी मांगती नजर आती हैं। हम यह कह सकते हैं कि दक्षिण में लोग अब भी सिनेमाघरों में जाते हैं, लेकिन ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि अर्थव्यवस्था और आर्थिकी के मामले में उत्तर भारतीय शहरी मध्य वर्ग दक्षिण की तुलना में कुछ साल आगे है। तथ्य यही है कि दिल्ली और मुंबई में एक सामान्य मल्टीप्लेक्स का टिकट चेन्नई की तुलना में महंगा है। फिर, उत्तर भारतीय मध्यवर्ग दक्षिण भारतीय की तुलना में मनोरंजन के लिए फिल्म पर कम निर्भर है। ऐसे में, बॉलीवुड की असफलता वास्तव में एक शगुन है। दस साल के भीतर ही दक्षिण के सितारे भी असफल होने लगेंगे, क्योंकि वहां भी वाहियात फिल्मों की आमद अचानक से बढ़ सकती है। बॉलीवुड सितारे इसलिए फ्लॉप नहीं हो रहे, क्योंकि हिंदी सिनेमा के प्रति दर्शकों का आकर्षण कम हुआ है, बल्कि ये सितारे अब लोगों को घरों से बाहर निकालने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। भारत में फिल्म देखने बाहर निकलना मनोरंजन कम और ट्रैफिक, वायु प्रदूषण और पार्किंग जैसे कष्ट ज्यादा देता है। वास्तव में, उस भारत में हिंदी सिनेमा का कोई मुकाबला नहीं, जहां 'विकास' आ चुका है, क्योंकि वहां इन कष्टों को मल्टीप्लेक्स दूर कर देते हैं। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**■ मनु जोसेफ**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### बांध से महिला और नवजात का शव बरामद



**बांका (एजेंसी)।** जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गांव के पश्चिम भौरा पुल के समीप लखनझरी बांध से सोमवार को स्थानीय पुलिस ने एक अज्ञात महिला के शव के साथ नवजात का शव बरामद किया है। घटना की सूचना मिलते ही शव को देखने के लिए बांध पर गोपालपुर सहित आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी। महिला का शव लाल कपड़े से लिपटा हुआ था। साथ ही कपड़े के उपर करीब 5-6 फीट का बांस का टुकड़ा बांधा था। जबकि नवजात का शव प्लास्टिक से बांधा हुआ था। हालांकि इस दौरान शव की पहचान नहीं हो पायी। स्थानीय लोगों ने घटना को कहीं अन्यत्र अंजाम देने के बाद साक्ष्य को छुपाने की नियत से दोनों के शव को बांध में फेंक देने की आशंका व्यक्त की है। फिलवक्त पुलिस ने पंचनामा कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर गांव की कुछ बच्चियां स्नान करने के लिए लखनझरी बांध गयी थी। जहां स्नान करने के दौरान पानी में तैरता शव को देखा। जिसके बाद बच्चियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया, शोर सुनकर स्थानीय ग्रामीण बांध पर पहुंचे। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया है कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया है। फिलवक्त शव की पहचान नहीं हो पायी है। मामले में पुलिस की कार्यवाही जारी है।

### सारदा के एक मामले में कुणाल घोष को अदालत से मिली राहत



**कोलकाता (एजेंसी)।** सारदा के एक मामले में तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता कुणाल घोष को कोर्ट से राहत मिली है। उनके खिलाफ राज्य पुलिस की ओर से दायर धोखाधड़ी और विश्वासघात के आरोप को एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने खारिज कर दिया है। कुणाल घोष पर सारदा कांड के संतरागाछी मामले में धोखाधड़ी और विश्वासघात का आरोप लगाया गया था। सोमवार को एमपी-एमएलए विशेष अदालत के न्यायाधीश मनोज्योति भट्टाचार्य ने कहा कि इन धाराओं के तहत कुणाल घोष के खिलाफ किसी अपराध का कोई सबूत नहीं है। हालांकि, बाकी मामले की सुनवाई जारी रहेगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेशानुसार यह मामला वर्तमान में हावड़ा जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में चला जायेगा। कुणाल के वकील अयान चक्रवर्ती ने सोमवार को कहा कि अदालत ने राज्य पुलिस के विशेष जांच दल द्वारा कुणाल घोष के खिलाफ लाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। मामले के समग्र मुद्दे पर सुनवाई जारी रहेगी। फिलहाल मामला वापस हावड़ा कोर्ट में जा रहा है।

### मधुबन में गला रेतकर बुजुर्ग डॉक्टर की हत्या

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग डॉक्टर की गला रेतकर हत्या कर दी गयी है। घटना क्षेत्र के कंसपकड़ी गांव की है। मृतक डॉक्टर कंसपकड़ी निवासी होमियोपैथी डॉक्टर जयलाल सहनी उर्फ अमीन साहब (80) है। बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार के अन्य सदस्य रांची व दार्जिलिंग में रहते हैं। वे अकेले खाना बनाने वाली नौकरानी हेलेन जोजो के साथ रहते थे, जो झारखंड के सिमडेगा की रहने वाली है। मधुबन थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया नौकरानी हेलेन जोजो को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जिसने प्रारंभिक जानकारी में बताया है कि डॉक्टर साहब रात में 9 बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। वह भी खाना खाकर दूसरे कमरे में सोने के लिए चली गई। करीब 10 बजे रात में उनके कमरे से बचाव-बचाव की आवाज आई। वह अपने कमरे से निकलने का प्रयास की। किंतु हत्यारों ने उसके कमरे के दरवाजे का हैंडल बाहर से बंद कर दिया था। इसलिए वह कमरे से बाहर नहीं निकल पायी। हेलेन ने उसके बाद इसकी सूचना मोबाइल से रांची में रह रहे उनके पुत्र मिथलेश सहनी को दी।

# भारत एक बार फिर विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है : योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर कहा कि देश में शिक्षा के क्षेत्र में जो काम हो रहे हैं, उन्हें देखकर ये कहा जा सकता है कि भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। देश के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को हर साल शिक्षक दिवस के रूप में मनाये जाने के दौरान यहां आयोजित एक कार्यक्रम में एकत्र हुए प्रदेश के शिक्षकों से मुखातिब होते हुए कहा कि 2014 के बाद शिक्षा के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित हुए शिक्षकों का स्वागत करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा, हमारा देश 05 सितंबर को देश के द्वितीय राष्ट्रपति महान शिक्षाविद, दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के रूप में मनाता है। आधुनिक भारत के निर्माण के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण कारक है। यह अवसर शिक्षकों के लिये नयी पीढ़ी को ज्ञान के दीपक से आलोकित करने के लिये प्रेरित करता है। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा,माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा यहां प्रधानाचार्य और अध्यापकों को सम्मानित किया गया। योगी ने कहा कि जब दुनिया कोरोना के संकट से जूझ रही थी, तब भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यक्रम को शुरू कर रहा था। उस समय प्रदेश सरकार ने तकनीकी के प्रयोग को शुरू किया और शिक्षा को पटरी पर लाया गया। इस दिशा में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 5 वर्ष के कार्य सभी के सामने हैं। इसमें 'स्कूल चलो अभियान' के उत्साहजनक परिणाम सामने आये। स्कूल चलो अभियान आज 2016 के तुलना में एक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा, जब हमने प्रदेश में शासन संभाला तो प्राथमिक विद्यालय बंद होने की कागार पर थे। गन्दगी का अंबार होता था। उस समय हमारे सामने परीक्षाएं आयोजित हो रही थी। तब परीक्षा में नकल कराने की शिकायतें आई। हमने नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिये सख्ती की और इसके फलस्वरूप उस साल परीक्षा के परिणाम बहुत खराब आये, लेकिन हमने उसी समय नकल विहीन परीक्षायें कराने के लिए एक दशा एवं दिशा तय कर दी थी। उन्होंने कहा कि इस दौरान शिक्षकों की पारदर्शी प्रक्रिया से भर्ती हुई। इनमें बेसिक शिक्षा परिषद में 1.26 लाख और माध्यमिक विद्यालयों में 40 हजार भर्तियां हुई। योगी ने कहा कि इसके साथ ही पूरे प्रदेश में माध्यमिक परीक्षाओ में 56 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रदेश की नकल विहीन परीक्षा अब देश में मिसाल बन गयी है। मुख्यमंत्री ने कि कि स्कूलों में बेहतर सुविधायें सुनिश्चित करने के लिये 'ऑपरेशन कायाकल्प' शुरू किया गया। इससे क्रांतिकारी बदलाव हुए जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में पेयजल, टॉयलेट, सोलर पैनल और लाइब्रेरी की सुविधाएं आदि इन विद्यालयों में आज मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि निपुण भारत अभियान भी इसी कार्य का हिस्सा है।

## लखनऊ के लिवाना स्वीट होटल में लगी आग, दो की मौत, सात घायल



**उत्तर प्रदेश** की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में स्थित होटल लिवाना स्वीट में सोमवार को सुबह आग लग गई। इसमें एक महिला सहित दो लोगों की मौत एवं सात अन्य के घायल होने की पुलिस ने जानकारी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अस्पताल जाकर घायलों का हाल लिया और घटना की जांच के आदेश दे दिया हैं। पुलिस के अनुसार शहर के मुख्य बाजार हजरतगंज थाना क्षेत्र में महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित होटल लिवाना स्वीट में सुबह के समय लगी आग। पुलिस के अनुसार राहत एवं बचाव कार्य के दौरान दर्जन भर से अधिक लोगों को होटल से बाहर निकाल लिया गया। इनमें से नौ घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने एक पुरुष और एक महिला को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में सात लोगों का इलाज चल रहा है। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्या अधिकारी ने बताया कि दो लोगों की मौत दम घुटने से हुयी है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री बृजेश पाठक ने भी अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। पुलिस ने आग लगने की वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जतायी है। पाठक ने बताया कि दो लोगों की मौत हुयी है और सात अन्य को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रख कर इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि होटल में आग लगने के बाद बिजली काट दी गयी थी। इस वजह से होटल के कम्प्यूटर बंद होने के कारण इस अग्निकांड में हताहत हुए लोगों की शिनाख्त नहीं हो पायी है। उन्होंने कहा कि होटल के कम्प्यूटर जल्द शुरू करवाने की कोशिश की जा रही है जिससे मृतकों एवं घायलों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित किया जा सके।

## भीषण सड़क हादसे में मासूम समेत चार की मौके पर हुई मौत



**अररिया (एजेंसी)।** अररिया के रानीगंज थाना क्षेत्र में मध्यरात्रि हुए भीषण सड़क हादसे में तीन साल के एक मासूम समेत चार लोगों की मौत हो गई। घटना रानीगंज थाना क्षेत्र के विस्टोरिया पुल के समीप की है। हादसे में फारबिसगंज के मिजार्पुर पंचायत के मुखिया पति राजेश ऋषिदेव, मुखिया का तीन साल का पुत्र मन्नू कुमार, रंजीत ऋषिदेव और 55 साल का श्याम ऋषिदेव की घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रानीगंज-फारबिसगंज मुख्य सड़क मार्ग में विस्टोंरिया पुल के समीप रविवार की मध्य रात्रि ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की सीधी टक्कर हो गई। राजेश ऋषिदेव अपने तीन साल के बीमार पुत्र मन्नू कुमार को लेकर डॉक्टर को दिखाने रानीगंज जा रहा था। इसी दौरान सड़क पर खड़े ट्रैक्टर में सीधी टक्कर हो जाने के कारण हादसा हुआ।बाइक पर बीमार बच्चे को ले जाने के दौरान रंजीत ऋषिदेव और श्याम ऋषिदेव भी बाइक पर सवार हो गया था और सभी बीमार बच्चे को लेकर रानीगंज की ओर जा रहे थे कि इसी क्रम में विस्टोंरिया पुल के समीप खड़े ट्रैक्टर में टक्कर हो जाने से चारों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद रात में रानीगंज थानाध्यक्ष कौशल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी को रानीगंज रेफरल अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गया और पूरा माहौल गमगीन हो गया। रात में ही जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी मृतकों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह समेत एसपी अशोक कुमार सिंह भी सदर अस्पताल पहुंचे और घटना को लेकर जानकारी ली। एसपी अशोक कुमार सिंह के निर्देश पर देर रात हुई चारों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने व्यापारी के ठिकानों पर मारा छापा

**कोलकाता (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधी इकाई ने सोमवार को करोड़ों रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में दक्षिण कोलकाता में एक व्यापारी के घर पर छापा मारा। सीबीआई के अधिकारी सुबह करीब सवा सात बजे रानीकोठी स्थित उद्योगपति के घर पहुंचे और मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर तलाशी शुरू कर दी। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने रामस्वरूप इंडस्ट्रीज के मालिक आशीष झुनझुनवाला को हिरासत में ले लिया, जिसकी कुछ बैंक अधिकारियों ने सहायता की थी। सूत्रों ने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर बैंकों को 184 करोड़ रुपये चूना लगाया है। इस सिलसिले में 2020 में बैंक की ओर से ऋण की राशि नहीं लौटान पर उद्योगपति के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था।

## दो दिनों तक राज्य में बारिश के आसार, मौसम विभाग का 13 जिलों में खास अलर्ट जारी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में फिर से सक्रिय हुए मानसून से अच्छी बारिश हो रही है। राज्य के सभी जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। बारिश के साथ मेघगर्जन और आकाशीय बिजली की घटनाएं भी हो रही है। जिससे दर्जनों लोगों की मौत भी हुई हैं। इसके साथ ही गंगा के साथ कई नदियां खतरे के निशान से उपर तो कही कई गांवों को भी डूबों चुकी है। इस बीच सोमवार के लिए मौसम विभाग ने पूर्वानुमान रिपोर्ट जारी किया है। मानसून ट्रफ का पश्चिमी छोर भटिंडा, रोहतक, शाहजहांपुर से और पूर्वी छोर हिमालय की तलहटी से होकर गुजर रही है। इस वजह से राज्य के उत्तरी भाग में बारिश की गतिविधियां हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज राज्य के 13 जिलों के पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया एवं किशनगंज जिले में आकाशीय बिजली और मेघ गर्जन की चेतावनी है। इन मौसमी प्रभाव को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी पटना में स्थानीय प्रभावों से छिटपुट बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 8 सितंबर 2022 तक के लिए पूर्वानुमान रिपोर्ट जारी किया है। जानकारों का कहना है कि मौसमी दशाओं में परिवर्तन के कारण राज्य में 6 सितंबर तक अच्छी बारिश होने की संभावना है। 7 और 8 सितंबर तक राज्य में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश होने के आसार जताये गये हैं।

## लंबित आवेदनों के निस्तारण में डीएम ने लिया संज्ञान



**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** लोक शिकायत निवारण, ई-कॉम्पलयंस, सीपी ग्राम, शास्ति अधिरोपित, परिवादों के ससमय निष्पादन की लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान लिया संज्ञान। आज सोमवार को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकार नालन्दा के स्तर पर कुल 153 वाद सुनबाई हेतु लंबित पाए गए। वहीं उनके स्तर से विगत 60 दिनों से अधिक 16 मामले तथा सुनवाई हेतु विस्तारित 16 मामले बताए गए। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के स्तर पर कुल 157 मामले लंबित बताए गए। अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बिहारशरीफ के स्तर पर सुनवाई हेतु कुल 387मामले लंबित बताये गए।उनके स्तर से 16 मामले विस्तारित के बताए गए हैं। अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजगीर के स्तर पर सुनवाई हेतु कुल 170 मामले लंबित सहित कुल 173 मामले लंबित पाए गए हैं। इसी प्रकार अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी हिलसा के स्तर पर सुनवाई हेतु कुल 325 मामले सहित कुल 338 मामले लंबित पाए गए। जहां प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु कुल 22 मामले लंबित पाए गए हैं। आरटीपीएस की समीक्षा में पाया गया कि नालन्दा जुलाई माह तक बिहार में 7वें पायदान पर रहा है। जिला पदाधिकारी ने तत्काल प्रमाण पत्रों के सत्यापन शत-प्रतिशत ससमय करने का भी निदेश दिया।शास्ति बसूली में तेजी लाने के भी निदेश दिया है। जिला पदाधिकारी ने जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को निदेश दिया कि जिला स्तर पर प्राप्त लोगों की शिकायतों की जांच हेतु उन्हें भेजे गए आवेदनों के अनुपालन प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करें। अन्यथा तर्कसम्मत कारवाई के तहत विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**हमलोगों ने देशहित और राज्यहित में गठबंधन किया है**

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी सतर्क हैं : तेजस्वी



**पटना (एजेंसी)।** दिल्ली जाने से कुछ घंटे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश की लालू से हुई मुलाकात के बारे में बताते हुए उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को यहां कहा कि नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और साथ ही दिल्ली दौरे से पहले विपक्षी एकता को लेकर भी बातचीत हुई है। भाजपा निशान साधते हुए तेजस्वी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी को जेल भेजने की धमकी देती है। कौन उनसे डर रहा है? हम लोग देश हित में और राज्य हित में गठबंधन किये हैं और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी लोग बिल्कुल सतर्क हैं। पत्रकारों के एक सवाल कि अमित शाह भी बिहार आ रहे हैं इसका क्या मतलब है। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग तो हमसे ज्यादा सचेत हैं और अगर बिहार में उन्माद फैलाने की कोशिश होगी तो हम लोग इसको टॉलरेट नहीं करेंगे।

पटना में लालू यादव से मुलाकात के दौरान राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। मुलाकात के बाद लालू यादव नीतीश कुमार को घर से बाहर तक छोड़ने आये। जिसकी तस्वीर भी सामने आयी है। राज्य में महागठबंधन सरकार बनने के बाद यह दूसरा मौका है जब नीतीश कुमार ने लालू यादव से उनके घर जाकर मुलाकात की।

## पक्षपात का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में तृणमूल समर्थक वकीलों ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता (एजेंसी)।** सोमवार को तृणमूल समर्थक वकीलों ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजशेखर मंथा की बेंच के सामने पुलिस की निष्क्रियता और अति सक्रियता के आरोपों से जुड़े मामलों को बेंच से हटाने की मांग की। इन वकीलों ने सोमवार सुबह राजशेखर मंथा अदालत कक्ष को कुछ देर के लिए घेर लिया। अन्य वकीलों को अदालत कक्ष में प्रवेश करने से रोक दिया गया। जब भाजपा और वामपंथी झुकाव वाले वकीलों को अदालत कक्ष में प्रवेश करने से रोक दिया गया उस समय वकीलों के बीच हाथापाई हो गई। इस मामले पर भाजपा और वामपंथी समर्थक वकीलों ने न्यायाधीश मंथा का ध्यान खींचा। इस संदर्भ में न्यायाधीश ने कहा कि विधानसभा के बाहर अगर कुछ होता है तो मुझे इससे कोई लेना-देना नहीं है। अगर वकीलों को मेरे कोर्ट रूम में प्रवेश नहीं करने दिया गया तो वादियों को परेशानी होगी। इसे सभी को ध्यान में रखने की जरूरत है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव ने भी न्यायमूर्ति मंथा के कक्ष के बाहर घेराबंदी और विरोध प्रदर्शन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के कक्ष के सामने विरोध करना अदालत की परंपरा नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव ने पुलिस की निष्क्रियता और अधिक सक्रियता के आरोपों से जुड़े मामलों को न्यायमूर्ति मंथा की पीठ को सौंप दिया था। तीन महीने पहले इन मामलों को मंथा बेंच से हटाकर अन्य जजों की बेंच को भेजा गया था। महज तीन महीने के भीतर इन मामलों को मंथा की पीठ को वापस भेजने के फैसले से तृणमूल समर्थक वकील नाराज हैं। तृणमूल समर्थक वकीलों की मांग है कि पुलिस की निष्क्रियता और अति सक्रियता से जुड़े मामलों को जस्टिस मंथा की बेंच से दूसरी बेंच में ट्रांसफर किया जाए।

## महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म, सभी स्वस्थ

**नवादा।** नवादा जिले में सोमवार को नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के एक गांव की महिला ने सामान्य प्रसव से तीन बच्चों को जन्म दिया। एक साथ तीन बच्चों की जन्म की जानकारी के बाद दिन भर बच्चों को देखने को लेकर क्षेत्रवासियों में कौतूहल बना रहा। पीएचसी प्रभारी डा. आरती अर्चना ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर निवासी राजेश कुमार की पत्नी मिनता कुमारी को प्रसव पीड़ा के बाद सोमवार को पीएचसी वारिसलीगंज लाया गया था। जहां अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सकों की देखरेख में महिला ने सामान्य प्रसव से तीन स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। नवजात में एक लड़का जिसका वजन 1 किलो 800 ग्राम व दो लड़की जिसमें एक का वजन 1 किलो 40 ग्राम तथा दूसरी बच्ची का वजन 1 किलो 50 ग्राम था। तीनों नवजात सहित प्रसूता पूर्णतया स्वस्थ बताई गई। प्रसव बाद जच्चा व बच्चा को चिकित्सीय जांच बाद घर भेज दिया गया।

**महागठबंधन की सरकार बनने के बाद पहली बार लगा जनता दरबार**

# सीएम ने 59 लोगों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**पटना (एजेंसी)।** महागठबंधन की सरकार बनने के बाद पहली बार हो रहे जनता दरबार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राज्य के विभिन्न जिलों से आए 59 फरियादियों की समस्याओं को सुना। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में मुजफ्फरपुर जिला से आए एक फरियादी पिता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे इकलौते पुत्र की षड्यंत्र के तहत हत्या कर दी गई। मेरे लगातार गुहार लगाने के बावजूद भी हत्या के 20 माह गुजर जाने के बाद अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपित आए दिन हम लोगों को धमकाते रहते हैं, जिससे पूरा परिवार दहशत में जी रहा है। इसी तरह शिवहर जिला से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे बेटे की हत्या वर्ष 2021 में कर दी गई थी। मामले में लगातार गुहार लगाती रही, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग को मामले की जांचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

भागलपुर जिला से आए एक युवक ने अपनी बाइक चोरी की शिकायत करते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाने गए तो थाने में मामला दर्ज करने से इंकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को मामले की जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पूर्वी चंपारण जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनके भाई जो कि पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर तैनात थे और शराब माफिया को पकड़ने के दौरान अपराधियों ने उनकी वर्ष 2021 में हत्या कर दी थी। इस पूरे मामले में अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुंगेर जिला से आये एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि जमाबंदी में अंचलाधिकारी घालमेल कर रहे हैं, जिससे जमाबंदी को लेकर परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नरकटियागंज से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि कुछ लोगों ने उनकी निजी जमीन पर मदरसा बना लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पश्चिम चंपारण जिला से आयी एक महिला ने गुहार लगाते हुए कहा कि एक शख्स सोशल मीडिया पर उनकी बेटी का फोटो डालकर बदनाम कर रहा है। वहीं पश्चिम चंपारण से आए एक व्यक्ति ने गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी ढाई साल की भांजी का डेढ़ साल पहले अपहरण हो गया था, प्रशासन से लगातार गुहार लगाने के बावजूद भी अब तक नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बांका जिला से आए एक व्यक्ति ने गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी जमीन को भू-माफिया प्लॉटिंग करके बेच रहे हैं और शिकायत करने पर धमकी देते हैं। मेरी जमीन का दाखिल खारिज भी नहीं हो रहा है जिससे परेशानी हो रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को मुख्यमंत्री ने समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अररिया जिला से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनके पति जो कि तीन माह से जेल में बंद थे और वहीं उनकी मृत्यु हो गई। मामले में आज तक उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जनता के दरबार कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, गृह विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, निगरानी विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, निर्वाचन विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुई।

## काशी गंगा आरती आयोजन से माहौल हुआ भक्तिमय 11 हजार दीपों की रौशनी से जगमग हुआ घाट



**सहरसा (एजेंसी)।** जिले में शंकर चौक स्थित श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर स्थित तालाब सौंदर्य, आध्यात्म, श्रद्धा व समर्पण की अनुपम छटा बिखेर रहा था। मौका था गणेश महोत्सव के पांचवे दिन काशी गंगा महाआरती और दीपोत्सव का। गणेश सेवा मंडल द्वारा आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। तालाब की साफ-सुथरी सीढ़ियों पर समय से पहले ही दीपों की कतार सज चुकी थी। निर्धारित समय से पूर्व ही श्रद्धालु महिला-पुरुष व बच्चों का आना और सीढ़ियों पर जगह सुरक्षित करने का सिलसिला लगातार चल रहा था। सेवा मंडल के सदस्य लोगों को स्थान दिलाने और बच्चों को तालाब की ओर जाने से रोकने में जुटे हुए थे। तालाब के जल में रंग-बिरंगे गुब्बारे मनमोहक लग रहे थे। वहीं चारों ओर लगी बिजली बत्ती और ध्वज पताका तालाब को अलग रूप दे रहा था। मंदिर में महादेव और गणेश भगवान की दैनिक पूजा और सांध्यकालीन आरती के बाद श्रद्धालुओं का जत्था तालाब की ओर चल पड़ा। जहां बनारस से आये पंडित जगदम्बा प्रसाद शर्मा, पंडित हरिनारायण दूबे, पंडित हरिभजन मिश्रा, पंडित सामंत तिवारी, पंडित रोहित तिवारी, पंडित आवेश त्रिवेदी एवं पंडित पंकज पांडेय की अगुवाई में यजमान डॉ करुणा शंकर, डॉ विजय शंकर, राजीव भगत, श्याम सुंदर संघई सहित अन्य ने श्रद्धा व मनोयोग से मां गंगा की आरती की। काशी के पंडितों के सुमधुर वेदमंत्रों से माहौल भक्तिमय बना रहा। काशी गंगा आरती के ठीक बाद दीपोत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसे गायत्री परिवार के ट्रस्टी डॉक्टर पप्पू जयसवाल ने अपने सहगियों के साथ दिप यज्ञ करवाया। घाट के चारों ओर की सीढ़ियों पर रखे 11 हजार दीपों के एक साथ जलते ही पूरा परिसर जगमग हो गया। इस दौरान महिलाएं गीत व भजनों के से मां गंगा की आराधना करती रही और आध्यात्मिक माहौल को दूना करती रहीं। हर कोई इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देना चाह रहा था और इस आध्यात्मिक पल का गवाह बनना चाह रहा था। पूरा ठाकुरबाड़ी परिसर भी अलग रंगों में रंगा था। आयोजन को ले सभी दुकानें बंद करा दी गयी थी। श्रद्धालुओं के पादुका (चप्पल) को सुरक्षित रखने के लिए काउंटर बनाये गए थे, जहां स्वयंसेवक टोकन देकर उनके पादुका को रख रहे थे। इसी तरह प्रसाद के भी अलग काउंटर बने थे। जहां क्रमवार रूप से लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। पूरे कार्यक्रम की निगरानी गणेश सेवा मंडल के सदस्यों के अलावे सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से की जा रही थी।काशी गंगा आरती में आये श्रद्धालुओं की सेवा में महिला व पुरूष मंडली पूरी तरह तत्पर बनी रही।

# टीम इंडिया की हार के बाद घटिया हरकतों पर उतरे पाकिस्तानी

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने टीम इंडिया को क्या हरा दिया, भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा से रिश्ते खराब करनेवाले 'लोग' सोशल मीडिया पर एक्टिव होकर प्रोपेगेंडा और फेक न्यूज चलाकर माहौल खराब करने में जुट गये हैं। कई पाकिस्तानी ट्वीटर अकाउंट से प्रोपेगेंडा और फेक न्यूज चलाकर खेल के रास्ते 'दुश्मनी' पैदा करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे कुछ ट्वीट फॉरेन अफेयर्स जैसे मुद्दों पर लिखने वाले अंशुल सक्सेना ने अपने ट्वीटर अकाउंट से शेयर किए हैं। अंशुल ने एक ट्वीट में कुछ फेक पाकिस्तानी अकाउंट का स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए लिखा कि पाकिस्तान के अकाउंट्स प्रोपेगेंडा और फेक न्यूज चला रहे हैं कि भारतीय मीडिया चैनल (चैनल का जिक्र किया है) अर्शदीप सिंह को खालिस्तानी कह रहा है। वे एक नरेटिव बना रहे हैं कि भारत के लोग सिखों से नफरत करते हैं। बता दें कि एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को पांच विकेट से हराया। टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 182 रनों का टारगेट दिया था। उसे पाकिस्तान ने आखिरी ओवर में पूरा कर लिया था। पाकिस्तान को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 26 रन चाहिए थे। 19वें ओवर भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार ने बॉल फेंकीं। लेकिन उन्होंने 19 रन दे दिये। इससे पहले 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर आसिफ अली ने शॉट मारा, लेकिन अर्शदीप से कैच छूट गया था। इसके बाद से अर्शदीप को विलेन बताने की कोशिश की जा रही है।

**इससे पहले मोहम्मद शमी को गालियां दी गयी थीं :** खेल की आड़ में पाकिस्तान और भारत के रिश्तों को हमेशा खराब बनाकर अपनी रोटियां सेकंने वाले कथित लोग अक्सर ऐसी घटिया हरकतें करते रहे हैं। 10 महीने पहले भी टी-20 वर्ल्ड कप मैच के समय पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स से ऐसी ही घटिया साजिश का पर्दाफाश हुआ था। तब भी भारत की हार के बाद मुहम्मद शमी को सोशल मीडिया पर निशाना बनाया गया था। उन्हें गालियां देकर टीम इंडिया की हार के लिए जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की गयी थी। ये फेक अकाउंट्स भारतीय यूजर्स के नाम से बनाये गये थे, लेकिन जब फैक्ट्स चेक किये गये तब पाकिस्तानी यूजर्स की पोल खुल गयी थी।

### सिखों को भड़काने की कोशिश




## कैच छोड़कर ट्रोलर्स के निशाने पर आये अर्शदीप
## भारतीय दिग्गजों ने किया गेंदबाज का समर्थन

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप में पाकिस्तान के हाथों मिली हार भारतीय प्रशंसक पचा नहीं पा रहे हैं। यही कारण है कि अर्शदीप सिंह कैच छोड़ने के बाद ट्रोलर्स के निशाने पर आ गये। एक तरफ पाकिस्तानी ट्रोलर्स ने खालिस्तान का नया शिगूफा छोड़ा तो वहीं भारतीय फैंस भी अर्शदीप से खासे नाराज दिखे और उन्हें जमकर ट्रोल किया। दरअसल, अर्शदीप सिंह ने उस वक्त कैच छोड़ा जब मैच का रोमांच चरम पर था। यही बात फैंस को नागवार गुजरी। पाकिस्तान की बल्लेबाजी के दौरान 18वें ओवर में रवि विश्नोई गेंदबाजी कर रहे थे। विश्नोई की गेंद पर आसिफ अली गच्चा खा गये और हवा में शॉट खेल दिया, लेकिन अर्शदीप सिंह ने यह आसान का कैच ड्राप कर दिया, जिस पर कप्तान रोहित शर्मा की भी चीख निकल गयी। आसिफ अली ने मौके का पूरा फायदा उठाया और 8 गेंदों पर 16 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर पाकिस्तान को जीत दिला दी। इसके बाद तो भारतीय फैंस के निशाने पर भारत का यह युवा तेज गेंदबाज आ गया। जिन्हें जमकर ट्रोल किया गया। चारों तरफ अर्शदीप सिंह की आलोचना शुरू हुई तो भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मोर्चा संभाला। विराट से जब यह सवाल किया गया तो उन्होंने साफ-साफ कहा कि गलती किसी से भी हो सकती है। वहीं, टर्बनेटर के नाम से मशहूर हरभजन सिंह ने भी अर्शदीप सिंह का समर्थन किया है। हरभजन ने ट्वीट किया कि युवा गेंदबाज की आलोचना नहीं करनी चाहिए। कोई भी कैच जानबूझकर नहीं छोड़ता है। उन्होंने ट्रोलर्स को आड़े हाथों लेते हुए लिखा कि उनको शर्म आनी चाहिए जो अर्शदीप को डाउन फील करा रहे हैं।

# हार के बावजूद टीम के प्रदर्शन से खुश हैं कप्तान रोहित शर्मा

**दुबई (एजेंसी)।** भारत को भले ही रविवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के मैच में शिकस्त का सामना करना पड़ा होगा, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने रिजवान (51 गेंद में 71 रन, छह चौके और दो छक्के) और करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलनेवाले नवाज (20 गेंद में 42 रन, छह चौके, दो छक्के) के बीच तीसरे विकेट की 73 रन की साझेदारी से एक गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की। रिजवान और नवाज के आउट होने के बाद आसिफ अली (16) और खुशदिल शाह (नाबाद 14) ने टीम की जीत सुनिश्चित की। रोहित ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि यह अच्छा स्कोर था। कोई भी पिच, किसी भी हालात में 180 रन (181 रन) एक अच्छा स्कोर है। लेकिन अगर आप बीच के ओवरों में विकेट नहीं लेते हैं तो चीजें मुश्किल हो जाती हैं। हमें आज बहुत कुछ सीखने को मिला। खिलाड़ियों ने हालांकि अच्छी चुनौती पेश की और हम अंत तक मैच में बने हुए थे। मैं टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। रोहित ने कहा कि यह काफी दबाव वाला मैच था और टीम ने अंत तक धैर्य बनाये रखा। उन्होंने कहा कि यह बेहद दबाव वाला मैच था। हम अंतिम ओवरों में काफी शांत थे यहां तक कि बीच के ओवरों में भी जब रिजवान और नवाज की साझेदारी चल रही थी तो हमने धैर्य बनाये रखा। यह साझेदारी बहुत लंबी चली और उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। कोहली ने 44 गेंद में 60 पर बनाकर फॉर्म में वापसी की और रोहित ने उनकी सराहना की। रोहित ने कहा कि विराट की फॉर्म शानदार है इसमें कोई शक नहीं है। हर बल्लेबाज खासकर विराट ने हमें यह स्कोर हासिल करने में मदद की, क्योंकि हमने बीच में कुछ महत्वपूर्ण विकेट गंवाए। रोहित ने हालांकि पाकिस्तान को श्रेय देते हुए कहा कि उन्होंने भारत से बेहतर प्रदर्शन किया।

### पाकिस्तान से मैच के बाद खुद किया खुलासा



### विराट कोहली ने स्लो बल्लेबाजी का बताया कारण

**दुबई (एजेंसी)।** विराट कोहली ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर मैच में तेज रफ्तार से रन बनाने की कोशिश की, लेकिन लगातार विकेट गिरने से उन्हें रणनीति बदलनी पड़ी। कोहली ने 44 गेंद में 60 रन बनाये। उन्होंने तेज शुरूआत की लेकिन बाद में रफ्तार धीमी करनी पड़ी। कोहली ने पांच विकेट से मिली हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैंने आज तेज गति से रन बनाने की कोशिश की। इसके बाद हमारे विकेट गिर गये और हमें रणनीति बदलनी पड़ी, क्योंकि मुझे आखिर तक टिककर बल्लेबाजी करनी थी। उन्होंने कहा कि अगर कुछ बल्लेबाज होते तो मैं उसी रफ्तार से बल्लेबाजी करता और कुछ और चौके-छक्के लगाता। लेकिन मैं उन हालात में फंस गया कि मुझे अंत तक टिके रहना था। उन्होंने कहा कि दीपक हुड्डा और मेरे बाद भुवनेश्वर कुमार और बाकी गेंदबाज ही थे। हमें हालात के अनुरूप खेलना होता है। हम अपेक्षित नतीजे तक पहुंच ही गये थे और बीच के ओवरों में रनरेट भी बेहतर हो गया था। उन्होंने कहा कि हमें इस पर मेहनत करनी होगी कि बीच के ओवरों में विकेट गिरने से रनगति पर असर नहीं पड़े। हमें 20-25 रन और बनाने चाहिये थे जिससे बड़े मैचों में काफी फर्क पड़ता है। कोहली ने शानदार आखिरी ओवर के लिए हारिस रऊफ की तारीफ की, लेकिन कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी से खुश हैं।

## अकरम, गंभीर और शास्त्री ने ऋषभ पंत के शॉट-चयन पर उठाया सवाल

**दुबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटरों वसीम अकरम, गौतम गंभीर और रवि शास्त्री ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2022 के सुपर-4 मैच में बाएं हाथ के बल्लेबाज ऋषभ पंत के शॉट चयन पर सवाल उठाया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें जल्दी आउट होना पड़ा। रोमांचक मुकाबले में एक गेंद रहते पाकिस्तान ने भारत को पांच विकेट से हराया। सोशल मीडिया पर ऑनलाइन आये वीडियो में जैसे ही पंत ड्रेसिंग रूम में लौटे रोहित उनसे उनके शॉट का कारण पूछते नजर आये जिसके कारण उन्हें आउट किया गया। पंत को भारतीय कप्तान को उस शॉट को खेलने के पीछे का कारण बताते हुए भी देखा गया। मैच समाप्त होने के बाद गंभीर ने पंत के आउट होने के तरीके पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ऋषभ पंत निराश होंगे क्योंकि यह उनका शॉट नहीं है, उनका शॉट शायद लॉन्ग-ऑन या डीप मिड-विकेट पर मारा जाता है, आप अंत में वहां पर हिट करते हैं और आउट हो जाते हैं, बिल्कुल आप इसे ले सकते हैं, क्योंकि यह आपकी ताकत है। आपकी ताकत रिवर्स-स्वीपिंग नहीं है। अकरम भी गंभीर के विचारों से सहमत थे। उन्होंने कहा, विशेष रूप से, गौती (गंभीर), खेल के उस चरण में उस शॉट को खेलने की कोई आवश्यकता नहीं थी। मुझे पता है कि वह टेस्ट क्रिकेट में वह शॉट खेलता है, मुझे पता है कि वह विश्व क्रिकेट में शीर्ष खिलाड़ियों में से एक है, लेकिन इस चरण में खेल के लिए उस शॉट की आवश्यकता नहीं थी। भारत के मुख्य कोच के रूप में रहे शास्त्री ने कहा कि कैसे पंत ने रोहित, राहुल और कोहली द्वारा खेले गए शॉट्स से नहीं सीखा। उन्होंने कहा, खासकर उसके बाद जो उसने देखा कि रोहित, राहुल और अन्य लोग क्या कर रहे थे। रन कहां आ रहे थे? यह जमीन के नीचे था और वी में। यह एक खूबसूरत पिच थी, ग्राउंड्समैन को सलाम, गेंद बल्ले पर फिसल रही थी। यही उसकी ताकत है, वह इसे स्मैक कर सकता है। ऋषभ पंत के लिए कोई सीमा बड़ी नहीं है अगर वह इसे जोड़ता है, लेकिन यह उसका क्षेत्र है।

### न्यूज गैलरी

## राजस्थान यूनाईटेड एफसी ने डूरंड कप क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**कोलकाता (एजेंसी)।** राजस्थान यूनाईटेड एफसी ने सोमवार को यहां भारतीय नौसेना की फुटबॉल टीम को 2-0 से हराकर डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। राजस्थान यूनाईटेड के लिए यूसेफ आतरिस और सर्जियो बारबोजा ने दूसरे हाफ में गोल दागे। इस जीत से राजस्थान यूनाईटेड की टीम ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। मुंबई एफसी की टीम ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।एटीके मोहन बागान के भी शीर्ष दो टीम के समान सात अंक रहे लेकिन राजस्थान की टीम के खिलाफ शिकस्त के कारण वह प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## जेमिमा रोड्रिग्ज आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिगेज को अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। महिला वर्ग में नामित खिलाड़ियों में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतनेवाले ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और ताहलिया मैकग्रा भी शामिल हैं। जेमिमा ने भारत को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभायी थी। वह पांच मैच में 146 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में पांचवें स्थान पर थी। उन्होंने बारबडोस के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले में भारत की ओर से 46 गेंद में सर्वाधिक नाबाद 56 रन बनाकर टीम को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी तरफ बेथ मूनी राष्ट्रमंडल खेलों की सबसे सफल बल्लेबाज रहीं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के अंतिम ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 49 गेंद में 70 रन बनाए और फिर सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 गेंद में 36 रन की पारी खेली। ताहलिया ने अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार शामिल महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पांच मैच में आठ विकेट के साथ टूनार्मेंट की संयुक्त रूप से दूसरी सबसे सफल गेंदबाज रहीं। पुरुष वर्ग में इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर को नामित किया गया।

## भारतीय खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा चोटिल, शार्दुल को मिली टीम में जगह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को बेंगलुरू में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चल रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत ए टीम में चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा की जगह शामिल किया गया। कृष्णा को पीठ की चोट के कारण श्रृंखला से हटना पड़ा जिससे इस 26 वर्षीय की जगह लेने के लिए ठाकुर को टीम में शामिल किया गया। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि शार्दुल ठाकुर को प्रसिद्ध कृष्णा की जगह लेने के लिए चुना गया जो न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले मैच की पूर्व संध्या पर चोटिल (पीठ की चोट) हो गए। कृष्णा इस चोट के कारण पहले चार दिवसीय टेस्ट में हिस्सा नहीं ले सके जो ड्रा पर छूटा। ठाकुर को पहले दलीप ट्राफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम में चुना गया था, लेकिन अब भारत ए में चुने जाने के बाद सौराष्ट्र के चेतन सकारिया क्षेत्रीय टीम में उनकी जगह लेंगे। ठाकुर थाईलैंड में छुट्टियां मना रहे थे, अब वह जल्द से जल्द हुबली में भारत ए टीम से जुड़ेंगे। भारत ए और न्यूजीलैंड ए की टीम हुबली में आठ सितंबर से दूसरे और बेंगलुरू में 15 सितंबर से तीसरे मैच में एक दूसरे से भिड़ेंगी।

# अरविंद चितंबरम ने जीता दुबई इंटरनेशनल शतरंज का खिताब




**दुबई (एजेंसी)।** 22वें दुबई ओपन इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दो राउंड भारी उलटफेर वाले रहे और टूर्नामेंट में पूरे समय आगे चल रहे भारत के अर्जुन एरिगासी, आर प्रग्गानंधा और रूस के अलेक्जेंडर प्रेडके को पीछे छोड़ते हुए भारत के दो बार के राष्ट्रीय चैम्पियन अरविंद चितांबरम नें खिताब जीत लिया। अरविंद दुबई ओपन का खिताब जीतनेवाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बन गए है उनसे पहले भारत के अभिजीत गुप्ता यह कारनामा कर चुके हैं। अरविंद ने सबसे पहले आठवें भारत के नंबर-2 शतरंज खिलाड़ी युवा अर्जुन एरिगासी को काले मोहरो से किंग्स इंडियन ओपनिंग में पराजित किया और फिर अंतिम राउंड में आर प्रज्ञानंधा से ड्रॉ खेलते हुए 7.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल कर लिया। सात अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर रूस के टॉप सीड अलेक्जेंडर प्रेडके दूसरे तो प्रज्ञानंधा तीसरे स्थान पर रहे, सात ही अंको पर टाईब्रेक के आधार पर अभिजीत गुप्ता, सम्मेद शेटे और एसपी सेथुरमन क्रमशः चौथे से छठे स्थान पर रहे जबकि अंतिम राउंड में ड्रॉ खेलने की वजह से 6.5 अंक ही बना सके। अर्जुन एरिगासी टाईब्रेक के आधार पर सातवें स्थान पर रहें। 6.5 अंक बनाकर सर्बिया के इंडिक अलेक्जेंडर, ईरान के कियान सैयद और भारत के हर्षा भारतकोठी क्रमशः आठवें से दसवें स्थान पर रहे। महिला खिलाड़ियों में दिव्या देशमुख 5.5 अंक बनाकर सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी रही जबकि भारत के आयुष शर्मा अपना पहला ग्रांड मास्टर नार्म हासिल करने में सफल रहे।

## बार्सीलोना ने सेविला को हराया मैड्रिड भी जीता

**बार्सीलोना (एजेंसी)।** बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में सेविला को 3-0 से हराया जिसमें रॉबर्ट लेवांडोवस्की, राफिन्हा और जुलेस काउंडे ने गोल दागे। लेवांडोवस्की बायर्न म्युनिख से बासीलीना आने के बाद चार मैचों में पांच गोल कर चुके हैं जबकि पहले लीड्स के लिए खेलने वाले राफिन्हा का यह बासीलीना के लिए पहला गोल था। बासीलीना अब अंकतालिका में रीयाल मैड्रिड से दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मैड्रिड ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। मैड्रिड के लिये विनिशियस जूनियर और रौद्रिगो ने गोल दागे। वहीं एक अन्य मैच में रीयाल सोशिदाद ने एटलेटिको मैड्रिड से 1-1 से ड्रॉ खेला।

## यूएस ओपन : गॉफ, जब्योर ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमरीका की युवा सनसनी कोको गॉफ ने चीन की झांग शुआई की कड़ी चुनौती को पार करते हुए पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। गॉफ ने तीसरे दौर के मुकाबले में 33 वर्षीय झांग पर सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से जीत दर्ज की। 18 वर्षीय गौफ 2009 के बाद से यहां क्वार्टरफाइनल तक पहुंचनेवाली सबसे कम उम्र की अमरीकी महिला है। इस साल की शुरुआत में रोलां गैरो में अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाने वाली गॉफ सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए फ्रांस की 17वीं सीड कैरोलिन गार्सिया का सामना करेंगी। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया के अजला टॉमलानोविक और ऑन्स जब्योर ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने-अपने प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीते। डब्ल्यूटीए दिग्गज सेरेना विलियम्स को तीसरे दौर में हराने वाली टॉमलानोविक ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (8), 6-1 से हराकर लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।






# टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद सिर्फ धोनी ने मुझे मैसेज किया : विराट



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने उस समय को याद किया जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के बाद जनवरी 2022 में टेस्ट कप्तानी छोड़ी थी और कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी ही एकमात्र व्यक्ति थे जिन्होंने उनके फैसले के बाद उन्हें मैसेज किया था। कोहली ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप मैच के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, जब मैंने टेस्ट कप्तानी छोड़ी, तो मुझे केवल एक व्यक्ति ने मैसेज किया, जिसके साथ मैं पहले खेल चुका हूं, और वह हैं एमएस धोनी। उन्होंने कहा, कई लोगों के पास मेरा नंबर है, और कई लोग हैं जो टीवी पर सुझाव देते रहते हैं लेकिन मुझे उनमें से किसी का मैसेज नहीं मिला। इसलिए जब किसी व्यक्ति के साथ संबंध काफी वास्तविक होता है, तो वह ऐसे में सामने आता है, क्योंकि दोनों तरफ सुरक्षा की भावना है। कोहली ने कहा, न तो मुझे उनसे कुछ चाहिए, न ही वह मुझसे कुछ चाहते हैं। और न ही मैं कभी उनसे असुरक्षित था और न ही वह मुझसे किसी बात को लेकर असुरक्षित थे। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई वास्तव में उनकी मदद करने में दिलचस्पी रखता है, तो वे उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क करते। कोहली ने कहा, अगर उनकी आलोचना वास्तविक होती, तो वे मुझे व्यक्तिगत रूप से संदेश भेज सकते थे। जिस तरह से मैं अपना जीवन ईमानदारी के साथ जीता हूं, मैं उस व्यक्ति के साथ आमने-सामने बात करता था जिसकी मैं मदद करना चाहता था। इससे पहले रविवार को कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। कोहली ने अपना 32वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक (44 रन पर 60 रन) बनाया। उन्होंने पिछले साल इसी स्थान पर आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप मैच में भी पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक बनाया था।

## न्यूज गैलरी

### फार्मा सेक्टर से जुड़ी कंपनी भी आईपीओ की रेस में




नई दिल्ली। आईपीओ के जरिए कमाई करने वाले निवेशकों के लिए अभी और मौके आने वाले हैं। इसी कड़ी में फार्मा इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी- ब्लूजेट हेल्थकेयर लिमिटेड आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में लिस्टेड होने की तैयारी में है। कंपनी ने बाजार नियामक सेबी को ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक कोटक महिंद्रा कैपिटल , आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और जेपी मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। वहीं, लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ऑफर का रजिस्ट्रार है। जानकारी के मुताबिक आईपीओ में ऑफर फॉर सेल के तहत 21,683,178 इक्विटी शेयर की बिक्री की जाएगी। इसमें अक्षय बंसारीलाल अरोड़ा द्वारा 18,366,311, शिवेन अक्षय अरोड़ा द्वारा 3,316,867 तक शेयरों की बिक्री शामिल है। आपको बता दें कि ब्लू जेट 30 जून, 2022 तक एक ऋण-मुक्त कंपनी है। बीते तीन साल में कंपनी ने 35 देशों में 350 से अधिक ग्राहकों को आर्डर पूरा किया है। इसके ग्राहकों में कोलगेट पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड, यूनिलीवर, प्रिनोवा यूएस एलएलसी शामिल हैं।

### सवोर्टेक पावर सिस्टम्स को उत्तर प्रदेश में मिला 4.1 मेगावॉट क्षमता की सौर परियोजनाओं का ठेका

नई दिल्ली। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास से जुड़ी सवोर्टेक पावर सिस्टम्स को उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीएनईडीए) से छतों पर 4.1 मेगावॉट क्षमता की सौर बिजली परियोजनाएं लगाने के लिए ठेका मिला है। यूपीएनईडीए राज्य में सौर ऊर्जा योजनाओं के क्रियान्वयन की नोडल एजेंसी है। सवोर्टेक पावर सिस्टम्स ने सोमवार को बयान में कहा, ह्यह्यउसे यपीएनईडीए से छतों पर लगाई जाने वाली सौर बिजली संयंत्र परियोजना का ठेका मिला है। ग्रिड से जुड़ी 4.1 मेगावॉट क्षमता की ये परियोजनाएं पूरे राज्य में लगाई जाएंगी।" परियोजना का कुल अनुबंध मूल्य 23.50 करोड़ रुपए है और परियोजना के आवंटन की तिथि से इसे चार महीनों के भीतर पूरा किया जाएगा। परियोजनाएं उत्तर प्रदेश सरकार के समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्य के विभिन्न स्थानों पर माध्यमिक विद्यालयों में लगाई जाएंगी।


### व्यापारी अपने कारोबारी मॉडल को डिजिटल करें : ईरानी

नयी दिल्ली। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि व्यापारियों को अपने कारोबारी मॉडल को आधुनिक तथा डिजिटल बनाने की जरूरत है। ईरानी ने कहा कि लगातार बदलते व्यापार परिदृश्य को देखते हुए देश के व्यापारियों को अपने व्यापार मॉडल को बदलने, उसको डिजिटल करने और आधुनिक बनाने की जरूरत है। व्यापारियों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बयान में कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में कैट भारत ज्ञान मिशन की शुरूआत करते हुए यह बात कही। यह पहल देश भर के व्यापारियों को अपने कारोबर में नई और आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने में मदद करेगी। कैट इस कार्यक्रम के तहत देशभर में ऑफलाइन और ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन करेगा। कैट के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि पिछले कुछ साल के दौरान विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां तथा बड़े कॉरपोरेट खुदरा कारोबार पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह मिशन व्यापारियों को डिजिटल की जरूरत और लाभ के बारे में जागरूक करने को शुरू किया गया है।

### यूएस जॉब डेटा से शेयर बाजार में दिखा उत्साह

नई दिल्ली। यूएस जॉब डेटा की वजह से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 442.65 अंक यानी 0.75 फीसदी चढ़कर 59,245.98 अंक के स्तर पर क्लोज हुआ. इसी तरह एनईएस निफ्टी 126.35 अंक यानी 0.72 फीसदी की तेजी के साथ 17,665.80 अंक के स्तर पर क्लोज हुआ। सोमवार को डिश टीवी के शेयरों में 20 फीसदी के उछाल के साथ अपर सर्किट लगा।

# एफएमसीजी के कई ब्रांड पर है रिलायंस के मुखिया की नजर



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की शॉपिंग अभी खत्म नहीं हुई है। वह एफएमसीजी कारोबार के कई ब्रांड को खरीदने की कोशिश में जुटे हुए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड इस समय गार्डन नमकीन और लाहौरी जीरा जैसे ब्रांड खरीदने की कोशिश में जुटी हुई है। केविनकेयर का ब्रांड गार्डन नमकीन और बिंदु बेवरेजेस जैसे ब्रांड को खरीदकर मुकेश अंबानी अपने एफएमसीजी पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पिछले हफ्ते ही खबरें आई थी कि रिलायंस इंडस्ट्रीज दिल्ली के मशहूर कोल्ड ड्रिंक ब्रांड कैंपा कोला को खरीदने की कोशिश कर रही है। प्योर ड्रिंक्स ग्रुप का यह डील 22 करोड़ रुपए का हो सकता है। इस मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज इन तीनों कंपनियों के ब्रांड खरीदने की बातचीत में जुटी हुई है। एफएमसीजी स्पेस में रिलायंस इंडस्ट्रीज अधिक से अधिक एफएमसीजी ब्रांड को अपने पाले में लाना चाहती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज मौजूदा तीनों ब्रांड को खरीदने के लिए इस समय मोलभाव करने में जुटी हुई है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार बिंदु मिनरल वाटर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ब्रांड है। एसजी कॉरपोरेट्स कंपनी बिंदु वेवरेजेज के पीछे है। फ्लैगशिप ब्रांड बिंदु ने जीरा मसाला ड्रिंक साल 2002 में लांच किया था। लाहौरी जीरा के अलावा लाहौरी ड्रिंक्स के कई अन्य फ्लेवर भी है जिसमें नींबू, कच्चा आम और शिकंजी आदि शामिल है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है कि वह आम भारतीय ट्रेंड्स को अलग फ्लेवर में लांच करना चाहती है। इस मामले से जुड़े एक व्यक्ति के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज कई अलग-अलग तरह की स्ट्रेटजी पर काम कर एफएमसीजी कारोबार बढ़ाना चाहती है। कुछ मामलों में ब्रांड बड़े ग्रुप के पास है जबकि कुछ मामलों में प्रमोटर कंपनी में अपनी कुछ हिस्सेदारी रखना चाहते हैं। रिलायंस, बिंदु बेवरेजेस और लाहौरी ने इस मामले में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। एक्सपर्ट का कहना है कि भारत में अगले कुछ सालों में कंजूमर स्पेस में काफी कंसोलिडेशन देखने को मिल सकता है।


> एफएमसीजी स्पेस में रिलायंस इंडस्ट्रीज अधिक से अधिक एफएमसीजी ब्रांड को अपने पाले में लाना चाहती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज मौजूदा तीनों ब्रांड को खरीदने के लिए इस समय मोलभाव करने में जुटी हुई है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार बिंदु मिनरल वाटर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ब्रांड है।

## महामारी से उबरने के बाद भी दुनिया के सामने कई चुनौतियां: निर्मला सीतारमण



मुंबई (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महामारी से उबरने के बाद भी दुनिया कई नई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने अश्वमेध-एलारा इंडिया डायलॉग 2022' के मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने संबोधन में कहा, भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए बहुत सी चीजों को फिर से आकार देना होगा। इस लक्ष्य को पाने के लिए डिजिटलीकरण, शिक्षा और बुनियादी ढांचा सबसे बड़े साधन हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स अचानक नहीं, बल्कि उद्योग के साथ नियमित परामर्श के साथ वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को अचानक लगाया गया कर कहना ठीक नहीं है, क्योंकि इसका निर्धारण उद्योग के साथ परामर्श के साथ किया जाता है। वित्त मंत्री ने एलारा कैपिटल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कहा, उद्योग को पूरी तरह भरोसे में लेने के बाद ही इस विचार को लागू किया गया। सीतारमण ने कहा, जब हमने इस बारे में सुझाव दिया, तो हमने उद्योग जगत से कहा था कि हर 15 दिनों में कर की दर की समीक्षा की जाएगी और हम ऐसा कर रहे हैं।" वैश्विक सूचकांक में बांड को शामिल करने पर उन्होंने कहा कि महामारी के बाद से कई चीजें बदल गई हैं। कोषों की आवक के मामले में खासतौर से ऐसा है। सीतारमण ने कहा कि फंड की आवक उम्मीद के मुताबिक नहीं रही है। निश्चित रूप से इसकी बड़ी वजह महामारी है।

## ई-स्पोर्ट्स के शौकीनों के लिए बेहतरीन गेमिंग लैपटॉप- नया एसुस आरओजी स्ट्रिक्स स्कार 17 स्पेशल एडिशन



नई दिल्ली (एजेंसी)। एसुस इंडिया, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) ने आज भारत में बहुचर्चित स्पेशल एडिशन (एसई) के लॉन्च के साथ अपने आरओजी स्ट्रीक्स स्कार 17 पीसी में अपग्रेड की घोषणा की। विगत कुछ वर्षों में, स्ट्रिक्स स्कार एक विशेष गेमिंग अनुभव का पर्याय बन गया है। साथ ही स्पेशल एडिशन में किए गए अपग्रेड्स, इसकी परफॉर्मेंस और कूलिंग मैकेनिज्म दोनों को और भी अधिक पुख्ता करते हैं। यह नए टॉप-ऑफ-द-लाइन इंटेल 12वें जनरेशन कोर 19 एचएक्स श्रृंखला के प्रोसेसर से लैस है। 65 डबल्यू तक के टीडीपी लेवल्स, बेहतरीन 16 कोर, 24 थ्रेड्स और 5 जीएचजेड तक की बूस्ट क्लॉक्स जैसे तमाम फीचर्स, आपके द्वारा इसे दी गई किसी भी चुनौती को स्वीकार करने में सक्षम हैं। लैपटॉप को गेमिंग के प्रति उत्साही और ई-स्पोर्ट्स प्लेयर्स को बेजोड़ परफॉर्मेंस और गेमप्ले प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग शालीनता से कर सकें। आरओजी स्ट्रिक्स स्कार 17 एसई आपके इमर्सिव गेमप्ले अनुभव को एक स्तर आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रोडक्ट की कीमत 3,59,990 रूपए से शुरू होती है। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से उपलब्ध होगा। लेटेस्ट आरओजी स्ट्रिक्स स्कार 17 स्पेशल एडिशन आपके ई-स्पोर्ट्स अनुभव में गेम-चेंजिंग एन्हांसमेंट लाता है। यह एक एल्यूमीनियम लिड से सुसज्जित है, जिसमें एक नई कायापलट कोवर्ट डिजाइन है। इसके अतिरिक्त, स्पेशल एडिशन में अब भी सभी स्ट्रिक्स स्कार 2022 स्टेपल्स, हाई-रिजॉल्यूशन क्यूएचडी 240Hz 3ms पैनल के साथ मौजूद हैं। स्कार 2022 के प्रसिद्ध लाभों को चेसिस, कीबोर्ड और ट्रैकपैड बनाए रखते हैं। सीपीयू और जीपीयू दोनों पर लिक्विड मेटल के उपयोग के साथ, स्कार एसई ने एक नए वेपर चैम्बर की पेशकश की है, जो हीट डिसिपेशन को बेहतर बनाने के लिए हीट पाइप का प्रतिस्थापन है।

## बेंगलुरु में बारिश से आईटी कंपनियों को 225 करोड़ रुपए का नुकसान

नई दिल्ल। देश के कई इलाकों में मानसून की बारिश देखने को मिल रही है, जिससे लोगों को राहत के साथ परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में भारी बारिश व जलभराव के कारण आईटी कंपनियों को 225 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसको लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने आईटी कंपनियों को भरोषा दिलाते हुए अनुमानित नुकसान पर चर्चा करने का आश्वासन दिया है, जिसमें वह कंपनियों को राहत के रूप में मुआवजे को लेकर भी चर्चा करेंगे। न्यूज एजेंसी के अनुसार सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा कि हम आईटी कंपनियों को बुलाएंगे और उनके साथ जलभराव के कारण होने वाली समस्याओं से संबंधित बात करेंगे। हम मुआवजे और बारिश के कारण हुए अन्य नुकसान पर भी चर्चा करेंगे।

## लघु,मझोले उद्यमों के लिए नई योजना तैयार प्राकृतिक आपदाओं में मदद का प्रस्ताव



नयी दिल्ली (एजेंसी)। मोदी सरकार सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को नई तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने और बाढ़ और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय संकट से उबारने की सहायता प्रदान करने के लिए एक नई योजना शुरू करेगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा तैयार की जा रही इस नई योजना में हरित और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी के लिए समर्थन का प्रस्ताव है। मत्रालय ने प्रस्तावित योजना के बारे में उद्योग जगत से सुझाव आमंत्रित किए हैं। सुझाव आमंत्रित करते हुए मंत्रालय ने कहा,योजना एमएसई उद्यमियों को अत्याधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान कर सकती है, लेकिन इसमें सब्सिडी का तत्व नहीं हो सकता है। हरित / पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी स्थापित करने और बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं को दूर करने के लिए एमएसएमई का समर्थन करने की आवश्यकता है। प्रस्तावित नयी योजना के कुछ प्रावधान पूर्ववर्ती क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी (सीएलसीएस) योजना के अनुरूप रखने का प्रस्ताव है जिसे पहली अप्रैल, 2020 को बंद कर दिया गया था। पिछली योजना में सूक्ष्म, खादी, गांव और कयर क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों सहित एमएसई को विशिष्ट उप-क्षेत्रों/उत्पादों में अच्छी तरह से स्थापित और बेहतर प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के लिए लिए ऋणों पर 15 प्रतिशत की अग्रिम पूंजी सब्सिडी प्रदान की जाती थी। प्रस्तावित नई योजना पर एमएसएमई मंत्रालय को उद्योग जगत से कुछ सुझाव मिले हैं उनमें देश के किसी हिस्से में प्राकृतिक आपदा आने की स्थिति में तत्काल कोविड सहायता जैसे पैकेज देने का सुझाव भी शामिल है।

## 51 हजार के करीब आया सोना चांदी 53 हजार के पार निकली

नई दिल्ली। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज सोमवार को सोने-चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार 5 सितंबर को सरार्फा बाजार में सोना 200 रुपए महंगा होकर 50,784 पर पहुंच गया है। वायदा बाजार की बात करें तो टउ पर दोपहर 12 बजे सोना 117 रुपए की बढ़त के साथ 50,485 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। चांदी भी 610 रुपए महंगी होकर 53,082 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। हालांकि, टउ पर दोपहर 12 बजे ये 292 रुपए की तेजी के साथ 53,314 रुपए पर ट्रेड कर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,711.92 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर और चांदी 19.34 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। भारत समेत दुनियाभर के विश्लेषकों का अनुमान है कि इस साल के आखिर तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2,000 डॉलर और घरेलू बाजार में 60,000 रुपए तक पहुंच सकता है। जानकारों के अनुसार देश में जरूर महंगाई कम हो रही है, लेकिन वैश्विक पैमाने पर कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं। इससे सोने को सपोर्ट मिल रहा है, क्योंकि इसे महंगाई से बचाव का साधन (हेजिंग) माना जाता है। यानी महंगाई बढ़ने पर सोने में निवेश बढ़ जाता है। कई दूसरी परिस्थितियां भी सोने के अनुकूल हैं।

## बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स ने अपने पुराने रिकॉर्ड को किया ध्वस्त




नई दिल्ली (एजेंसी)। बाबा रामदेव की कंपनी ने पिछले एक साल के दौरान शानदार रिटर्न निवेशकों को दिया है। पतंजलि फूड्स के शेयरों की कीमतों में आज भी तेज उछाल देखने को मिली है। कंपनी के शेयर ठरए में 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 1318.95 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। बता दें, पतंजलि फूड्स के शेयरों ने पिछले दो साल के दौरान 105 प्रतिशत से अधिक की उछाल देखने को मिली है। एक्सपर्ट भी बाबा रामदेव की इस कंपनी के प्रदर्शन को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। एक्सपर्ट के अनुसार कंपनी आगे भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। यही वजह है कि इस स्टॉक पर नजर रखने वाले एक्सट्र्स ने इसे बाय टैग दिया है। पिछले 5 दिनों के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 18 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। एनएसई में 1114 रुपये से छलांग लगाते हुए 5 कारोबारी सत्रों में कंपनी के शेयर का भाव 1318.95 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह पतंजलि फूड्स ने अरुणाचल प्रदेश के 9 जिलों 38,000 हेक्टेयर जमीन पर पॉम ऑयल का प्लांटेशन के लिए नींव रख दी है। कंपनी भारत के 11 राज्यों के 55 जिलों में पॉम ऑयल प्लांटेशन कर रही है। अरुणाचल प्रदेश के अलावा गुजरात, छत्तीसगढ़, असम, मिजोरम, त्रिपुरा जैसे राज्य इस लिस्ट में शामिल है। पतंजलि फूड्स देश की सबसे बड़ी कंपनी है जो पॉम ऑयल का प्लांटेशन करती है।

## 885 रुपये के लेवल तक जाएगा एयरटेल के शेयर का भाव, एक्सपर्ट ने कहा खरीदो




नई दिल्ली (एजेंसी)। 5जी के लिए बोलियों का दौर समाप्त होने के बाद अब सभी की निगाह इस बात पर टिकी हुई है कि कौन सबसे पहले यह सुविधा अपने ग्राहकों को देगा। भारत में एयरटेल और जियो के बीच सीधी टक्कर होने की उम्मीद की जा रही है। एयरटेल के ग्राहकों को 5जी की सुविधा मिलने में अभी भले ही समय हो लेकिन स्टॉक मार्केट के निवेशकों के अच्छी खबर आई है। सिंग टेल्स ने अपनी 1.7 प्रतिशत हिस्सेदारी को भारती टेलीकॉम को बेच दिया है। इस खरीदारी के बात मित्त परिवार के पास कुल हिस्सेदारी बढ़कर 25.5 प्रतिशत हो गई है। ब्रोकरेज फर्म जेफरिज के अनुसार यह एक अच्छा संकेत है। ब्रोकरेज फर्म जेफरिज ने एयरटेल का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 885 रुपये किया है। साथ ब्रोकेरेज की तरफ से इस स्टॉक को बाय टैग भी दिया गया है। जेफरिज लिखते हैं,टैरिफ बढ़ाने के बाद एक मजूबत प्रदर्शन की उम्मीद है, जिसकी वजह से बाय रेटिंग दी गई है। इस लेवल से स्टॉक के नीचे आने की उम्मीद कम ही है। पिछले एक महीने के दौरान कंपनी के शेयर का भाव 703 रुपये के लेवल से बढ़कर 737 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी 4.91 प्रतिशत की उछाल इस दौरान देखने को मिली है। वहीं, बीते 6 महीने की बात करें तो कंपनी के शेयरों में 9.30 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। इस साल का अबतक का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। साल 2022 में एयरटेल के शेयरों में 6.78 प्रतिशत की उछाल आई है।

## पेज एक के शेष

### सीएम ने शक्ति...

रखने का काम किया जा रहा है, उनके पास अपने कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए पैसा नहीं है। लेकिन व्यापारियों का कर्ज माफ करने के लिए उनके पास पैसा है।

**मनुवादी सोच को बढ़ावा मिला, देश को बांटने की कोशिश :** हेमंत सोरेन ने कहा कि वे बीजेपी नेताओं को करारा जवाब देने के लिए तैयार हैं। देश के विभिन्न राज्यों में लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया के माध्यम से इन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। केंद्र की इस सरकार ने आजादी के पहले की मनुवादी सोच को बढ़ावा देने का काम किया है। ये धर्म के नाम पर देश के भाग-भाग में बांटने का प्रयास कर रहे हैं।

**विधायकों को डराने-धमकाने व खरीद-फरोख्त की कोशिश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 25 अगस्त को ही अपना मंतव्य सौंपा जा चुका हैं, लेकिन इस राज्य में चुनाव आयोग और राज्यपाल द्वारा इस तरह की पस्थितियां पैदा कर दी गयी है। चुनाव आयोग कहता है कि राज्यपाल को मंतव्य भेज दिया गया है, राज्यपाल चुपचाप बैठ जाते हैं। जब यूपीए शिष्टमंडल मुलाकात करता है, तो राज्यपाल कहते हैं कि विचार कर रहे हैं, इसके बाद वे पिछले दरवाजे से राजभवन से निकल कर दिल्ली में जाकर बैठ आते हैं। अब विधायकों को डराने-धमकाने और खरीद-फरोख्त की कोशिश की जा रही है। यही कारण है कि विश्वास मत प्रस्ताव लाना पड़ा। आज सरकारी कर्मचारियों, सहायक पुलिसकर्मियों, पाराकर्मियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका और पारा कर्मियों के चेहरे पर मुस्कान है।

**आंदोलनकारी का पुत्र हूं, बीजेपी के अहंकार व घमंड से डरनेवाले नहीं :** हेमंत सोरेन ने कहा कि वे आंदोलनकारी शिबू सोरेन के पुत्र हैं, ऐसे प्रयास से डरनेवाले या घबराने वाले नहीं हैं। आज बीजेपी के नेता केंद्र सरकार के अहंकार और घमंड में चूर हैं, वे सोच रहे हैं कि जो चाहेंगे कर लेंगे, लेकिन वे ऐसा नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी विधायक समरी लाल दूसरे राज्य से फर्जी जाति प्रमाण पत्र लाकर विधायक बन जाते हैं, लेकिन उनकी सदस्यता के मसले पर कोई फैसला नहीं लिया जा रहा है।

**बाबूलाल गिरगिट से भी तेजी से रंग बदलते हैं :** बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी पर कटाक्ष करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव के बाद वे खुद कहते थे कि बीजेपी ने उनके विधायकों को खरीद लिया है, लेकिन अब जिस तरह से गिरगिट से भी तेजी से बाबूलाल ने रंग बदलने का काम किया है, ऐसे चरित्रवाले नेताओं के कारण ही आदिवासियों और मूलवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। वे दोनों हाथ में लड्डू रखना चाहते है। उन्हें यह बताना चाहिए कि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति क्यों नहीं बनी, सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंखन क्यों हुआ, ओबीसी आरक्षण किसके कार्यकाल में घटाया गया है।

**1932 के खतियान पर जल्द आगे बढ़ेंगे, सुखाड़ से निपटेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति तैयार करने के लिए बहुत जल्दी आगे बढ़ने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को सुखाड़ की भी चिंता है, कई जिलों में अल्पवृष्टि के कारण स्थिति अच्छी नहीं है, समीक्षा के बाद इन क्षत्रों के लिए बेहतर योजना बनायी जायेगी।

### ग्राम प्रधान समेत...

अंजाम दिया और हत्या के दूसरे दिन ग्रामसभा कर हत्या मामले में ग्रामीणों को चुप्पी बरतने का फरमान सुनाया था। पुलिस ने हत्या में शामिल 19 वर्षीय भतीजा सिंगराय हरीबीना, 22 वर्षीय चम्बरा चुटिया पूर्ति, 21 वर्षीय बिरसा हरीबीना, 22 वर्षीय विकराय हरीबीना और 19 वर्षीय जाबोर चुटिया पूर्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सक्रिय है।

### चुनार व चोपन...

किमी लंबी मालगाड़ी तैयार की गयी थी। चार खाली बॉक्सएन रैक को एक साथ जोड़कर चलाया गया। मालूम हो कि कोरोना काल में रेलवे द्वारा सामानों की आवाजाही के लिए मालगाड़ियों में बैगन बढ़ाये जाने का सिलसिला शुरू हुआ था। दो जुलाई 2020 को भारत की सबसे लंबी ट्रेन शेषनाग को महाराष्ट्र में चलाया गया। उस ट्रेन की लंबाई 2.8 किलोमीटर थी। इसके बाद जनवरी 2021 में 295 वैगन वाली वासुकि ट्रेन चलायी गयी जो अब तक की सर्वाधिक लंबी ट्रेन है। इसका संचालन छत्तीसगढ़ में हुआ।

### सड़क हादसों के...

मौत का आंकड़ा है। गृह मंत्रालय के तहत काम करनेवाले एनसीआरबी की रिपोर्ट से पता चला है कि पिछले साल दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों की संख्या अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी, जबकि सड़क दुर्घटनाओं और घायल लोगों की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में कमी आयी है।

## ईडी ने रेजरपे, पेटीएम और कैशफ्री के ठिकानों पर की छापेमारी, फर्जी चीनी एप्स से 17 करोड़ जप्त

> ईडी ने एक बयान में कहा कि चीन के व्यक्तियों के नियंत्रण या परिचालन वाली कंपनियों, कैशफ्री पेमेंट्स और अन्य कंपनियों में तलाशी की कार्रवाई की गई।




दिल्ली (एजेंसी)। देश में गैरकानूनी रूप से संचालित इंस्टेंट लोन देने वाली फर्जी चीनी एप्स के विरुद्ध देश भर में जारी कार्यवाही के तहत प्रवर्तन निदेशालय ने जानकारी दी है कि उसकी टीम ने ऑनलाइन पेमेंट गेटवे जैसे रेजरपे, पेटीएम और कैशफ्री के ठिकानों पर छापे मारे हैं। ईडी ने बताया कि ये छापे चीनी नागरिकों के द्वारा नियंत्रित इंस्टेंट लोन के खिलाफ जारी जांच के संबंध में मारे गए हैं। ये लोन स्मार्टफोन आधारित एप के जरिए बांटे जाते थे और गैरकानूनी तरीके से काम कर रहे थे। ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की संभावनाओं को लेकर भी जांच कर रही है। ईडी के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ये छापे बेंगलुरू में 6 अलग-अलग जगहों पर मारे गए हैं। ईडी के अनुसार तलाशी अभियान जारी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि चीन के व्यक्तियों के नियंत्रण या परिचालन वाली कंपनियों, रेजरपे प्राइवेट लिमिटेड, कैशफ्री पेमेंट्स, पेटीएम पेमेंट सर्विस लिमिटेड और अन्य कंपनियों में तलाशी की कार्रवाई की गई। ईडी ने कहा कि छापेमारी में चीन के व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित इन कंपनियों के मर्चेंट आईडी और बैंक खातों में जमा 17 करोड़ रुपये जप्त किए गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया कि ये कंपनियां भारतीय नागरिकों के फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके उन्हें फर्जी तरीके से निदेशक बनाती हैं, जबकि इन कंपनियों का नियंत्रण एवं परिचालन चीन के लोग करते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### कर्नाटक हिजाब विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक हिजाब विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ड्रेस कोड लागू करने का मतलब है कि आप लड़कियों को कॉलेज जाने से रोक रहे हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस गुप्ता ने कहा कि पब्लिक प्लेसेज पर ड्रेस कोड लागू होता ही है। पिछले दिनों ही एक महिला वकील सुप्रीम कोर्ट में जींस पहनकर आ गयीं, उन्हें तुरंत मना किया गया। उसी तरह गोल्फ कोर्स का भी अपना ड्रेस कोड है।

### कनाडा में चाकूबाजी की घटना, 10 की मौत

**ओटावा (एजेंसी)।** पश्चिमी कनाडा में चाकूबाजी की कई घटनाएं सामने आयी हैं। सस्काचुवान शहर में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है और 15 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने दो संदिग्धों- डेमियन सैंडरसन और माइल्स सैंडरसन की तस्वीरें जारी की हैं। दोनों काले रंग की एक कार में घूमते हुए वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस की असिस्टेंट कमिश्नर रोंडा ब्लैकमोर ने कहा कि पहली घटना की जानकारी स्थानीय समयानुसार सुबह 5.40 बजे मिली। सस्काचुवान में ही कम से कम 13 जगहों पर पीड़ित मिले हैं। ब्लैकमोर ने कहा कि यह हाल के वर्षों की बड़ी घटना है। रविवार को हिंसा के चलते 'सिविल इमरजेंसी' लागू कर दी गयी है। ब्लैकमोर ने दोनों संदिग्धों के लिए संदेश में कहा कि अगर डेमियन और माइल्स सुन रहे हैं या यह सूचना पाते हैं तो मैं कहूंगा कि फौरन खुद को पुलिस के हवाले कर दें। वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक ट्वीट में चाकूबाजी की इन घटनाओं को 'भयावह' और 'दिल तोड़ने वाली' बताया। उन्होंने मृतकों और घायलों के परिजनों के प्रति संवेदना जतायी। ट्रूडो ने लिखा कि 'हम हालात पर करीब से नजर बनाए हुए हैं और सभी से स्थानीय अथॉरिटीज की अपडेट्स फॉलो करने की अपील करते हैं।

### पाकिस्तान में बाढ़ से 24 और लोगों की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ में कम से कम 24 और लोगों की मौत हो गयी तथा 115 अन्य घायल हो गये हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने यह जानकारी दी है। एनडीएमए की रविवार रात जारी रिपोर्ट के अनुसार देश का दक्षिणी सिंध प्रांत बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है और यहां इस दौरान 19 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में तीन लोगों की मौत, पूर्वी पंजाब प्रांत में एक की मौत और 107 घायल होने की सूचना है।

# चार दिनों के भारत दौरे पर पहुंचीं शेख हसीना

## कई मुद्दों पर पीएम मोदी से होगी चर्चा, राष्ट्रपति से करेंगी मुलाकात

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचीं। बांग्लादेश एयरलाइंस के वीवीआईपी चार्टेड फ्लाइट से आयीं शेख हसीना का दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। 2021 में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के 50वें वर्ष पूरे होने के बाद शेख हसीना की यह पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में बांग्लादेश की यात्रा की थी। वह बांग्लादेश की स्वतंत्रता के 50 वर्ष पूरे होने और शेख मुजीबुर्रहमान की 100वीं जयंती के अवसर पर बांग्लादेश गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ही भारत की यात्रा पर पहुंची हैं। अपनी यात्रा के दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करेंगी। शेख हसीना के साथ कई मंत्रियों, सलाहकारों, सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल आया है। वह बुधवार को



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की बैठक को संबोधित करेंगी। इस दौरे में शेख हसीना मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी और भारतीय कारोबारी प्रतिनिधिमंडलों और राजनीतिक नेताओं से मुलाकात करेंगी। वह अपनी यात्रा के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह और ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर नमाज अदा करेंगी।

### इन पर चर्चा होने की उम्मीद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के साथ वह व्यापार, ऊर्जा, नदियों के जल बंटवारे और रोहिंग्या समेत कई मुद्दों पर बात करेंगी। भारत की यात्रा के दौरान बांग्लादेश और भारत के बीच जल प्रबंधन, रेलवे और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समेत कई क्षेत्रों में सात समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच साझा नदियों के जल बंटवारे, बिजली और ऊर्जा सहयोग, सीमा प्रबंधन और रक्षा, रेलवे और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग पर केंद्रित कई समझौतों और एमओयू पर साइन होने की संभावना है। मंत्री ने बताया कि दोनों पक्षों के ईंधन (तेल) पर भी बातचीत होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि समझौता ज्ञापन में जल प्रबंधन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रेलवे, कानून, सूचना और प्रसारण जैसे क्षेत्रों के शामिल होने की उम्मीद है।

## काबुल में रूसी दूतावास के बाहर धमाका दो राजनयिकों समेत 20 लोगों की मौत



**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को रूसी दूतावास के गेट पर धमाका हुआ। बताया जाता है कि जिस वक्त यह धमाका हुआ वहां पर लोग वीजा के लिए लाइन लगाकर खड़े हुए थे। जानकारी के मुताबिक इस धमाके में दूतावास में तैनात दो राजनयिकों समेत 20 लोगों की मौत हुई है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के मुताबिक यहां पर कई लोग वीजा के लिए लाइन लगाकर खड़े थे। एक रूसी राजनयिक आवेदकों का नाम पुकारने के लिए बाहर निकला। ठीक उसी वक्त यह धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक धमाका करनेवाला एक आत्मघाती हमलावर था। हमले के बाद वह अंदर की तरफ जा रहा था, उसी वक्त हथियारबंद गार्ड्स ने उसे मार गिराया। फिलहाल किसी संगठन ने इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि तालिबान के सत्ता में आने के बाद से अफगानिस्तान में हुआ यह पहला धमाका है। पिछले साल अमेरिका और नाटो की सेनाओं के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद से इस्लामिक स्टेट ग्रुप से जुड़े स्थानीय हमलावरों ने तालिबान के ऊपर हमले बंद कर दिये थे।

### भारत तैयार कर रहा छोटे घातक ड्रोन

## पलक झपकते ही आतंकी शिविरों को कर देंगे नष्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश में छोटे आकार के ऐसे घातक ड्रोन तैयार किये जा रहे हैं जो जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों और उनके शिविरों को कुछ ही मिनटों में ध्वस्त कर देंगे। उद्योग जगत की मदद से सेना ने छोटे आर्म्ड ड्रोन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में ऐसे 475 ड्रोन बनाये और खरीदे जायेंगे। ये मल्टी रोटर ड्रोन होंगे जो पांच किलो वजन के एक से अधिक घातक पे लोड ले जाने में सक्षम होंगे। सेना के सूत्रों ने कहा कि स्वार्म ड्रोन को सेना में शामिल करने के बाद अब सारा ध्यान आर्म्ड ड्रोन तैयार करने पर है। सेना की तरफ से इसके लिए मेक-2 प्रोजेक्ट के तहत उद्योग जगत से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं जिनमें कहा गया है कि वे 50 फीसदी देशी कंटेंट के साथ मल्टी रोटर ड्रोन तैयार करें। ये ड्रोन तीन किलोमीटर की ऊंचाई तक लगातार तीन घंटे उड़ान भर सकेंगे तथा 50 किलोमीटर तक दूर जाकर हमला करने में सक्षम होंगे। इसका मतलब हुआ कि पीओके का करीब-करीब सारा क्षेत्र इनकी जद में आ जायेगा। मल्टी रोटर ड्रोन में एक से अधिक पे लोड ले जाने की जगह और क्षमता होती है। इसलिए इन ड्रोन में पांच-पांच किलो के कई गाइडेड विस्फोटक या हथियार ले जाए जा सकेंगे जैसे



### ड्रोन को लेकर भारत की व्यापक रणनीति

**भारत** ने एक ओर स्वार्म ड्रोन को सेना में शामिल कर लिया है, वहीं नौसेना, कोस्ट गार्ड में निगरानी के लिए हेलिकॉप्टर की जगह अब ड्रोन का इस्तेमाल शुरू किया जा रहा है। निगरानी के लिए स्वार्म ड्रोन समेत कई प्रकार के ड्रोन देश में ही निर्मित हो रहे हैं और इस मामले में काफी हद तक भारतीय सेनाएं आत्मनिर्भर हो गयी हैं। रक्षा मंत्रालय अमेरिका से प्रीडेटार ड्रोन खरीदने के भी प्रयास कर रहा है। यह वही ड्रोन है जिनके जरिये अमेरिका अपने दुश्मनों को चुन-चुन कर मार रहा है। हाल में आतंकी अल जवाहिरी को इस ड्रोन हमले में मारा गया था। इस ड्रोन में विस्फोटक नहीं बल्कि एक छोटी मिसाइल लगी होती है। इससे वह सीधे लक्ष्य पर ही हमला करता है तथा नागरिकों या संपत्ति को नुकसान नहीं होता है। सूत्रों के अनुसार, ऐसे 30 ड्रोन खरीदने के लिए अमेरिका से बातचीत चल रही है। थल, जल और नभ सेना को ऐसे 10-10 ड्रोन दिये जायेंगे।

मोर्टार या गाइडेड बम आदि। नियंत्रण कक्ष से ही लक्ष्य निर्धारित करके ड्रोन से अचूक हमला करना भी संभव होगा।

**डीआरडीओ भी बना रहा आर्म्ड ड्रोन :** डीआरडीओ के दो यूएवी रुस्तम और घटक महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंच चुके हैं। इन्हें सर्विलांस के साथ-साथ आर्म्ड ड्रोन के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। काफी हद तक डीआरडीओ को इसमें सफलता मिली है लेकिन अभी इनमें हथियारों को फिट करके लांच करने का परीक्षण होना बाकी है। बतौर यूएवी ये दोनों वाहन सफल हो चुके हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा एंटी ड्रोन तकनीक विकसित करने की दिशा में भी कार्य चल रहा है। इसके लिये इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम विकसित किया जा रहा है। साथ ही एक लो लेवल राडार के विकास पर भी कार्य आरंभ किया गया है जिसके जरिये दुश्मन के ड्रोन हमलों को रोका जा सकेगा।

# भारत को धोखा दे रहे तालिबानी, कश्मीर में बढ़ाया आतंकवाद

### पंजशीर के नेता ने प्रधानमंत्री मोदी से लगायी मदद की गुहार

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद भारत सरकार ने एक बार फिर से इस युद्धग्रस्त देश की गरीब जनता की मदद के लिए बड़े पैमाने पर सहायता देना शुरू किया है। भारत 50 हजार टन गेहूं पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान को भेज रहा है। इसके अलावा भारत ने एक बार फिर से काबुल में स्थित दूतावास को सक्रिय कर दिया है। इस बीच भारत के मित्र रहे नॉर्दर्न एलायंस के नेता अहमद शाह मसूद के बेटे और पंजशीर घाटी के हीरो अहमद मसूद ने मोदी सरकार को तालिबान को दी जा रही सहायता पर आगाह किया है। उन्होंने कहा कि तालिबानी आतंकी भारत की मानवीय मदद को अफगान जनता को देने की बजाय



अपने सैनिकों और उनके परिवारों का पेट भरने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। मसूद ने कहा कि कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं का संबंध भी तालिबान राज से है। एक इंटरव्यू में पंजशीर घाटी में नैशनल रजिस्टेंस फ्रंट ऑफ अफगानिस्तान के नेता अहमद मसूद ने कहा कि भारत की मदद जरूरतमंद लोगों को नहीं मिल पा रही है। यही नहीं उन्होंने अफगानिस्तान में तालिबान राज आने और कश्मीर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच संबंधों को रेखांकित किया। पंजशीर के चर्चित कमांडर रहे अहमद शाह मसूद के बेटे अहमद मसूद ने कहा कि मैं सत्ता नहीं चाहता हूं और मेरा संघर्ष अभी न्याय के अधिकार के लिए है।

### फिर से 'अंधेरे युग' में पहुंचा अफगानिस्तान

**संयुक्त** राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम के तहत भारत 50 हजार टन गेहूं अफगानिस्तान भेज रहा है लेकिन मसूद ने कहा, 'तालिबान ने भारत की मानवीय मदद का इस्तेमाल अपनी सेना और उनके परिवारों की मदद के लिए किया है, न कि वास्तव में जरूरतमंद लोगों के लिए।' उन्होंने कहा, 'तालिबानी न्यायपूर्ण तरीके से सहायता का वितरण नहीं कर रहे हैं और वे जातियों के आधार पर एक इलाके में ज्यादा तो दूसरे में कम सहायता दे रहे हैं।' ऐसा पहली बार हुआ है जब एक अफगान नेता ने तालिबान के खिलाफ इस तरह का आरोप लगाया है।

### चीन में भूकंप से सात लोगों की मौत

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के दक्षिण पश्चिमी सिचुआन प्रांत में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटकों के कारण कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गयी। भूकंप दोपहर एक बजे सिचुआन प्रांत में 10 किमी की गहराई में आया था। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि प्रभाव से दूरसंचार लाइनें टूट गयीं और पहाड़ी भूस्खलन शुरू हो गए जिससे गंभीर क्षति हुई।







### एस्ट्रो-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार का नया प्रोजेक्ट

# लद्दाख में बनेगी देश की पहली नाइट स्काई सैंक्चुअरी

**लद्दाख (एजेंसी)।** भारत की पहली नाइट स्काई सैंक्चुअरी लद्दाख के हनले गांव में बनायी जानेवाली है। यह चांगथांग वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी का हिस्सा होगी। इस प्रोजेक्ट का बीड़ा केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने उठाया है। यह देश में एस्ट्रो-टूरिज्म को बढ़ाने के लिए एक पहल है। साथ ही यह सैंक्चुअरी ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड और गामा-रे टेलिस्कोप के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे स्थानों में से एक होगी। नाइट स्काई सैंक्चुअरी एक ऐसा संरक्षित इलाका होता है, जहां सितारों से भरे आसमान में एस्ट्रोनॉमी (खगोल



विज्ञान) की फील्ड में रिसर्च करने का काफी स्कोप होता है। माना जाता है कि लद्दाख के हनले और मेराक में रात के समय आसमान बिल्कुल साफ होता है। यही वजह है कि एस्ट्रोनॉमी में दिलचस्पी रखनेवालों के लिए यह सबसे पसंदीदा जगहें बनकर उभरी हैं। हनले लद्दाख-तिब्बत रूट पर है। 17वीं सदी में यहां हनले मठ भी रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह का कहना है कि प्रोजेक्ट के लिए एमओयू साइन किया गया है। यह एग्रीमंट लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद लेह और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के बीच हुआ है। सभी स्टेकहोल्डर्स एक साथ लाइट पॉल्युशन और इल्युमिनेशन से रात में आकाश के संरक्षण की दिशा में काम करेंगे। इसकी वजह- ऐसी रोशनी से आसमान की नेचुरल कंडीशन और साइंटिफिक ऑब्जर्वेशन के लिए खतरा होता है।

### दूसरे प्रोजेक्ट्स की भी हो रही प्लानिंग

**लद्दाख** के उपराज्यपाल आरके माथुर ने डॉ. जितेंद्र सिंह से मिलकर लद्दाख चमड़ा केंद्र के अलावा काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च के सहयोग से चलनेवाली परियोजनाओं व शिक्षा मेला पर चर्चा भी की है। जितेंद्र सिंह ने उपराज्यपाल को बताया कि अगले साल से डीएसटी लद्दाख शिक्षा मेले के लिए एक बड़े कैंप की स्थापना करेगा। साथ ही चेन्नई स्थित केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों और अधिकारियों का एक हाई लेवल डेलिगेशन इस इलाके में ब्रांच खोलने की संभावना का पता लगाने के लिए साल के आखिर तक लद्दाख का दौरा करेगा।